www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 6 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक – 158 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु





बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास अत्यधिक महत्वपूर्णः मुर्मु — पृष्ठ 3

■ अभिव्यक्ति की आज़ादी पर लगता पूर्णग्रहण
■ न्यूज़क्लिक पर छापेमारी स्वतंत्र मीडिया को डराने-धमकाने की ... — पृष्ठ 4

■ कनाडा के साथ विवाद के कारण संबंध खराब होने के दावों को अमेरिका ने किया खारिज — पृष्ठ 9

सेमीफाइनल से पहले भी खत्म हो सकता है पाकिस्तान का सफरः हरभजन — पृष्ठ 10

# संजय सिंह को 10 तक ईडी की रिमांड में भेजा

## गिरफ्तारी के एक दिन बाद राउज एवेन्यू कोर्ट में हुई पेशी, पेशी के दौरान आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 10 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड में भेज दिया है। अब खत्म हो चुकी दिल्ली की आबकारी नीति या शराब घोटाला मामले में कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने संजय सिंह को गिरफ्तार किया था। दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तारी के एक दिन बाद आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह को गुरुवार को अदालत में पेश किया गया। प्रवर्तन निदेशालय ने सिंह को 2021-22 दिल्ली आबकारी नीति मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में बुधवार को गिरफ्तार किया था।

**आप कार्यकर्ताओं का देशभर में प्रदर्शन**

आप कार्यकर्ताओं ने संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ राजधानी समेत पूरे देश में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित आप कार्यालय में जुटे। बैनर थामे प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए सिंह की रिहाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले आप नेताओं में



आतिशी, गोपाल राय, जरनैल सिंह शामिल रहे। दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने विरोध प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया, भाजपा ने देशव्यापी सर्वेक्षण कराया है। उसे पता है कि हार निश्चित है। इसलिए वह ईडी की ओर से गिरफ्तारी कराकर चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि प्रवर्तन निदेशालय ने संजय सिंह को इसलिए गिरफ्तार किया है क्योंकि उन्होंने संसद में अडानी समूह से संबंधित मुद्दे उठाए थे।

**पार्टी ने अघोषित आपातकाल बताया**

पार्टी ने संजय सिंह की गिरफ्तारी को अघोषित आपातकाल करार दिया। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि ईडी की ओर से संजय सिंह की गिरफ्तारी भी इस अघोषित आपातकाल में विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास है। विपक्ष के नेताओं को डरा-धमकाकर, उन्हें जेल में डाला जा रहा है। बीजेपी ईडी-सीबीआई के दम पर 2024 का चुनाव लड़ रही है।

### सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई टली



दिल्ली शराब घोटाले में आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी से कई सवाल किए। लंबी दलीलों के बाद कोर्ट मामले की सुनवाई टाल दी। अब इस पर 12 अक्तूबर को सुनवाई होगी। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मनीष सिसोदिया की ओर से पक्ष रखा। सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि आरोप बेबुनियाद हैं और इनसे साबित नहीं होता कि याचिकाकर्ता का इस धांधली से कोई संबंध है। आरोपी विजय नायर याचिकाकर्ता का सहयोगी नहीं है।

भाजपा का केजरीवाल पर निशाना

### अनुराग ठाकुर बोले सरगना भी जाएगा जेल

दिल्ली शराब घोटाला कांड में आम आदमी पार्टी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। पार्टी सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद अब भाजपा ने अरविंद केजरीवाल पर हमला तेज कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्टीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहाकि सरगना अभी बाहर है। उसका नम्बर भी आएगा। जिन लोगों को केजरीवाल ने ईमानदारी का सर्टिफिकेट दिया था,वो सभी एक साल से जेल में हैं। उन्होंने कहा कि लोग अब केजरीवाल की कथित ईमानदारी पर हंस रहे हैं। खुलेआम घोटाले करना और पकड़े जाने पर राजनीति करना उनकी फितरत हो गई है। लेकिन अब उनके चेहरे का तनाव साफ देखा जा सकता है।

# कांग्रेस सरकार ने पांच सालों में छग को किया बेहाल : अनुराग ठाकुर

## प्रधानमंत्री आवास के मामले में भूपेश सरकार है दोषी

**रायपुर**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को बेहाल कर दिया। शराबबंदी बोलकर घर-घर शराब बांट रहे हैं। गंगा जल की कसम खाकर भूपेश बघेल शराब घोटाले करते हैं।यह बात केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भू-पे एप के लॉन्चिंग समारोह में कही।

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश से अलग कर छत्तीसगढ़ को राज्य का रूप देने का काम अटल बिहारी बाजपेयी ने किया था। मध्यप्रदेश भाजपा की सरकार बनने के पहले बीमारू राज्य था। उस वक्त छतीसगढ़ में कितनी चुनौतियां थीं। छत्तीसगढ़ में जब भाजपा की सरकार बनी तो नए आयाम बने।लेकिन पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को बेहाल कर दिया। छत्तीसगढ़ में 40 हजार बच्चों की मौत हो गई, हज़ारों कर्मियों को सड़कों पर आना पड़ा।मंडी टैक्स दुगुना किया,



जो वादे किए, पूरा नहीं किया।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि माफियाओं के राज में छत्तीसगढ़ अब माफी चाहता है।चुनाव के समय प्रदेश के युवा व महिलाएं ब्याज समेत वसूली करेंगे।उन्होंने भाजपा के एप को सोशल मीडिया पर शेयर करने की बात कहते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मुखिया हैं भू-पे। उस समय दिल्ली में मैंने मनीष को कहा था, अब कह रहा हूं भूपेश। दिल्ली में मनीष, छत्तीसगढ़ में भूपेश।

**18 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला**

मल्लिकार्जुन खरगे के केंद्र सरकार सहयोग नहीं करने के आरोप को अनुराग सिंह ठाकुर ने चुनौती देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल ने गरीबों का हक खाया है।खरगे को खुली चुनौती देता हूँ, अगर दम है तो किसी मंच पर सामने आ जाएं।18 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला तो वो है मोदी की सरकार ने, 13 करोड़ घरों को नल देने का काम किया।

**पीएम आवास के लिए जारी हुआ केंद्रांश**– राज्य सरकार के आरोप पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गरीब का आवास छीनने का काम भू पे ने किया है। केंद्र सरकार हर चीज का पैसा देता।16 लाख आवास स्वीकृत किया। 4 रिमाइंडर किया, केंद्रांश जारी हो गया है आज तक 1 भी स्वीकृति नहीं किया. प्रधानमंत्री आवास के मामले में कांग्रेस सरकार दोषी है।

**सार संक्षेप**

### चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 19 तक बढ़ी

**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने गुरुवार को कथित कौशल विकास निगम घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 19 अक्टूबर तक बढ़ा दी। नायडू की हिरासत समाप्त होने के साथ, उन्हें राजमुंदरी सेंट्रल जेल से न्यायाधीश के सामने वर्चुअली पेश किया गया। न्यायाधीश ने हिरासत की अवधि दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी। अदालत ने नायडू की जमानत याचिका के साथ-साथ उनकी हिरासत के लिए सीआईडी याचिका पर सुनवाई भी शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।

### नांदेड़ अस्पताल में हुई मौतों पर राहुल ने सरकार को घेरा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल में कई लोगों की मौत पर गुरुवार को भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब मां की इन दिल दहला देने वाली चीखों को सुनें। और पूछा कि आप हमेशा अपने अपराध की सजा गरीबों को ही क्यों देते हो।

एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री जी, नांदेड़ की इस गरीब मां की दिल दहला देने वाली चीखें सुनिए। आप हमेशा अपने अपराधों की सजा गरीबों को ही क्यों देते हैं? उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में अपने बच्चे की मौत के बाद चिल्लाती हुई एक बच्चे की मां का वीडियो भी संलग्न किया।

### सीबीआई ने सीबीएफसी कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अज्ञात कर्मचारियों और तीन अन्य व्यक्तियों के खिलाफ 7 लाख रुपए की रिश्वत लेने का मामला दर्ज किया है। तीन आरोपियों की पहचान मर्लिन मेनागा, जीजा रामदास, राजन एम के रूप में की गई है और अन्य के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। एक शिकायत के आधार पर, सीबीआई ने आरोप लगाया है कि पिछले महीने, एक आरोपी ने हिंदी में डब की गई फिल्म के लिए सीबीएफसी से आवश्यक सेंसर प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए 7 लाख रुपए की रिश्वत लेने के लिए अन्य लोगों के साथ साजिश रची थी।

# केंद्र सरकार धान खरीदी है तो भुगतान आगे कब करेंगे वह भी बताएं : भूपेश

**रायपुर**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)।।धान खरीदी को लेकर भूपेश बघेल ने भाजपा के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि अभी सबसे बड़ा झूठा आया था, वे बोले धान खरीदी करते हैं। धान खरीदी करते हैं तो बताए कब उन्होंने बटन दबाया ? जैसे हम लोग हर 3 महीने में बटन दबाते हैं और सीधे पैसा किसानों के खाते में जाता है।अगर ये धान खरीदी करते हैं तो किसके खाते में पैसा जाता है ? धान का पेमेंट तुरंत होता है क्या? ये लोग कितने का बजट रखे हैं? ये भी बता दें कि भुगतान कब किए, आगे कब भुगतान करेंगे वह भी बता दें।

दिल्ली में ईडी की कार्रवाई पर



मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने

कहा कि पहले पत्रकारों पर कार्रवाई हुई, जो दु:खद है, ये तानाशाही रवैया है। पत्रकार अपनी कलम से लिखते हैं, जो निष्पक्ष खबरे लिख रहे हैं या आलोचना कर रहे हैं, उन्हें जेल में ठूंसा जा रहा है। यह सीधे लोकतंत्र पर हमला है। एनडीए की सरकार जब से बनी है, तब से विपक्षी नेताओं को दबाने की कोशिश की जा रही। उन्होंने कहा कि सोनिया और राहुल गांधी के बाद छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में दमन किया जा रहा, ताकि विपक्ष ना बचे।जबकि प्रजातंत्र में विपक्ष का होना जरूरी है।ये विपक्ष को जेल में ठूंसने और खत्म करने की कोशिश ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# भ्रष्ट तंत्र तहस-नहस हो गया है : मोदी



**जबलपुर**, 5 अक्टूबर (एजेंसी)। मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जबलपुर पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, 2014 में मोदी के आने से पहले क्या हाल था, कांग्रेस के समय में कितने भ्रष्टाचार सामने आते थे। गरीबों का पैसा खाया जाता था। हमने करीब 11 करोड़ फर्जी नामों को वोटर लिस्ट से हटाया। ये वे नाम थे, जिनका कभी जन्म ही नहीं हुआ। उन्होंने कहा, हमने जन धन, आधार और मोबाइल की ऐसी त्रि-शक्ति बनाई कि कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र तहस-नहस हो गया।

# दिल्ली में 9 को होगी कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक

**नई दिल्ली**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की अगुवाई में नवगठित कांग्रेस कार्यसमिति की दूसरी बैठक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में होगी। इसमें इस साल के आखिर में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की तणनीति तय करने ,जातीय जनगणना और कुछ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, आगामी सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय में होने जा रही कार्यसमिति की बैठक में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनाव की तैयारियों, जाति जनगणना, जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग और देश के मौजूदा राजनीतिक व आर्थिक हालात को लेकर चर्चा की जा सकती है। उल्लेखनीय हैकि कार्यसमिति कांग्रेस पार्टी की सबसे नीति निर्धारक इकाई है। इसकी बैठक पांच राज्यो के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले हो रही है। इसलिए यह ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। माना जा रहा है कि इसमें चुनाव की रणनीति के साथ ही चुनावी मुद्दों पर चर्चा होगी। कांग्रेस के सामने जहां छत्तीसगढ और राजस्थान में अपनी सत्ता बचाने की चुनौती है,वहीं मध्यप्रदेश में वह भाजपा से सत्ता छीनने की जद्दोजहद कर रही है। वहीं तेलंगाना और मिजोरम में क्षेत्रीय पार्टियो ंका फिलहाल वर्चस्व है।दाव पर लगी है। बतादें कि इससे पहले कांग्रेस कार्य समिति की बैठक पिछले माह 16-17 सितम्बर को हैदराबाद में हुई थी।

**पांच राज्यों के चुनाव व जाति जनगणना पर होगी चर्चा**

# राजा जा रहा है, अब रोजगार के लिए होगी वोटिंग : प्रियंका

**धार**, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और मध्य प्रदेश प्रदेश दोनों ही सरकार पर जमकर हमले बोले और कहा कि अब तो यहां की जनता भी कहने लगी है कि इस बार राजा जा रहा है और उनका वोट रोजगार के लिए जाएगा। प्रियंका गांधी ने धार जिले के राजगढ़ में आयोजित जन आक्रोश सभा में भाजपा सरकार पर हमला किया और कहा कि बीते 18 साल में इस प्रदेश में भाजपा के शासनकाल में ढाई सौ से ज्यादा घोटाले हुए हैं, मगर इन घोटाले बाजों के यहां कोई भी जांच एजेंसी नहीं भेजी गई जबकि इन जांच



एजेंसियों को सबके घर भेज दिया जाता है। किसी ने उनके खिलाफ बोला और वहां ईडी पहुंच जाती है। फिल्म के अभिनेताओं के घर भी ईडी पहुंच जाती है, मगर यहां के अधिकारियों और नेताओं के यहां ईडी नहीं पहुंची। प्रियंका गांधी ने धार दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि मैं जब यहां आ रही थी तो नौजवानों से मैंने पूछा क्या लगता है इस बार के चुनाव में क्या होने वाला है। वह कहने लगे राजा जा रहा है और उनका वोट रोजगार देने वालों के लिए होगा।

प्रियंका गांधी ने राज्य में हुए घोटालों का जिक्र करते हुए कहा पोषण आहार, मिड डे मील, सर्व शिक्षा अभियान, स्कॉलरशिप, भर्ती परीक्षा, कारम डेम में भी घोटाला हुआ है। यहां व्यापम घोटाले में तो 50 से अधिक लोगों की मौत तक हुई है। सवाल है कि क्या इन्होंने इसकी जांच कराई? प्रियंका गांधी ने यहां पहुंचने पर सबसे पहले मोहनखेड़ा तीर्थ के गुरु मंदिर में जाकर ट्रस्टियों से मुलाकात की और पूजा भी की।

### प्रियंका आज कांकेर में, पंचायती राज महासम्मेलन में होंगी शामिल

**रायपुर।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी एक बार फिर 6 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ आ रही हैं। वे कांकेर के गोविंदपुर स्थित मैदान में नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन में शामिल होंगी। उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व तमाम कांग्रेस के दिग्गज शामिल होंगे। कार्यक्रम में 866 करोड़ रुपए के 518 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। विधानसभा चुनाव से पूर्व उत्तर बस्तर के इलाके में प्रियंका गांधी की सभा बेहद अहम मानी जा रही है। कार्यक्रम की भव्यता देख लग रहा है कि इस कार्यक्रम में लाखों लोग शामिल होंगे। नक्सल प्रभावित इलाका होने के कारण सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

मणिपुर में फिर हिंसा भड़की

# इंफाल में दो घरों में लगाई आग, हुई गोलीबारी

**इंफाल**, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। मणिपुर में फिर से हिंसा शुरू हो गई है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि राज्य के इंफाल वेस्ट जिले में दो घरों में आग लगा दी गई। इसके अलावा इस दौरान कई राउंड गोलीबारी की गई। पुलिस ने कहा कि मामला बुधवार रात करीब 10 बजे पटसोई पुलिस थाना क्षेत्र के न्यू कीथेलमनबी का है। हमले के बाद आरोपी मौके से तुरंत भाग गया. पुलिस ने आगे कहा कि हमने फायर सर्विस के साथ मिलकर तुरंत आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने जानकारी दी कि पूरे मामले के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन अब नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद इलाके में इकट्ठा हुई मैतेई समुदाय की महिलाओं को सुरक्षा बलों ने आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके अलावा एरिया में स्थिति संभालने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है। मणिपुर में मई से हिंसा जारी है। हिंसा की घटनाओं में अब तक 180 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।

एनडीए को फिर लगा झटका

# पवन कल्याण ने भी साथ छोड़ा

**मछलीपट्टनम**, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। अभिनेता राजनेता पवन कल्याण ने कहा है कि उनकी जन सेना पार्टी (जेएसपी) 2024 विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी (टीडीपी) तेलुगु देशम के साथ हाथ मिलाने के लिए बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए से बाहर आ गई है। कृष्णा जिले के पेडाना में अपनी वाराही यात्रा के हिस्से के रूप में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह कठिन समय में टीडीपी का समर्थन करने के लिए एनडीए से बाहर आए हैं। उन्होंने कथित कौशल विकास घोटाले में टीडीपी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा, मुश्किलों के बावजूद हम एनडीए में शामिल हुए थे। अब हम सामने आए हैं और टीडीपी को 100 प्रतिशत समर्थन दिया है क्योंकि यह कठिन समय से गुजर रही है। पवन कल्याण, जिन्होंने पिछले महीने



राजमुंदरी जेल में नायडू से मुलाकात की थी, ने कहा कि आंध्र प्रदेश को लड़ने के लिए टीडीपी के चार दशकों के अनुभव और जन सेना की युवा ताकत की जरूरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि टीडीपी-जेएसपी गठबंधन 2024 में सत्ता में आएगा।

यह पहली बार है कि पवन कल्याण ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की कि जन सेना एनडीए से बाहर आ गई है। वह 18 जुलाई को दिल्ली में हुई एनडीए की बैठक में शामिल हुए थे। बैठक के बाद उन्होंने कहा था कि जन सेना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का समर्थन करेगी।

चुनाव तैयारियों का आकलन करने तेलंगाना पहुंचा आयोग

# चुनावों में धनबल के इस्तेमाल पर आयोग की नजर

**हैदराबाद**, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने गुरुवार को कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीईसी के नेतृत्व में 17 सदस्यीय टीम वर्तमान में तेलंगाना में चुनाव तैयारियों का आकलन करने पहुंचा है। इस दौरान सीईसी राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों, राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों व प्रवर्तन एजेंसियों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ बैठकें कीं।

कुमार ने तेलंगाना में टीम की गतिविधियों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन एजेंसियों को चुनाव के दौरान धन बल के इस्तेमाल के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का मजबूत संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, धनबल और मुफ्त में सामानों का वितरण करने वाले हमारे विशेष रडार पर होंगे। यदि वे (प्रवर्तन एजेंसियां) कार्रवाई नहीं करती हैं तो हम उनसे कार्रवाई करवाएंगे। समय आने पर हम आकलन करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वे इन सब पर कार्रवाई करें।

**ऑनलाइन हस्तांतरण पर नजर रखने को कहा**–उन्होंने कहा कि बैंकों से इस संबंध में ऑनलाइन नकद हस्तांतरण पर नजर रखने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के साथ बातचीत के दौरान, उन्होंने चुनाव आयोग से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि तेलंगाना में चुनाव प्रलोभन मुक्त हों।

**पुरस्कार** — फॉसे ने 40 नाटकों के साथ-साथ कुछ उपन्यास, लघु कथाएं भी लिखी

# साहित्य का नोबेल पुरस्कार नार्वे के जॉन फॉसे को मिला

■ नोबेल साहित्य समिति के अध्यक्ष एंडर्स ओल्सन ने की घोषणा

**स्टॉकहोम, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। नार्वे के साहित्यकार जॉन फॉसे को वर्ष 2023 के नोबेल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की गुरुवार को घोषणा की गई। फॉसे को यह पुरस्कार उनके नाटकों, उपन्यासों और बच्चों के लिए लिखी गईं उनकी किताबों के लिए दिया जा रहा है।**

यह पुरस्कार देने वाली नोबेल साहित्य समिति के अध्यक्ष एंडर्स ओल्सन ने कहा कि श्री फॉसे को नार्वे की पृष्ठभूमि वाली उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक रचनाओं के लिए नोबेल साहित्य सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। श्री फॉसे (64) ने इस पुरस्कार की घोषणा पर अपने प्रकाशक सैमलागेट के माध्यम से जारी अपनी प्रतिक्रिया में कहा, मैं अभिभूत हूं, मैं इसे विशुद्ध- साहित्य



साधना के लिए एक पुरस्कार के रूप में देखता हूं, जिसका सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य बिना किसी अन्य विचार के साहित्य होता है। श्री फॉसे कविताएं भी लिखते हैं। उन्होंने लगभग 40 नाटकों के साथ-साथ कुछ उपन्यास, लघु कथाएँ, बच्चों के लिए साहित्यिक पुस्तकें, कविताएं और अनेक निबंध भी लिखे हैं।

नोबेल सम्मान देने वाली स्वीडिश अकादमी ने कहा, यह सम्मान उनके (फॉसे के) अनूठे नाटकों और गद्य के लिए है जो आम लोगों की आवाज देते हैं। साहित्य नोबेल पुरस्कार विजेता को 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग 997,700 अमेरिकी डॉलर) दिये जाते हैं। दिसंबर में पुरस्कार समारोह में विजेताओं को 18 कैरेट का स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र से नवाजा जाता है।

इस पुरस्कार की धनराशि नोबेल पुरस्कार के संस्थापक और स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के तहत रखे गए धन से दी जाती है। आविष्कारक श्री नोबेल का वर्ष 1896 में उनका निधन हो गया था।

# महिला छात्रावास अधीक्षकों व बीईओ पेंड्रा के बीच आरोप-प्रत्यारोप विवाद गहराया

**गौरेला पेंड्रा मरवाही**, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के पेंड्रा विकासखंड में महिला छात्रावास अधीक्षकों एवं पेंड्रा बीईओ रविंद्र नाथ चंद्रा के बीच का विवाद गहराता दिखाई दे रहा है जहां एक और महिला छात्रावास अधीक्षकों ने राज्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ एवं महिला आयोग छत्तीसगढ़ को बीईओ के खिलाफ शिकायत की गई है कि उनके द्वारा महिला कर्मचारीयों को मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताणित किया जा रहा है वही बी ई ओ श्री चंद्रा ने यह मामला सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि शासन के आदेशानुसार ऐसे शिक्षक जो अपने मूल संस्था से अन्यत्र संलग्न है उन्हें उनकी मूल संस्था हेतु कार्य मुक्त करने के कारण अधीक्षक का पद से हटने के दर से उन्होंने मेरे ऊपर दबाव बनाने एवं प्रशासनिक छवि खराब करने संयंत्र रचा गया है।




**■ महिला छात्रावास अधीक्षकों ने कहा बीईओ पैसे की मांग करते हैं आर्थिक एवं मानसिक प्रताड़ना देते हैं**

**■ बीईओ ने कहा आरोप झूठे छवि धूमिल करने षड्यंत्र किया जा रहा वैधानिक कार्यवाही करूंगौं**

पूरे मामले में जो जानकारी प्राप्त हुई है उसके अनुसार गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के पेंड्रा विकासखंड में आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों की महिला छात्रावास अधीक्षकों ने पेंड्रा के प्रभारी बीईओ रविन्द्र नाथ चंद्रा के खिलाफ विभिन्न स्तरों पर शिकायत की गई थी कि उनके द्वारा हम सभी प्रभारी महिला अधीक्षको को मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताडित किया जा रहा है। प्रभारी महिला अधीक्षको को आफिस खुला है करके मोबाइल नंबर 7745989734 से बुलाया जाता है और विधायक को चुनावी चंदा देना है बोल के हम प्रभारी महिला अधीक्षको को 50000.00 (पचास हजार रूपए) की मांग किया जा रहा है तथा में कहते हैं कि मेरे अनुसार काम करोगे तो अधीक्षक के रूप में काम करते रहोगे। उक्त वाक्य का अर्थ हमको समक्ष में नहीं आती है। मासिक उपस्थिति पत्रक जमा करने पर वापिस किया जाता है। बार-बार आफिस रात 8 बजे बुलाकर धमकी दिया जाता है, और कहता है कि मैं यहां के स्थानीय निवासी हूँ मेरा क्या कर लोगे एवं राशि की मांग करते हुए प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

महिला छात्रावास अधीक्षकों के द्वारा की गई शिकायत सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पेंड्रा बीईओ रविंद्र नाथ चंद्रा ने अपने ऊपर लगे आप के जवाब में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया है ।

## मेरी छवि धूमिल करने षड्यंत्र-रविंद्रनाथ चंद्रा

बीई ओ रविंद्र नाथ चंद्रा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहां है कि 5 अक्टूबर को सोशल मिडिया के माध्यम से एक झूठी शिकायत के आधार पर भ्रामक खबर फैलाकर मेरी प्रशासनिक छवि को धूमिल किये जाने का प्रयास किया जा रहा है । मामला यह है कि विगत दिनों शासन के आदेशानुसार ऐसे शिक्षक जो अपने मूल संस्था से अन्यंत्र संस्था / कार्यालय में संलग्न है उन्हें मूल संस्था हेतु कार्यमुक्त किया जाये उक्त आदेश के परिपालन में सभी शिक्षक को उनके मूल संस्था हेतु कार्यमुक्त कर दिया गया उनमें से कुछ महिला अधीक्षिका जो अपने मूल शाला में उपस्थित नहीं हुई और विगत 8-10 वर्षो से कभी विद्यालय ही नहीं गई और न ही अध्यापन कार्य किया है छात्रावास से मूल शाला की दूरी 20-22 किमी है ये केवल अधीक्षिका का कार्य कर कमाई में लगे हुये है, अधीक्षिका पद से हटने के डर से इन्होने मेरे ऊपर दबाव बनाने के लिए झूठी शिकायत करने का षडयंत्र रचा गया जिसमें गौरेला विकास खण्ड के कुछ पुरुष अधीक्षक भी शिकायत में पीछे परदे से महिलाओं को आगे कर शिकायत की गई इनमें से कुछ और महिला अधीक्षिकाओं को शिकायत पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया जा रहा था उन्होने झूठी शिकायत पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया उक्त शिकायत मेरे संज्ञान में आने पर मैने स्वयं कलेक्टर से उक्त झूठी शिकायत कीजांच करने का निवेदन किया है। कलेक्टर द्वारा शिकायत की जांच की जा रही है।

शिकायतकर्ता महिलाओ द्वारा अपने आप को अधीक्षिका के पद पर बने रहने एवं शिक्षकीय कार्य के बिना वेतन लेने के लिए तरह-तरह के हथकण्डे अपनाये जा रहे है, मैने न कभी किसी को बुलाया और न ही कभी पैसे की मांग किया गया, मेरे विरूद्ध की गई शिकायत पूरी तरह से झूठा एवं बेबुनियाद है जिन-जिन लोगो ने मेरी प्रशासनिक छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है उनके ऊपर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# बिलासपुर में तीसरे व चौथे निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र का शुभारंभ

### महापौर रामशरण यादव, योग आयोग सदस्य रविन्द्र सिंह ठाकुर व नगर निगम सभापति शेख नजीरुद्दीन रहे उपस्थित

**बिलासपुर**,5 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा निःशुल्क नियमित योगाभ्यास कार्यक्रम के अंतर्गत प्लेस ऑफ सेफ्टी/विशेष गृह और बालिका गृह नूतन चौक बिलासपुर में निःशुल्क योग कक्षा का शुभारंभ रामशरण यादव महापौर मुख्य आतिथ्य तथा छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य रविन्द्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता और अति विशिष्ट अतिथि शेख नजीरुद्दीन सभापति नगर निगम बिलासपुर की उपस्थिति में किया गया।




योग आयोग के सदस्य रविन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में जन-जन को स्वस्थ एवं निरोगी जीवन अपनाने के उद्देश्य से योग आयोग द्वारा सार्वजनिक उद्यानों, स्थानों व सेंटरों में निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र प्रारंभ किया जा रहा है जिससे कि आमजन बेहतर स्वस्थ्य लाभ प्राप्त कर सके।प्लेस ऑफ सेफ्टी/विशेष गृह और बालिका गृह के निवास बालक/बालिकाओ को योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ सकरात्मक ऊर्जा का विकास करना जिससे समाज के विकास में अपना योग दान दे सके इसी उद्देश्य से नियमित योग केंद्र का शुभारंभ किया गया। योग आयोग के योग प्रशिक्षक त्रिलोक कुमार नागेश जो कि प्लेस ऑफ सेफ्टी/विशेष गृह और श्रीमती रश्मि पांडेय योग प्रशिक्षिका बालिका गृह में लगन के साथ नियमित योग करा रहे है, इसके लिए दोनों को बहोत बहोत बधाई देता हूँ।

महापौर रामशरण यादव ने योग आयोग का धन्यवाद देते हुए कहा कि जिनको योग की बहोत ज्यादा जरूरत है ऐसे प्लेस ऑफ सेफ्टी/विशेष गृह और बालिका गृह में आज शुभारंभ किया गया है। इस नियमित योग के माध्यम से भटके हुए बालक/बालिकाओ में अवश्य ही परिवर्तन होगा और आम जनमानस के रूप में स्वतंत्र विचारों के साथ समाज मे कंधे से कंधे मिलाकर चलेंगे।सभापति शेख नजीरुद्दीन ने कहा की योग आयोग अपने उद्देश्य को जनमानस तक पहोचाने की हर सम्भव प्रयास कर रही है। इसके लिए योग आयोग बधाई के पात्र है। इसी प्रकार जहाँ योग की जरूरत है वहाँ नियमित योग कक्षा संचालित किया जाना चाहिए।आज उद्घाटन के अवसर पर श्रीमती राजेश्वरी सूर्यवंशी जी प्लेस ऑफ सेफ्टी व विशेष गृह की जज, सीमा सिंह ठाकुर सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, रविकांत कुम्भकार प्रभारी अधिकारी, लता श्रीवास्तवा अधीक्षक प्लेस आफ सेफ्टी, अर्चना चौहान अधिक्षक बाल संप्रेषण, कामता श्रीवास, जे के कुर्रे, योग आयोग प्रशिक्षक त्रिलोक कुमार नागेश, श्रीमती रश्मि पांडेय सहित योग साधकगण उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

## केंद्र सरकार धान खरीदी है तो ...

कर रहे हैं। जो तानाशाही है। लेकिन ये देश प्रजातांत्रिक देश है. इसकी जड़े बहुत गहरी है अति का अंत होता है।

## इनकी निगाहें छत्तीसगढ़ के खदानों पर है : मुख्यमंत्री

केंद्रीय मंत्री के एप लॉन्चिंग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने अडानी को लूट लूट कर दिया, हमने छत्तीसगढ़ में इन्हें रोका है। अभी एक खदान उनकी बंद हुई है। 13 नम्बर का बैलाडीला खदान को निरस्त कराया। अनेक खदानों पर इनकी निगाहें थी, लेकिन हमने वहां एलिफेंट कॉरिडोर बनाया। उससे भी भाजपा का दिल भरा नहीं है। अडानी को कितना लूटा है उसके बारे में भी अनुराग ठाकुर को कुछ बोलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बार राहुल गांधी ने सवाल पूछा कि 20 हजार करोड़ रुपये कहां से गया, कैसे गया? उन्होंने तो केवल फोटो दिखाई थी संसद में, उसी में उनकी सदस्यता निरस्त हो गई ।अनुराग ठाकुर में हिम्मत है तो अडानी के बारे में भी बोलकर बताएं।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम **असीम मित्रा** पिता **सत्य रंजन मित्रा** अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम **असीम कुमार मित्रा** पिता **सत्य रंजन मित्रा** निवासी हाउस नं. सी-123, रामा लाइफ सिटी, नजदीक जैन इंटरनेशनल स्कूल, सकरी, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख लिया हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम **असीम कुमार मित्रा** पिता **सत्य रंजन मित्रा** से जाना एवं पहचाना जाए।

**असीम कुमार मित्रा**
**हाउस नं.- 123, रामा लाइफ सिटी, नजदीक जैन इंटरनेशनल स्कूल, सकरी, बिलासपुर (छ.ग.) 495001**

## छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

प्रथम निविदा – ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)

**Website - www/cgmsc.gov.in**

जिला स्तर पर रू. 40.00 लाख तक के भवनों का निर्माण, उन्नयन, मरम्मत एवं विविध कार्य हेतु जोनल दर अनुबंध निविदा- प्रत्येक जिला हेतु कार्य की निविदा राशि रू. 98.00 लाख

**Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in** क्र./9370/निर्माण/ 2023 दिनांक 05/10/2023

| स.क्र. | नि.आ.सू.क्र. | जिले का नाम | स.क्र. | नि.आ.सू.क्र. | जिले का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9098 | रायपुर | 3 | 9100 | बलौदाबाजार |
| 2 | 9099 | महासमुंद | 4 | 9101 | गरियाबंद |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 06/10/2023 से देखी जा सकती है। उपरोक्त कार्यों की निविदा लो.नि.वि (2015) की दर से आंमत्रण की जा रही है, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 26/10/2023 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगा।

**संवाद : 38854/2** **अधीक्षण अभियंता**




# क्रिया योग ध्यान शिविर एवं दीक्षा समारोह

**बिलासपुर**,5 अक्टूबर (देशबन्धु)। इस शिविर का शुभारंभ 7 अक्टूबर 2023 से होगा। इस कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के लिए हरिहरानंद गुरुकुलम पुरी से स्वामी श्री परिपूर्णानंद गिरी पधार रहे हैं। दुर्ग से स्वामी श्री धरानंद मां भी पधार रही हैं। क्रिया योग ध्यान की एक प्राचीनतम विधि है। यह ध्यान साधना, गुरु शिष्य परंपरा से आगे बढ़ती है। इस ध्यान विधि को सीखने के लिए सर्वप्रथम दीक्षा प्राप्त करनी होती है।

इसकी शिक्षा यु ट्यूब या अन्य वीडियो से प्राप्त नहीं हो सकती है। इसके लिए गुरु से दीक्षा लेना आवश्यक है। यह प्राचीन ध्यानकी विद्या पहले सिर्फ उन्नत आध्यात्मिक संतों के पास ही रहती थी।लेकिन आज से लगभग 170 वर्ष पूर्व महा अवतार बाबा ने अपने शिष्य योगीराज श्यामाचरण लहरी को यह शिक्षा प्रदान करते हुए निर्देश दिया कि इसे आप गृहस्थ लोगों को भी दीक्षित करके, सभी के कल्याण का रास्ता खोलिए। तब से यह ज्ञान की गंगा गुरु परंपरा के रूप में प्रवाहित होती आ रही है। वर्तमान में परमहंस प्रज्ञान आनंद जी इस गुरु परंपरा का नेतृत्व कर रहे हैं। अध्यात्म जगत में यह चर्चा आम है कि महा अवतार बाबा आज भी स शरीर हिमालय की तराइयों में मौजूद हैं। उनका दर्शन वही का सकता है जिसे महा अवतार बाबा खुद दर्शन देना चाहे ।

बिलासपुर क्षेत्र के पुराने शिष्यों के लिए सुबह-शाम ध्यान का सामूहिक अभ्यास होगा। कोई व्यक्ति यदि इस ध्यान विधि को सीखना चाहता है तो उसे पहले दीक्षा प्राप्त करनी होगी। नए दीक्षार्थियों के लिए रविवार 8 अक्टूबर 2023 सुबह 8:00 बजे का समय निर्धारित है। इस समय नए लोगों को दीक्षा दी जाएगी। 7 अक्टूबर 2023 संध्या 5:30 बजे एक सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें क्रिया योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी इस सत्संग में वह भी आ सकते हैं जिन्हें दीक्षा प्राप्त नहीं है और वह क्रिया योग को समझना चाहते हैं । इस सत्संग का प्रवेश निशुल्क है। बिलासपुर इकाई के प्रभारी श्री सत्य प्रकाश छाबड़ा ने बताया कि यह सभी कार्यक्रम टुटेजा ट्यूटोरियल पंजाबी कॉलोनी दयालबंद में संपन्न होंगे। शिविर से संबंधित यदि आपकी कोई जिज्ञासा है तो कृपया निम्नलिखित नंबरों से संपर्क करें। 9300960183, 9425227227, 9827467282. ध्यान की इस सर्वश्रेष्ठ परंपरा से अपने आप को जोड़ने के लिए कृपया अवश्य पधारे।

# बिलासपुर प्रेस क्लब से पूरे प्रदेश को काफी उम्मीदें-दिवाकर

### बिलासपुर प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी ने वरिष्ठ पत्रकारों का किया सम्मान

**बिलासपुर,**5 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार दिवाकर मुक्तिबोध ने कहा कि सन 2000 से 2005 तक बिलासपुर प्रवास के दौरान उन्हें बेहद प्यार और अपनत्व मिला। इस शहर से अपने लगाव का ज़िक्र मैंने अपनी किताब में भी किया है। तमाम दबावों के बावजूद अच्छी पत्रकारिता करने वाले लोग यहां मौजूद हैं।

वे गुरुवार को स्व. लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में बिलासपुर प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा आयोजित वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एक न्यूज पोर्टल के पत्रकारों पर दिल्ली पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का ज़िक्र करते हुए कहा कि पूरे देश में पत्रकारिता को मूल्यविहीन बनाने की साज़िश हो रही है।

वहां के पत्रकारों के खिलाफ की जा रही नियम विरुद्ध कार्रवाई के विरोध में एकजुटता जताने के लिए उन्होंने बिलासपुर प्रेस क्लब की सराहना की। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश को बिलासपुर प्रेस क्लब से बहुत उम्मीदें हैं। ये बड़ी ज़िम्मेदारी नई कार्यकारिणी को दोगुनी ऊर्जा के साथ निर्वहन करनी होगी।सम्मान समारोह में बिलासपुर प्रेस क्लब के 40 से अधिक वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संजीव पांडेय, सचिव दिलीप यादव, कोषाध्यक्ष प्रतीक वासनिक, सह सचिव दिलीप जगवानी कार्यकारिणी सदस्य गोपीनाथ डे समेत भारी संख्या में पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## प्रेस के साथियों के बीच अदालतें न आएं तो श्रेयस्कर होगा-जायसवाल

विशिष्ट अतिथि डॉ. सतीश जायसवाल ने वरिष्ठ पत्रकार श्री मुक्तिबोध की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुक्तिबोध की गौरवशाली विरासत के साथ दिवाकर यहां मौजूद हैं, ये बड़े गौरव की बात है। बिलासपुर प्रेस क्लब का चुनाव रुकवाने और कार्यकाल को जबरिया बढ़ाने की बुरी कोशिशों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि प्रेस के साथियों के बीच अदालतें न आएं तो श्रेयस्कर होगा। श्री जायसवाल ने नए पत्रकारों को वरिष्ठ पत्रकारों से और पत्रकारिता की विरासत से रुबरु करवाने वाले इस इस इस आयोजन के लिए प्रेस क्लब अध्यक्ष इरशाद अली और उनकी टीम को बधाई दी।




## नवनिर्वाचित कार्यकारिणी भरोसे को फिर कायम करेगी-अवस्थी

विशिष्ट अतिथि ज्ञान अवस्थी ने अपने उद्बोधन के दौरान उस समय को याद किया, जब वे खुद प्रेस क्लब का चुनाव लड़ रहे थे। उन्होंने बताया कि उस समय आम जनता बिलासपुर प्रेस क्लब को बेहद भरोसे के साथ अपने मददगार के रूप में देखती थी। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी उस भरोसे को फिर कायम करेगी।

## भरोसे पर खरा उतरकर पुरानी साख करेंगे स्थापित-इरशाद

बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली ने कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि प्रेस क्लब की पुरानी गौरवपूर्ण परम्परा को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी पुनः स्थापित करने संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि बीते 6 वर्षों से प्रेस क्लब ने पत्रकारों के हित से अधिक व्यक्तिगत हित को महत्व दिया, जिससे प्रेस क्लब की साख पर बुरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि कभी पूरे प्रदेश में अपनी दमदारी के लिए पहचाने जाने वाले बिलासपुर प्रेस क्लब को इशारों पर थिरकती कठपुतलियों ने कमज़ोर बना दिया था। हमारे पूरे पैनल को भारी मतों से जिताकर प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने उन्हें नकार कर हम पर जो भरोसा जताया है, उस भरोसे के सहारे हम फिर से वो साख स्थापित करेंगे। इस कार्य में वरिष्ठ जनों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से हमारी राह आसान बनेगी।

## केंद्रीय विद्यालय में निकला नाग सांप, मचा हड़कंप

रायगढ़। बुधवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब विद्यालय में छात्रों,शिक्षकों और स्टाफ के अलावा एक बिन बुलाए मेहमान पहुंच गया। प्राचार्य कक्ष में नाग सांप को देखकर वहां हडकंप मच गया।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, (वि./ यां.) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

नि.आ.सू. दिनांक 03/10/2023 तथा Online Bid Submission की अंतिम तिथि 18/10/2023

Physical Submission Last Date 20/10/2023

**ऑनलाईन निविदा प्रथम आमंत्रण**

| क्र. | नि.आ.सू. क्रमांक | ऑनलाईन टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 35 | 149047 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Lift in High Court Building, Bodri, Bilaspur (C.G.) | 53.50 |
| 2 | 36 | 149075 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of I No.Lift at 7 Nos. Court Room Building at High Court Campus, Bodri Bilspsur (C.G.) | 22.86 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि. (वि./ यां.) मण्डल**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

जी- 06004/2

## न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

## ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक / ब-121/ 2023-24
पक्षकार – श्रीमती जानकी सोनी पति नंदलाल सोनी ................ आवेदिका

विरूद्ध

छत्तीसगढ़ शासन ............अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जानकी सोनी पति नंदलाल सोनी निवासी गोंड़पारा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोंड़पारा शीट नंबर 30 प्लाट नंबर 24/3 में से रकबा 899 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आबंटित भूमि को भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31.03.2027 अंकित है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे दिनांक 19/10/2023 को न्यायालयीन समय/ दिवसों में स्वतः / अधिवक्ता/ अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम् से न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 05/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

## ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक/ब-121/ 2023-24
पक्षकार – नंदलाल सोनी पिता स्व.कल्लू प्रसाद सोनी .................... आवेदक

विरूद्ध

छत्तीसगढ़ शासन ............ अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदलाल सोनी पिता स्व. कल्लू सोनी निवासी गोंड़पारा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोंड़पारा शीट नंबर 30 प्लाट नंबर 24/3 में से रकबा 1021 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आबंटित भूमि को भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31.03.2027 अंकित है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे दिनांक 19/10/2023 को न्यायालयीन समय/ दिवसों में स्वतः / अधिवक्ता/ अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम् से न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 05/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)

## विशेष ग्राम सभा आयोजन की सूचना

कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कोरबा संभाग कोरबा के द्वारा हरदीबाजार-तरदा-सर्वमंगला-ईमलीछापर-मार्ग लम्बाई 27.19 कि.मी. मार्ग निर्माण के एकरेखण में पड़ने वाले निम्नलिखित 11 ग्रामों के प्रभावित निजी भूमि के भू-अर्जन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों के विस्तार) अधिनियम 1996 की धारा 4 (झ) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार कलेक्टर महोदय कोरबा द्वारा दिये गये प्राधिकार से दिनांक 07.10.2023 को निम्नांकित ग्रामों के पंचायत भवन में समय 11:00 बजे से विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा है।

| स.क्र. | ग्राम का नाम | ग्राम पंचायत | प.ह.नं. | रा.नि.मं. | तहसील | रकबा (हे.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कटकीडबरी | नवापारा | 52 | दीपका | दीपका | 1.803 |
| 2 | नवापारा | नवापारा | 52 | दीपका | दीपका | 1.863 |
| 3 | मुढ़ाली | मुढ़ाली | 52 | दीपका | दीपका | 1.178 |
| 4 | दर्री | दर्री | 53 | दीपका | दीपका | 1.329 |
| 5 | भर्राकुड़ा | अखरापाली | 54 | दीपका | दीपका | 2.139 |
| 6 | अखरापाली | अखरापाली | 54 | दीपका | दीपका | 3.139 |
| 7 | गंगदेई | गंगदेई | 55 | दीपका | दीपका | 2.789 |
| 8 | बिरदा | बिरदा | 55 | दीपका | दीपका | 3.220 |
| 9 | सरईसिंगार | रंगबेल | 60 | दीपका | दीपका | 3.299 |
| 10 | रंगबेल | रंगबेल | 60 | दीपका | दीपका | 2.926 |
| 11 | भलपहरी | कनबेरी | 60 | दीपका | दीपका | 1.398 |

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कटघोरा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

## सार्वजनिक सूचना

ICICI Home Finance

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.)-495001

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह उनको सुपुर्द नहीं की जा सकी और अतएव एतद्द्वारा उनको को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/ सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | शेख बरकत उल्लाह (कर्जदार), फरजाना बेगम (सह-कर्जदार), वार्ड नंबर 14, हथनी खुर्द मुंगेली पुछेली मुंगेली मुमगेली, छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़, पथरिया, छत्तीसगढ़-495335/ एलएचबीएसआर00001322266 | डी-125, मौजा यदुनंदन नगर, पीएचएन 23 वार्ड नंबर 4, मकान नंबर डी वार्ड नंबर 4, खसरा -242, यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर, पिनकोड 495223, तिफरा 4 बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी – उत्तर : रोड, दक्षिण : मकान नंबर डी-132, पूरब : मकान नंबर डी-126, पश्चिम : मकान नंबर डी-125 | 20-09-2023 रू. 10,57,154/- | 08-09 -2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को उक्त बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

तिथि : 06-10-2023
स्थान : बिलासपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# देश

उवाच




भाजाप वायनाड से लोकसभा सांसद राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई हैं, यह 2024 के लोकसभा चुनावों में अपनी हार को महसूस करने के बाद भाजपा की घबराहट है।' इंडिया गठबंधन के गठन के बाद से वे दहशत में हैं, राहुल गांधी को रावण कहना उनकी हताशा को दर्शाता है :-**इमरान प्रतापगढ़ी, कांग्रेस नेता**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34° | 23° |
| मुंबई | 32° | 26° |
| कोलकाता | 27° | 26° |
| चेन्नई | 32° | 28° |

# भाजपा ने राहुल गांधी को नए जमाने का 'रावण' बताते हुए जारी किया पोस्टर

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा ने राहुल गांधी को नए जमाने का रावण बताते हुए पोस्टर जारी कर उन्हें धर्म और राम विरोधी बता दिया है। भाजपा ने जॉर्ज सोरोस पर भी निशाना साधते हुए यह आरोप लगाया है कि राहुल गांधी का एकमात्र लक्ष्य भारत को बर्बाद करना है। भाजपा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स पर राहुल गांधी का जो पोस्टर जारी किया है, उसमें उनके 7 सिर दिखाए गए हैं और उसके ऊपर लिखा गया है - 'भारत खतरे में है।' राहुल गांधी की 7 सिरों वाली तस्वीर के नीचे अंग्रेजी भाषा के बड़े अक्षरों में 'रावण' लिखा गया है और उसके नीचे 'ए कांग्रेस पार्टी प्रोडक्शन डायरेक्टेड बाय जॉर्ज सोरोस' लिखा गया है। पोस्टर को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर करते हुए भाजपा ने लिखा है, 'नये जमाने का रावण यहां है। वह दुष्ट है। धर्म विरोधी, राम विरोधी है। उनका लक्ष्य भारत को नष्ट करना है।'




- **भाजपा ने पोस्टर जारी कर राहुल को धर्म और राम विरोधी बताया**
- **राहुल गांधी का एकमात्र लक्ष्य भारत को बर्बाद करना**

## कांग्रेस ने राहुल गांधी के रावण पोस्टर को लेकर भाजपा की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर राहुल गांधी का एक पोस्टर पोस्ट किया। जिसमें राहुल गांधी को रावण के रूप में दर्शाया गया है। इस हरकत पर कांग्रेस ने गुरुवार को भाजपा की कड़ी आलोचना की है। कांग्रेस ने कहा कि पोस्टर का उद्देश्य राहुल गांधी के खिलाफ स्पष्ट रूप से हिंसा भड़काना है, जिनके पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और दिवंगत दादी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उन ताकतों द्वारा की गई थी जो भारत को विभाजित करना चाहते थे।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट किया, 'भाजपा के ऑफिशल हैंडल पर राहुल गांधी को रावण के रूप में दिखाने वाले घटिया ग्राफ़िक के पीछे वास्तविक मंशा क्या है? इसका स्पष्ट रूप से एक ही मकसद है, एक कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष के ख़िलाफ़ हिंसा के लिए उकसाना और भड़काना, जिनके पिता और दादी की हत्या उन ताकतों ने की थी जो भारत को तोड़ना चाहते हैं।' उन्होंने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री का हर दिन झूठ बोलकर मानसिक रूप से बीमार होने और आत्ममुग्धता के विकार से पीड़ित होने का सबूत देना एक बात है। लेकिन, अपनी पार्टी से इस तरह के घृणा से भरे कंटेंट बनवाना न केवल पूरी तरह से अस्वीकार्य है, बल्कि बेहद ख़तरनाक भी है। हम डरने वाले नहीं हैं। 10 सिर वाले राहुल गांधी के पोस्टर को पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने भी अपने एक्स हैंडल पर साझा किया था।

लोकसभा सांसद राहुल गांधी की बढ़ती



पोस्टर का उद्देश्य राहुल गांधी के खिलाफ स्पष्ट रूप से हिंसा भड़काना है, जिनके पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और दिवंगत दादी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उन ताकतों द्वारा की गई थी जो भारत को विभाजित करना चाहते थे:- **जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव**

## महाराष्ट्र के अस्पतालों में मौतें

### कांग्रेस ने हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज से जांच कराने, स्वास्थ्य मंत्री को हटाने की मांग की



**मुंबई,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र कांग्रेस ने गुरुवार को राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की और विभिन्न सरकारी अस्पतालों में सिलसिलेवार मौतों की उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच कराने और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत को हटाने की मांग की। कांग्रेस ने इस मुद्दे तथा लोगों, किसानों, कानून-व्यवस्था और महिलाओं से जुड़े अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के लिए राज्य विधानमंडल का एक विशेष सत्र बुलाने का भी आह्वान किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, कार्यकारी अध्यक्ष एम. आरिफ नसीम खान, विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, मुंबई पार्टी प्रमुख प्रो. वर्षा गायकवाड़ और अन्य नेताओं ने भी मृतकों के परिजनों के लिए 10-10 लाख रुपये के मुआवजे की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि कैसे नांदेड़ के डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल 48 घंटे में 16 शिशुओं समेत 31 लागों, छत्रपति संभाजीनगर के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 24 घंटे में 14 मौतें और नागपुर के मेयो अस्पताल में 24 घंटे में 23 मरीजों की मौतें शामिल हैं। ये सारी घटनाएं एक सप्ताह के भीतर की हैं। इससे पहले उन्होंने अगस्त के मध्य में बताया था कि कैसे ठाणे जिले से सटे ठाणे नगर निगम के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में 24 घंटों में 18 मरीजों की मौत हो गई।

## बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास अत्यधिक महत्वपूर्णः मुर्मु

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा है कि बिजली क्षेत्र का भविष्य इसी पर निर्भर करेगा। राष्ट्रपति ने गुरूवार को यहां राष्ट्रपति भवन में केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारियों से मुलाकात की और कहा कि भारत के नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तनों में ऊर्जा दक्षता को 'पहला ईंधन' कहा जाता है। यह जलवायु परिवर्तन शमन के सबसे तीव्र और किफायती विकल्प उपलब्ध करता है। यह ऊर्जा बिल को भी कम करता है और ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने केंद्रीय विद्युत इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारियों से ऊर्जा दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया, जिससे जलवायु परिवर्तन संबंधी लक्ष्यों को अर्जित करना सरल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन और ग्रिड एकीकरण की प्रक्रिया में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन उन्हें इन चुनौतियों से निपटने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि बिजली क्षेत्र का भविष्य अनुसंधान और नवोन्मेषण में निहित है, चाहे वह ऊर्जा भंडारण, ग्रिड प्रबंधन या ऊर्जा उत्पादन के नए रूपों में ही क्यों न हो। उन्होंने उनसे बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को महत्व देने का आग्रह किया ताकि भारत वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहे।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा की मांग और खपत किसी देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के संकेतकों में से एक है। इसलिए, जैसे-जैसे भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ेगा, बिजली की मांग और खपत निश्चित रूप से बढ़ेगी जो देश के विकास को और अधिक आगे बढायेगी।

राष्ट्रपति ने भारतीय व्यापार सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ है। यह निवेश को बढ़ावा देता है, रोजगार सृजित करता है, आर्थिक विकास को गति देता है और जीवन स्तर में सुधार लाता है। उन्होंने कहा कि भारत डिजिटल और टिकाऊ व्यापार सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है और भारतीय व्यापार सेवा के अधिकारी व्यापार संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



भारत के नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा प्रमुख स्तंभ हैं, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तनों में ऊर्जा दक्षता को 'पहला ईंधन' कहा जाता:- **द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

## सार संक्षेप

### लोकसभा स्पीकर ने निशिकांत दुबे को गृह मामलों की स्थायी समिति का सदस्य मनोनीत किया

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को गृह मामलों की स्थायी समिति का सदस्य मनोनीत किया है। निशिकांत दुबे को समिति में सदस्य के तौर पर शामिल भाजपा सांसद किरण खेर की जगह पर मनोनीत किया गया है। लोकसभा बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। लोकसभा सचिवालय द्वारा आज, 5 अक्टूबर को जारी किए गए बुलेटिन के अनुसार, लोकसभा स्पीकर ने डॉ. निशिकांत दुबे को किरण खेर की जगह पर गृह मामलों की स्थायी समिति में मनोनीत किया है। आपको बता दें कि, गृह मामलों के विभाग से संबंधित संसद की स्थायी समिति राज्यसभा की है और भाजपा राज्यसभा सांसद बृजलाल इस समिति के अध्यक्ष हैं।

### सरकार को सिक्किम व हिमाचल प्रदेश जैसी त्रासदियों को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिएः खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को सिक्किम में तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ में कई लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्थिति खतरनाक है और केंद्र सरकार को पारिस्थितिक रूप से नाजुक हिमालयी राज्यों से निपटने के लिए अपनी रणनीति को फिर से तैयार करना चाहिए। सिक्किम और हिमाचल प्रदेश जैसी त्रासदियों को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिए ताकि इन राज्यों को अधिक टिकाऊ तरीके से खुद का पुनर्निर्माण करने के लिए पर्याप्त धन मिल सके। एक्स, पूर्व ट्विटर पर एक पोस्ट में, खड़गे ने कहा, 'सिक्किम में स्थिति अनिश्चित है, क्योंकि बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के कारण कई लोगों की जान चली गई है और हमारे बहादुर सेना कर्मियों सहित कई लोग लापता हैं। हमारी संवेदनाएं सिक्किम के लोगों के साथ हैं।' जो इस संकटपूर्ण समय से जूझ रहे हैं।' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और लापता लोगों को ढूंढने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, जिनकी संख्या कथित तौर पर लगातार बढ़ रही है।

### उत्तराखंड जा रहे हैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**देहरादून।** गृहमंत्री अमित शाह 7 अक्टूबर को टिहरी जनपद के नरेंद्र नगर में आयोजित होने वाले मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने उत्तराखंड आ रहे हैं। साथ ही एफआरआई में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसके अलावा गृहमंत्री शाह दिल्ली जाने से पहले 3 घंटे उत्तराखंड बीजेपी मुख्यालय में मौजूद रहेंगे। जहां वह 224 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी पार्टी संगठन, सीएम समेत तमाम नेताओं से चर्चा करेंगे। देहरादून डीएम सोनिका सिंह ने गृहमंत्री के उत्तराखंड दौरे को लेकर तमाम अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश



नव नियुक्त कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन को गांधी टोपी पहनाकर सम्मानित करते कांग्रेस सेवादल के पूर्व आर्गनाइजर दिनेश्वर त्यागी। **फोटो देशबन्धु**

### बंगाल नगर पालिका भर्ती घोटाला

## ईडी ने राज्य के खाद्य मंत्री के आवास पर मारा छापा

**कोलकाता,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार सुबह से ही पश्चिम बंगाल पश्चिम बंगाल में नगर पालिकाओं में करोड़ों रुपये के भर्ती घोटाले के सिलसिले में खाद्य आपूर्ति मंत्री रथिन घोष के आवास पर छापेमारी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सूत्रों ने कहा कि घोष का नाम इस मामले में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में मध्यमग्राम नगर पालिका के अध्यक्ष रहने के दौरान उनकी संलिप्तता के संबंध में ईडी के अधिकारियों द्वारा हासिल किए गए आपत्तिजनक दस्तावेजों के बाद सामने आया है। यह पता चला है कि घोष का नाम राज्य में विभिन्न नगर पालिकाओं द्वारा भर्ती परीक्षा प्रक्रिया आयोजित करने के लिए आउटसोर्स की गई एजेंसी एबीएस इन्फोज़ोन से ईडी के अधिकारियों द्वारा जब्त किए गए आपत्तिजनक दस्तावेजों के बाद सामने आया था, जो 2014 और 2018 के बीच मध्यमग्राम नगर पालिका में भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं की ओर संकेत करता है। एबीएस इन्फोज़ोन का स्वामित्व निजी प्रमोटर अयान सिल के पास है, जो पश्चिम बंगाल में स्कूल के बदले नौकरी के करोड़ों रुपए के मामले में कथित संलिप्तता के कारण पहले से ही न्यायिक हिरासत में है।



## सांसद मोहम्मद फैजल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। लक्षद्वीप के अयोग्य सांसद मोहम्मद फैजल ने हत्या के प्रयास के मामले में उनकी सजा को निलंबित करने से इनकार करने वाले केरल उच्च न्यायालय के नए आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एन. नागरेश की पीठ ने मंगलवार को स्पष्ट रूप से फैज़ल सहित चार लोगों की सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया था। इन्हें पहले इस साल जनवरी में ट्रायल कोर्ट द्वारा दोषी ठहराया गया था। उच्च न्यायालय द्वारा मंगलवार को पारित फैसले के मद्देनजर, लोकसभा सचिवालय ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा कि फैज़ल संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (I) और धारा 8 के अनुसार सदन का सदस्य नहीं रह गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष फैजल द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका में कहा गया है कि उच्च न्यायालय का हालिया फैसला इस बात की सराहना करने में विफल रहा कि अगर उसकी सजा को निलंबित नहीं किया गया तो केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के मतदाताओं को भी गंभीर पूर्वाग्रह और कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।



**अयोग्य ठहराए गए लक्षद्वीप के सांसद ने सजा पर रोक लगाने से हाईकोर्ट के इनकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया**

## जेडीयू सांसद ने जातीय गणना के आंकड़ों को गलत करार दिया, बोले जातीय गणना में गड़बड़ी की गयी है

**पटना,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार में जातीय गणना के आंकड़ों को लेकर विवाद लगातार बढता जा रहा है। कोईरी, धानुक जैसी कई जातियों के लोगों के साथ साथ विपक्षी पार्टियों के नेता जातीय गणना के आंकड़ों पर गंभीर सवाल उठा चुके हैं। अब जेडीयू के सांसद ने जातीय गणना के आंकड़ों को गलत करार दिया है। जेडीयू सांसद ने कहा है कि जातीय गणना में तेली समाज के लोगों के साथ गड़बड़ी की गयी है। सांसद ने कहा है कि उनके समाज के लोग इस जातीय गणना को खारिज करते हैं।



जेडीयू के सांसद सुनील कुमार पिंटू ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि बिहार सरकार ने 2 अक्टूबर को जातीय गणना की जो रिपोर्ट जारी की है वह सही नहीं है। सांसद सुनील कुमार पिंटू ने कहा है कि वे तेली समाज के संयोजक हैं और उन्होंने सभी जिलों में अपने समाज के लोगों से बात की है। सारे जिलों से ये जानकारी दी गयी है कि कई जगहों पर तेली समाज के मोहल्ले और टोलों की गिनती ही नहीं की गयी और आंकड़े गढ़ लिये गये।

सांसद सुनील कुमार पिंटू ने कहा कि जातीय गणना की रिपोर्ट में तेली समाज की तादाद 2.81 परसेंट बतायी गयी है जो पूरी तरह से गलत है। इसलिए तेली समाज के लोग इस जातीय गणना को खारिज करते हैं। सांसद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कहा है कि वह फिर से जातीय गणना करायें। अभी की गणना को तेली समाज के लोग नहीं मानेंगे। सुनील कुमार पिंटू ने कहा कि जातीय गणना की रिपोर्ट के खिलाफ 8 अक्टूबर को पटना में तेली समाज के लोगों को बुलायी गयी है। इसमें सारे जिले के लोग शामिल होंगे, जो ये बतायेंगे कि कहां-कहां उनके समाज के लोगों की गिनती नहीं हुई इसका एक पूरा ड्राफ्ट तैयार कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिया जायेगा और उनसे मांग की जायेगी कि हमारे समाज की गणना फिर से करायी जाये।

## पटना पहुंचे जेपी नड्डा ,बोले बीजेपी अब बिहार में किसी को अपने कंधे पर नहीं बैठाएगी

**पटना,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिवंगत भाजपा नेता कैलाशपति मिश्र की 100वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल हुए। इस अवसर पर बापू सभागार में बीजेपी नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अपने संबोधन में जेपी नड्डा ने पंडित कैलाशपति मिश्र को पार्टी के प्रथम पंक्ति और प्रथम श्रेणी का नेता बताया। नड्डा ने कहा कि कैलाशपति मिश्र ने बीजेपी के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया, वह बिहार में पार्टी के भीष्म पितामह थे। नड्डा ने कहा कि आज जातीयता की बात, जनगणना की बात होती है, लेकिन कैलाशपति मिश्रा सभी को साथ ले चले। इस दौरान नड्डा ने यह भी कहा कि बीजेपी अब बिहार में किसी को अपने कंधे पर नहीं बैठाएगी।



जेपी नड्डा ने अपने संबोधन में आगे कहा, बिहार में ओबीसी को पहला आरक्षण कैलाशपति मिश्र वित्त मंत्री रहते मिला था। यूपीए की सरकार में नारी शक्ति बिल सदन में फाड़ा गया था, लेकिन मोदी सरकार ने 3 दिन में नारी शक्ति वंदन विधेयक पास करा लिया। 2029 में लोक सभा और 2027 से विधान सभा चुनाव में महिलाओं को आरक्षण मिलेगा। नड्डा ने कहा कि ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा पीएम मोदी की सरकार ने दिया। बिहार को पहला एम्स अटल बिहारी वाजपेई ने दिया, दूसरा एम्स पीएम मोदी ने दरभंगा में दिया। आज भी पैसा रखा हुआ है जैसे ही काम शुरू होगा पैसा रिलीज होगा।

## मुख्यमंत्री केसीआर 16 को बीआरएस घोषणापत्र करेंगे जारी

### महिलाओं के हित में कई घोषणाएं शामिल होंगी बीआरएस घोषणापत्र में

हैदराबाद, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री के चंद्रशेखर राव भारत राष्ट्र समिति का चुनाव घोषणापत्र 16 अक्टूबर को वारंगल में जारी करेंगे। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव द्वारा जारी घोषणापत्र विपक्षी दलों के लिए गंभीर झटका साबित होगा। वित्त मंत्री टी हरीश राव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्री के चन्द्रशेखर राव तीसरी बार विजयी होकर हैट्रिक बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हरीश राव ने कहा कि घोषणापत्र का अनावरण मुख्यमंत्री 16 अक्टूबर को वारंगल में होने वाली विशाल बीआरएस रैली में करेंगे। इस घोषणापत्र में तेलंगानावासियों के लिए कई अच्छी खबर होगी। इसमें महिलाओं के हित में घोषणाएं शामिल होंगी। यह घोषणापत्र विपक्षी दलों के लिए चुनौती बन जाएगा क्योंकि वे बीआरएस से मुकाबला करने की स्थिति में नहीं होंगे। हरीश राव ने कहा कि के चंद्रशेखर राव हमेशा लोगों के लिए आशा का स्रोत रहे हैं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के लोगों से किए गए हर वादे को पूरा किया है और वास्तव में, कई कल्याण उन्मुख योजनाओं को शुरू करने वाले वादों से आगे निकल गए हैं। तेलंगाना में लागू की जा रही अनेक योजनाएं और कल्याण कार्यक्रम कर्नाटक या किसी अन्य कांग्रेस शासित राज्य में नहीं लागू किया जा सका है।



हरीश राव ने कहा कि कृष्णा जल में राज्य की हिस्सेदारी तय करने के लिए एक न्यायाधिकरण गठित करने का केंद्रीय मंत्रिमंडल का निर्णय तेलंगाना के लिए एक बड़ी जीत होगी। इस कदम से सुनिश्चित जल का परियोजनावार आवंटन सुनिश्चित होगा।

कृष्णा जल मुद्दे के समाधान के लिए कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण-II को आगे की संदर्भ शर्तों (टीओआर) के मुद्दे को मंजूरी देने के केंद्र के फैसले से तेलंगाना को काफी लाभ होगा। पूर्ववर्ती महबूबनगर जिले का भी यही हाल था, जहां राज्य में कृष्णा जलग्रहण क्षेत्र का बड़ा हिस्सा है।

राज्य की प्रत्येक परियोजना के लिए सुनिश्चित पानी का अपना हिस्सा आवंटित किया जाएगा। पालमुरु-रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई योजना का भी यही हाल था। असल में केंद्र इस मुद्दे पर बैठा रहा, जबकि मुख्यमंत्री ने साढ़े नौ साल पहले केंद्रीय जल संसाधन मंत्रालय के साथ यह मुद्दा उठाया था।

यद्यपि राज्य ने कृष्णा जल मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय पहले इस मुद्दे को एक न्यायाधिकरण द्वारा हल करने के लिए मामले को वापस लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आने पर केंद्र इस मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए अपनी नींद से जाग गया है।

### संकट — प्रदेश में आतंकी हिंसा में तेजी आ गई और आतंकियों की संख्या बढ़ गई

# कश्मीर से नहीं हटेंगी राष्ट्रीय रायफल्स की यूनिटें

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। रक्षा सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है कि कश्मीर से जो चरणबद्ध तरीके से राष्ट्रीय रायफल्स की यूनिटों को हटाने की योजना थी उसे टाल दिया गया है क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकी हिंसा में आई तेजी और आतंकियों की बढ़ती संख्या ने ऐसा करने पर मजबूर किया है।**

रक्षा सूत्र कहते थे कि सर्दियों से पहले ही एलओसी पर घुसपैठ की घटनाएं भी बढ़ी हैं और दो मामलों में पाक सेना द्वारा आतंकियों को कवर फायर देने के बाद सेना को घुसपैठ रोकने की खातिर किए जा रहे प्रबंधों में अतिरिक्त जवानों की जरूरत को देखते हुए राष्ट्रीय रायफल्स के जवानों को कश्मीर से हटाने का फैसला टाल दिया गया है।

इससे पहले चीन सीमा पर लाल सेना की घुसपैठ के बाद वर्ष 2021 में कश्मीर के भीतर और एलओसी से राष्ट्रीय रायफल्स की कई बटालियनों को हटा कर लद्दाख सीमा पर भेजा जा चुका है। दरअसल सेना की चिंता एलओसी पार लांच पैडों पर आतंकियों के जमावड़े को लेकर भी है। हालांकि इसके प्रति सिर्फ अपुष्ट समाचार ही हैं कि उस पार लांच पैडों पर कितने आतंकी इस ओर धकेलने के लिए पाक सेना द्वारा जमा किए गए हैं, पर रक्षा सूत्र इनकी संख्या 200 से 500 के बीच होने कादावा करते थे। अबकि अब यह खबरें भी बाहर आ रही है कि पिछले कुछ दिनों से एलओसी पार से विदेशी आतंकी अच्छी खासी संख्या में कथित तौर पर घुसने में कामयाब हुए हैं। इससे सुरक्षाबलों की चिंता बढ़ गई है।



रक्षाधिकारियों के बकौल, ऐसे में कश्मीर खासकर जम्मू संभाग के राजौरी व पुंछ के जुड़वा जिलों में आतंकियों से निपटने को फोर्स की कमी से निपटने की खातिर जहां अतिरिक्त जवानों की मांग की जा रही है वहीं राष्ट्रीय रायफल्स की उन बटालियनों को फिलहाल हटा कर चीन सीमा पर भेजने की योजनाओं को स्थगित कर दिया गया है जो आतंकवाद विरोधी ग्रिड में खास भूमिका निभा रही हैं।

राष्ट्रीय रायफल्स की इन बटालियनों को अब न हटाने के पीछे का फैसला कोकरनाग की 7 दिनों तक चलने वाली जंग के कारण भी लेना पड़ा है जिसमें पहली बार युद्ध जैसे हथियारों का इस्तेमाल सेना द्वारा 3 आतंकियों को मार गिराने के लिए किया गया था। यही नहीं राजौरी व पुंछ के इलाकों में आतंकी हमलों और फिर उनसे होने वाली मुठभेड़ों के लंबे खिंचने के कारण सेना को राष्ट्रीय रायफल्स के जवानों की ही जरूरत पड़ रही है जो आतकंवाद से निपटने में सबसे अधिक सक्षम और अनुभवी माने जाते हैं।

देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार 6 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## इन गिरफ्तारियों के संकेत साफ हैं

देश में सरकार विरोधी लोगों की गिरफ्तारियों का सिलसिला जारी है। एक ओर तो आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, तो वहीं दूसरी तरफ ऑनलाइन न्यूज़ पोर्टल 'न्यूज़क्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उन्हें पोर्टल के एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती के साथ पुलिस कस्टडी में सौंपा गया है जहां हफ्ते भर दोनों से पूछताछ होगी। आप से राज्यसभा के सदस्य संजय सिंह को दिल्ली सरकार के कथित शराब घोटाले में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है तो न्यूज़क्लिक पर आरोप है कि उसने चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिये धन लिया है। आप पार्टी के दो वरिष्ठ मंत्री शराब मामले में पहले से जेल में हैं- उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आबकारी मंत्री सत्येन्द्र जैन। दोनों पर शराब नीति में फेरबदल कर घूस लेने के आरोप हैं। इसी की कड़ी के रूप में संजय सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 10 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को पुरकायस्थ एवं चक्रवर्ती के अलावा और भी कई प्रतिष्ठित पत्रकारों को पुलिस ने पूछताछ के लिये बुलाया था। उनमें से कई के लैपटॉप व मोबाइल जब्त कर लिये गये थे। इनमें उर्मिलेश, अनिंद्य चक्रवर्ती, परंजॉय गुहा ठाकुरता, अभिसार शर्मा तो थे ही, इतिहासकार सोहेल हाशमी, व्यंग्यकार संजय राजौरा एवं सेंटर फॉर टेक्नालॉजी एंड डेवलपमेंट के डी रघुनंदन शामिल हैं। पूछताछ के बाद दोनों के अलावा अन्य को जाने दिया गया। ऐसे ही, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी के भतीजे अभिषेक बैनर्जी को कई पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली में उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे कृषि भवन के बाहर धरना दे रहे थे। उनसे पहले ही कथित कोयला घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय कई बार पूछताछ कर चुकी है। यह भी माना जाता है कि उन पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है।

कहने को तो ये सारे मामले अलग-अलग हैं लेकिन राजनैतिक रूप से देखें तो साफ हो जाता है कि इनका आपस में सूक्ष्म सम्बन्ध है। संजय सिंह एक बेहद मुखर सांसद हैं जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी सरकार के कट्टर आलोचकों में से एक माने जाते हैं। प्रभावशाली वक्ता होने एवं निडरता से अपनी बात रखने वाले संजय पर आरोप है कि शराब घोटाले के एक आरोपी बिचौलिये दिनेश अरोरा से उन्होंने दिल्ली के बार व रेस्त्रां मालिकों से उनकी पार्टी के लिये धन जुटाने को कहा था। अरोड़ा ने 82 लाख रुपये का चेक भी दिया था। उल्लेखनीय है कि संजय सिंह ने संसद में मोदी के मित्र कहे जाने वाले देश के प्रमुख कारोबारी गौतम अदानी के खिलाफ जोर-शोर से आवाज़ उठाई थी। ऐसे ही, अयोध्या के रामजन्मभूमि परिक्षेत्र में कथित जमीन घोटाले का भी संजय सिंह ने बहुत दमदारी से पर्दाफाश किया था। उस वक्त भाजपा के साथ मंदिर ट्रस्ट की बहुत भद्द पिटी थी। तभी से वे भाजपा की आंखों को खटक रहे थे।

पुरकायस्थ की बात करें तो न्यूज़क्लिक को एक निर्भीक पोर्टल के रूप में जाना जाता है जिसकी उन्होंने स्थापना की थी। वे देश के बहुत प्रतिष्ठित व साहसी पत्रकारों में से एक माने जाते हैं। सरकार से सवाल करने के कारण उनके प्रति भी केन्द्र सरकार व भाजपा की नाराज़गी स्वाभाविक है। इतना ही नहीं, जिन पत्रकारों को पूछताछ के लिये बुलाया गया था, वे सारे अपने सरकार विरोधी रवैये के कारण जाने जाते हैं जो जनपक्षधरता की पत्रकारिता करते हैं और सरकार के लोकतंत्र विरोधी कदमों का पुरज़ोर विरोध करते हैं। सरकार से सवाल करना अपना पेशागत धर्म मानने वाले ये पत्रकार शासकीय कार्रवाई की जद से बाहर निकल गये हैं- ऐसा मानने वाले गलत साबित हो सकते हैं।

अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज़ को दबाने की आदी मोदी सरकार का यह रवैया वैसा ही है जैसा कि पूरा देश पिछले 9 वर्षों से प्रत्यक्ष देख रहा है। संसद के बाहर हो या भीतर, विरोधी दलों के नेताओं पर अपनी जांच एजेंसियों- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) तथा आयकर विभाग (आईटी) के छापे डलवाना तथा आधे-अधूरे आरोपों के आधार पर या बेवजह उन्हें गिरफ्तार करना मोदी सरकार की नीति और कार्यपद्धति में शामिल हो चुका है। अनेक प्रतिपक्षी नेता जेलों में बन्द हैं या विभिन्न आरोपों से सम्बन्धित पूछताछ से गुजर रहे हैं जिन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। जिन सांसदों को वह गिरफ्तार नहीं कर पाती उन्हें सदन से निलम्बित करना, उनकी आवाज को म्यूट कर देना अथवा उनके वाक्यांशों को कार्रवाई से निकाल देना मोदी सरकार के उपकरण हैं जो पूर्णत: अलोकतांत्रिक हैं। स्वयं संजय सिंह को पिछली बार पूरे सत्र के लिये निलम्बित कर दिया गया था जिसके कारण उन्हें संसद परिसर में ही गांधी प्रतिमा के पास धरना देना पड़ा था। टीएमसी के ही डेरेक ओ ब्रायन भी निलम्बन झेल चुके हैं। गुजरात की एक कोर्ट द्वारा अवमानना के आरोप में हुई सजा के बाद राहुल गांधी की सदस्यता छीनी गयी थी। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी भी निलम्बित हुए थे।

जहां तक पत्रकारों की गिरफ्तारी की बात है, कई भाजपा शासित राज्यों में अनेक पत्रकार इसलिये जेलों में बन्द हैं क्योंकि उन्होंने सरकारी की खामियां उजागर कर दी थीं। ये बड़े ओहदों पर बैठे पत्रकार नहीं हैं लेकिन अब जैसे बड़े पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई हुई है उसके संकेत साफ हैं कि भाजपा, उसकी सरकारों या मोदी के खिलाफ उठने वाली हर आवाज़ को चुप कराया जायेगा।

# अभिव्यक्ति की आज़ादी पर लगता पूर्णग्रहण

अभिव्यक्ति की आज़ादी पर ग्रहण तो पहले से ही था, अब पूर्णग्रहण ही लग गया है। पत्रकारों की आवाज़ें दबाई नहीं जा रहीं, सीधे गले ही घोंटे जा रहे हैं। उन्हें 'देशद्रोही' कहा जा रहा है क्योंकि वे वैसा लिख-बोल नहीं रहे हैं, जैसा सरकार चाहती है। सरकार से अलग सोचना अब देशद्रोही हो जाना है। पत्रकार या नागरिक अलग सोच सकते हैं-यह समझ किसी भी लोकतान्त्रिक सरकार को उसी दिन से होती है जिस दिन वह चुनकर आई होती है। उसे पता होता है कि जो जनसमर्थन आज उसके लिए जुटा है वह कल किसी और के लिए था, तो कल किसी और के लिए जुटेगा। आखिर क्यों इस सरकार का भरोसा उन मतदाताओं पर से ही डिग रहा है जिन्होंने इसे चुना था। लोकतंत्र में डम-डम डिगा-डिगा का राग कब हमेशा किसी एक के लिए बजता रहा है? नौ साल पहले ये ही पत्रकार आज़ादी के पैरोकार और 1975 के आपातकाल में तो पूजनीय थे। अब वे देशद्रोही हो गए हैं। इस अविश्वास की वजह क्या है? प्रधान सेवक बनते-बनते यह तानाशाह का राजदंड भला क्यों हाथ में ले लिया गया है? क्या महान पूर्ववर्तियों को इस बात का आभास पहले ही था जो उन्होंने कह दिया था कि राजधर्म का पालन नहीं हुआ है। आज पत्रकार गिरफ्तार हो रहा है और विपक्ष जेल में ठूंसा जा रहा है।

लगभग 46 पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं न्यूज़ क्लिक पोर्टल के कर्मचारियों के घरों पर मंगलवार को पुलिस ने छापे मारे। ये पत्रकार मुख्य धारा में नहीं बल्कि वैकल्पिक मीडिया के ज़रिये अपनी पत्रकारिता कर रहे थे। बुधवार को न्यूज़ क्लिक न्यूज़ पोर्टल के संस्थापकों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर ले लिया गया था।

क्या वाकई वैकल्पिक मीडिया इतना शक्तिशाली हो गया है कि सरकार को लगता है कि मतदाता इससे प्रभावित हो रहा है? खुद प्रधानमंत्री ने भी पिछले दिनों यू ट्यूब पर खुद को सब्सक्राइब करने की अपील की है। क्या इस माध्यम को भी टीवी न्यूज़ चैनलों की तरह एकतरफ़ा मोड में लाने की कोशिश है क्योंकि मंगलवार को न्यूज़ क्लिक पोर्टल के संस्थापकों के साथ ही उसके लिए कंटेंट देने वाले यू ट्यूबर्स से भी गहरी पूछताछ की गई। उनसे पूछा गया कि क्या आप शाहीन बाग़ गए थे, क्या आपने दिल्ली दंगों और किसान आंदोलन को कवर किया है? क्या आप जेएनयू संघर्ष के समय वहां थे?

सब जानते हैं कि ये तमाम मसले सरकार के गृह मंत्रालय की नाक में दम कर देने वाले रहे थे। शाहीन बाग़ में आंदोलन कर रही महिलाओं को उठाने के लिए सरकार के मंत्रियों ने अपशब्दों और फिर बल के प्रयोग का समर्थन किया जो अंत में दिल्ली के दंगों की आग में बदल गया। किसान आंदोलन के समय बरसों बाद फिर से खालिस्तानी लफ्ज़ का इस्तेमाल हुआ जो अब वास्तव में बार-बार दोहराए जाने से विदेशी धरती पर खाद-पानी पा गया लगता है। पत्रकारों की इस गिरफ़्तारी और पूछताछ का आधार चीन से मिले पैसों को बनाया गया है जिसे नकारते हुए पत्रकार अभिसार शर्मा ने कहा कि मैंने ऐसा एक भी कार्यक्रम नहीं बनाया है जिसमें चीन का प्रोपेगेंडा हो। उलटे, मैंने सरकार से ये सवाल ज़रूर किये थे कि सीमा पर हमारे 20 सैनिक क्यों शहीद हुए। पत्रकार ने यह भी साफ़ किया कि मेरी जो भी कमाई है वह मेरे बैंक ट्रांज़िशन का हिस्सा है। छूटने के बाद पत्रकार के कार्यक्रम को साढ़े 12 लाख लोग देख चुके हैं जिसमें उन्होंने कहा कि मेरे बच्चे पुलिस की इस स्पेशल सेल के छापे के समय स्कूल जा रहे थे फिर भी मैं हर सवाल का जवाब दूंगा लेकिन सरकार से सवाल पूछना बंद नहीं करने वाला हूं।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**वैकल्पिक मीडिया इतना शक्तिशाली हो गया है कि सरकार को लगता है कि मतदाता इससे प्रभावित हो रहा है? खुद प्रधानमंत्री ने भी पिछले दिनों यू ट्यूब पर खुद को सब्सक्राइब करने की अपील की है। क्या इस माध्यम को भी टीवी न्यूज़ चैनलों की तरह एकतरफ़ा मोड में लाने की कोशिश है क्योंकि मंगलवार को न्यूज़ क्लिक पोर्टल के संस्थापकों के साथ ही उसके लिए कंटेंट देने वाले यू ट्यूबर्स से भी गहरी पूछताछ की गई।**

चीन से कनेक्शन अगर पत्रकारों की अभिव्यक्ति को दबाने का आधार है तो फिर अपने पहले कार्यकाल में चीनी राष्ट्रपति के बेहद नज़दीक जाते हुए देश ने अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी देखा है। गुजरात में झूला झूलते (2016) हुए और महाबलीपुरम (2019) में उनके टूरिस्ट गाइड हमारे प्रधानमंत्री ही थे। प्रधानमंत्री ने दक्षिण भारतीय वेशभूषा वेष्टि धारण की थी और चैन्नई से महाबलीपुरम तक बड़े-बड़े पोस्टर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव शी जिनपिंग के थे। देश को उम्मीद थी कि हमारे लोकप्रिय और काबिल प्रधानमंत्री 1962 के युद्ध की तकलीफ़ और विभीषिका को धो देंगे लेकिन चीन धोखेबाज़ निकला। भारत की बेहतरीन मेज़बानी के बावजूद उसने गालवान घाटी में हमारे सैनिकों पर हमला किया। कूटनीतिक रिश्तों में ऐसे मंज़र आते हैं लेकिन देश ने कभी कटघरे में खड़ा करते हुए यह नहीं कहा कि चीन को समझने में आप से भूल क्यों हुई? जबकि देश पहले भी धोखा खा चुका है। अब चीन के नाम पर पत्रकारों को डराया जा रहा है।

ये सभी वे पत्रकार हैं जो सरकार से सवाल करते हैं। न्यूज़ पोर्टल और पत्रकारों पर दिल्ली पुलिस ने यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज़ किया है जिसमें ज़मानत लगभग नामुमकिन है। न्यूज़ क्लिक पर एफआईआर जो एक पुलिस इंस्पेक्टर की ही है, उसमें आरोप है कि यह कश्मीर को भारत के नक़्शे से मिटाना चाहते हैं, चीन से पैसे लेते हैं, भारत की एकता और अखंडता को ख़त्म करना चाहते हैं और अरुणाचल प्रदेश को विवादित क्षेत्र बताना चाहते हैं। न्यूज़ क्लिक ने इन आरोपों से इंकार करते हुए कहा है कि सारी फंडिंग बैंकों के ज़रिये हुई है लेकिन जिस आधार पर हमसे पूछताछ हुई है उसका आधार दिल्ली दंगे और किसान आंदोलन है जिससे मंतव्य समझा जा सकता है। हमें कोर्ट और न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है।

ये सभी अनुभवी पत्रकार हैं जो कभी प्रभावी मीडिया चैनलों का हिस्सा रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार उर्मिलेश ने आपातकाल में भी अपनी आवाज़ बुलंद की थी। भाषा सिंह, परंजॉय गुहा ठाकुरता, अनिंद्यो चक्रवर्ती भी मुखर पत्रकारिता करते आए हैं। अब पत्रकार यह मानने लगे हैं कि उन पर दबाव का सिलसिला और बढ़ने वाला है। सत्ता आधी रात को जगा कर उनके फ़ोन, लैपटॉप जब्त कर सकती है। एक डरी हुई सरकार ने भी आपातकाल लगाकर पत्रकारों को जेल में डाला था। तानाशाह को आज़ाद आवाज़ें पसंद नहीं आतीं। पता नहीं कैसे संत कबीर लिख पाए और महात्मा गांधी ने स्वराज ला दिया। महात्मा गांधी 'यंग इंडिया', 'नवजीवन' में गोरी सत्ता के ख़िलाफ़ लगातार लिखते रहे। आज प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में हम 180 देशों के बीच 161 वें स्थान पर हैं। केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन उत्तर प्रदेश में 27 महीनों की जेल काटकर ज़मानत पर इसी साल छूटे हैं। उन्हें भी यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया गया था, मानों वे कोई आतंकवादी हों। वे दलित लड़की के साथ हुए बलात्कार केस की रिपोर्टिंग के सिलसिले में हाथरस गए थे। जेल में उन्हें दो बार कोविड हुआ और जब अस्पताल में दाख़िल कराया गया तब स्टाफ के एक अधिकारी ने कहा कि 'यह आतंकवादी है'। पांच दिनों तक उन्हें टॉयलेट जाने से रोका गया और हाथों को हथकड़ियों से बांधकर इलाज किया गया।

मणिपुर के पत्रकार किशोरचंद्र वांगकेम को देशद्रोह के आरोप में सलाखों के पीछे डाल दिया गया था। अपराध था मणिपुर सरकार की आलोचना। तब भी मुख्यमंत्री बिरेन सिंह मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री थे। पत्रकार का गुनाह यह था कि राज्य में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के जन्मोत्सव को मनाए जाने के खिलाफ पोस्ट लिखी थी। दो छोटे बच्चों की मां और पत्रकार किशोर की पत्नी रंजीता ने यह लड़ाई लड़ी और बमुश्किल पति के लिए ज़मानत हासिल की।

साल 2019 में ही उत्तर प्रदेश में मिड डे मील में नमक-रोटी परोसे जाने को लेकर पत्रकार पवन जायसवाल के ख़िलाफ़ मुकदमा दर्ज किया गया। यह मिर्ज़ापुर की घटना थी। प्रेस कॉउंसिल के दखल के बाद पुलिस ने पत्रकार का नाम हटा दिया लेकिन बाद में इस युवा पत्रकार की कैंसर से मौत हो गई। बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' से भी सरकार खासी ख़फ़ा रही। आयकर विभाग की कार्रवाई दंडित करने की मंशा से हुई। इसे 'भ्रष्ट और बकवास कॉरपोरेशन' भी कहा गया।

अमेरिकी चिंतक और आलोचक नॉम चोम्स्की ने कहा है कि जिनसे हम नफ़रत भी करते हैं और उनकी अभिव्यक्ति की आज़ादी में यकीन नहीं करते तो यकीनन हम अभिव्यक्ति की आज़ादी में भी यकीन नहीं करते। मशहूर दार्शनिक वाल्तेयर भी कह गए हैं कि हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत ना हो पाऊं लेकिन विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करुंगा। बेशक यह हमारा बुनियादी संवैधानिक हक़ है जिसे इन दिनों छीना जा रहा है। एडिटर्स गिल्ड ऑफ़ इंडिया ने इन गिरफ़्तारियों का विरोध किया है।

देश में पत्रकारों के 16 संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ से गुहार लगाई है कि आप ही हमारी अंतिम उम्मीद हैं और एक एसओएस संदेश दिया है 'सेव अवर सोल', यानी हमारी आत्मा की रक्षा कीजिये! अच्छी बात यह है कि पत्रकारों का हौसला अब भी बना हुआ है। वे गजानन माधव मुक्तिबोध की कविता की इन पंक्तियों से भी प्रेरणा लेते हैं-

अब अभिव्यक्ति के सारे खतरे  
उठाने ही होंगे।  
तोड़ने होंगे ही मठ और गढ़ सब।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# न्यूज़क्लिक पर छापेमारी स्वतंत्र मीडिया को डराने-धमकाने की नीति का हिस्सा

**■ के रवीन्द्रन**

न्यूज़ क्लिक में पत्रकारों के खिलाफ आतंकवादी कानूनों का उपयोग नरेंद्र मोदी सरकार के इस इरादे को बहुत स्पष्ट करता है: स्वतंत्र मीडिया संगठनों को आतंकित करना जो देश में हावी गोदी मीडिया परिदृश्य से अलग स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से काम करते हैं। जैसा कि प्रतीत होता है, सरकार को महसूस करती है कि जो थोड़े से स्वतंत्र मीडिया संगठन उसके प्रभाव के दायरे से बाहर हैं, उन्हें भी काम करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, विशेषकर ऐसे समय में जब जाति जनगणना और सामाजिक न्याय के पुन: दावे के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के तहत एकीकृत विपक्ष के उद्भव ने उसके लिए नये खतरे उपस्थित कर दिये हैं, और आगामी चुनावों के लिहाज से केन्द्र की भाजपा सरकार लगातार कमजोर होती दिख रही है।

न्यूज़क्लिक के खिलाफ़ मामला, जो 2021 से लंबित है, मुख्य रूप से कथित मनीलॉन्ड्रिंग के बारे में है और मनीलॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुकदमा भी चलाया जा रहा है। आरोपों में शेयरों का अधिक मूल्यांकन, फंड का डायवर्सन और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों का उल्लंघन शामिल है। पोर्टल और संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ ने प्रवर्तन निदेशालय को उनके खिलाफ 'जबरन कार्रवाई' से रोकने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का आदेश भी प्राप्त कर लिया था। लेकिन इस साल अगस्त में, ईडी ने आरोपियों को सुरक्षा देने के अपने पहले के आदेश को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया। पोर्टल के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा के आपराधिक मामले को रद्द करने की न्यूज़ क्लिक की याचिका पर अदालत ने अभी तक अपना फैसला नहीं सुनाया है। लेकिन सरकार ने अब न केवल संगठन बल्कि उसके पदाधिकारियों के खिलाफ भी आतंकवाद के आरोप लगाये हैं।

छापों की तीव्रता और नाटकीयता से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह विचार डराने-धमकाने का है। कर्मचारियों के साझा आवासों सहित 30 स्थानों पर तलाशी ली गई और उनके कम्प्यूटर और मोबाइल फोन जब्त किये गये। ये छापे आईएसआईएस और हाल ही में पीएफआई जैसे गैरकानूनी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की याद दिलाते हैं। इस बार भी आरोप वैसे ही हैं जैसे पीएमएलए के मामले में थे, जैसे देशद्रोह।

2014 में मोदी के सत्ता संभालने के बाद से छापे के पैटर्न स्पष्ट रूप से सामने आ गये हैं। इस साल फरवरी में, प्रधानमंत्री की आलोचना करने वाली एक डॉक्यूमेंट्री की रिलीज के मद्देनजर बीबीसी के परिसरों पर छापे मारे गये थे। इसी तरह की कार्रवाई मोदी सरकार की आलोचना करने वाली अन्य मीडिया इकाइयों जैसे द क्विंट और द वायर के खिलाफ भी की गई है। 2021 में, आयकर अधिकारियों ने सरकार की कोविड महामारी से निपटने में कमियों की आलोचना करने के लिए, देश के अग्रणी और प्रभावशाली समाचार पत्र समूहों में से एक, दैनिक भास्कर के मामलों की जांच भी शुरू की थी।

**छापों की तीव्रता और नाटकीयता से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह विचार डराने-धमकाने का है। कर्मचारियों के साझा आवासों सहित 30 स्थानों पर तलाशी ली गई और उनके कम्प्यूटर और मोबाइल फोन जब्त किये गये। ये छापे आईएसआईएस और हाल ही में पीएफआई जैसे गैरकानूनी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की याद दिलाते हैं। इस बार भी आरोप वैसे ही हैं जैसे पीएमएलए के मामले में थे, जैसे देशद्रोह।**

हिसाब बराबर करने के लिए प्रवर्तन महानिदेशालय और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग न्यायपालिका के ध्यान से बच नहीं पाया है, जो हाल ही में समस्या के बारे में तेजी से मुखर रही है। सर्वोच्च न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के बारे में आलोचकों द्वारा उठाये गये सभी मुद्दों की जांच करने के लिए तैयार है। यह महज संयोग नहीं हो सकता है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस तरह के दुरुपयोग के खिलाफ खुद को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है, जिससे यह जानकारी मिलती है कि अदालत आने वाले दिनों में इस समस्या से कैसे निपटें उसकी योजना बना रही है।

भले ही पुरकायस्थ और उनके एचआर मैनेजर से ईडी की हिरासत में पूछताछ चल रही है, लेकिन मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में इसी तरह की दो गिरफ्तारियां रद्द करने के बाद एजेंसी को सर्वोच्च न्यायालय की फटकार का सामना करना पड़ रहा है। अदालत ने कहा कि प्रवर्तन महानिदेशालय प्रतिशोधात्मक तरीके से व्यवहार नहीं कर सकता और उसे उच्चतम स्तर की निष्पक्षता के साथ काम करते हुए दिखना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा, 'ईडी की हर कार्रवाई पारदर्शी, संदेह से ऊपर और कार्रवाई में निष्पक्षता के प्राचीन मानकों के अनुरूप होने की उम्मीद की जाती है।' गुरुग्रम के एम3एम ग्रुप के निदेशकों- बसंत बंसल तथा पंकज बंसल ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया था, जिसने जून में जमानत के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया था।

अदालत ने कहा कि इस मामले में, तथ्यों से पता चलता है कि जांच एजेंसी 'अपने कार्यों का निर्वहन करने और अपनी शक्तियों का प्रयोग करने में विफल' रही। न्यायाधीशों ने कहा, 'ईडी से अपने आचरण में प्रतिशोधपूर्ण होने की उम्मीद नहीं की जाती है और उसे अत्यंत ईमानदारी और उच्चतम स्तर की निष्पक्षता और निष्पक्षता के साथ कार्य करते हुए देखा जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त आधार होना चाहिए।

न्यायाधीशों ने कहा कि ईडी को यह विश्वास करने के लिए विशेष रूप से कारण ढूंढना होगा कि आरोपी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपराध के दोषी हैं और सम्मन के जवाब में केवल असहयोग किसी को भी गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। अदालत ने कहा, 'पूछताछ के लिए बुलाये गये व्यक्ति से अपराध स्वीकार करने की उम्मीद करना ईडी के लिए समुचित नहीं है।'

## पावन प्रसंग

# 'श्राद्ध' पितरों का पर्व

'श्रद्धया दीयते यत् तत् श्राद्धम्।'

'श्राद्ध' का वास्तविक अर्थ है कि जो कुछ भी दिया जाए श्रद्धा से दिया जाय। पितरों के लिए श्रद्धापूर्वक किए गए पदार्थ-दान (हविष्यान्न, तिल, कुश, जल के दान) का नाम ही श्राद्ध है। श्राद्धकर्म पितृऋण चुकाने का सरल व सहज मार्ग है। पितृपक्ष में श्राद्ध करने से पितरगण वर्षभर प्रसन्न रहते हैं।

श्राद्ध-कर्म से व्यक्ति केवल अपने सगे-सम्बन्धियों को ही नहीं, बल्कि ब्रह्मा से लेकर तृणपर्यन्त सभी प्राणियों व जगत को तृप्त करता है। पितरों की पूजा को साक्षात विष्णुपूजा ही माना गया है। प्राय: कुछ लोग यह शंका करते हैं कि श्राद्ध में समर्पित की गईं वस्तुएं पितरों को कैसे मिलती है? कर्मों की भिन्नता के कारण मरने के बाद गतियां भी भिन्न-भिन्न होती हैं जैसे कि कोई देवता, कोई पितर, कोई प्रेत, कोई हाथी, कोई चींटी, कोई वृक्ष और कोई तृण बन जाता है। तब मन में यह शंका होती है कि छोटे से पिण्ड से अलग-अलग योनियों में पितरों को तृप्ति कैसे मिलती है? इस शंका का स्कन्दपुराण में बहुत सुन्दर समाधान मिलता है।

एक बार राजा करन्धम ने महायोगी महाकाल से पूछा कि, मनुष्यों द्वारा पितरों के लिए जो तर्पण या पिण्डदान किया जाता है तो वह जल, पिण्ड आदि तो यहीं रह जाता है फिर पितरों के पास वे वस्तुएं कैसे पहुंचती हैं और कैसे पितरों को तृप्ति होती है?

भगवान महाकाल ने बताया कि, विश्वश्वनियन्ता ने ऐसी व्यवस्था कर रखी है कि श्राद्ध की सामग्री उनके अनुरुप होकर पितरों के पास पहुंचती है। इस व्यवस्था के अधिपति हैं 'अग्निष्वात'। पितरों और देवताओं की योनि ऐसी है कि वे दूर से कही हुई बातें सुन लेते हैं, दूर की पूजा ग्रहण कर लेते हैं और दूर से कही गई स्तुतियों से ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे भूत, भविष्य व वर्तमान सब जानते हैं और सभी जगह पहुंच सकते हैं। पांच तन्मात्राएं, मन, बुद्धि, अहंकार और प्रकृति, इन नौ तत्वों से उनका शरीर बना होता है और इसके भीतर दसवें तत्व के रूप में साक्षात भगवान पुरुषोत्तम उसमें निवास करते हैं। इसलिए देवता और पितर गन्ध व रसतत्व से तृप्त होते हैं। शब्दतत्व से रहते हैं और स्पर्शतत्व को ग्रहण करते हैं। पवित्रता से ही वे प्रसन्न होते हैं और वर देते हैं।

जैसे मनुष्यों का आहार अन्न है, पशुओं का आहार तृण है, वैसे ही पितरों का आहार अन्न का सार-तत्व (गंध और रस) है। अत: वे अन्न व जल का सारतत्व ही ग्रहण करते हैं। शेष जो स्थूल वस्तु है, वह यहीं रह जाती है।

नाम व गोत्र के उच्चारण के साथ जो अन्न-जल आदि पितरों को दिया जाता है, विश्वेदेव एवं अग्निष्वात (दिव्य पितर) हव्य-कव्य को पितरों तक पहुंचा देते हैं। यदि पितर देवयोनि को प्राप्त हुए हैं तो यहां दिया गया अन्न उन्हें 'अमृत' होकर प्राप्त होता है। यदि गन्धर्व बन गए हैं तो वह अन्न उन्हें भोगों के रूप में प्राप्त होता है। यदि पशुयोनि में हैं तो वह अन्न तृण के रूप में प्राप्त होता है। नागयोनि में वायुरूप से, यक्षयोनि में पानरूप से, राक्षसयोनि में आमिषरूप में, दानवयोनि में मांसरूप में, प्रेतयोनि में रुधिर रूप में और मनुष्य बन जाने पर भोगने योग्य तृप्तिकारक पदार्थों के रूप में प्राप्त होता हैं।

जिस प्रकार बछड़ा झुण्ड में अपनी मां को ढूंढ़ ही लेता है, उसी प्रकार नाम, गोत्र, ह्दय की भक्ति एवं देश-काल आदि के सहारे दिए गए पदार्थों को मन्त्र पितरों के पास पहुंचा देते हैं। जीव चाहें सैकड़ों योनियों को भी पार क्यों न कर गया हो, तृप्ति तो उसके पास पहुंच ही जाती है। श्राद्ध से बढ़कर और कोई कल्याणकारी कार्य नहीं है और वंशवृद्धि के लिए तो पितरों की आराधना ही एकमात्र उपाय है। पितर प्रसन्न तो सभी देवता भी प्रसन्न हो जाते हैं।

ब्रह्मपुराण में बताया गया है कि धन के अभाव में श्रद्धापूर्वक केवल शाक से भी श्राद्ध किया जा सकता है। यदि इतना भी न हो तो अपनी दोनों भुजाओं को उठाकर कह देना चाहिए कि मेरे पास श्राद्ध के लिए न धन है और न ही कोई वस्तु। अत: मैं अपने पितरों को प्रणाम करता हूं, वे मेरी भक्ति से ही तृप्त हों।

**आर.डी.अग्रवाल (सुमन सागर)**

## आपके पत्र

# बिहार में खेल के क्षेत्र में सुधार की कवायद

एक समय था जब कहा जाता था, 'पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे बनोगे खराब'. मगर बदलते समय के साथ इस कहावत के मायने बदल गये हैं. अब 'खेल-खेल में पढ़ाई' पर जोर दिया जाने लगा है। खेल के क्षेत्र में कैरियर की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए युवा इसकी ओर आकर्षित होने लगे हैं। ग्लैमर, पैसा एवं सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध अवसरों के कारण गांव के युवाओं-छात्राओं में भी खेल के प्रति रूचि बढ़ी है। छोटे-बड़े शहरों से लेकर स्कूल-कॉलेजों के स्पोर्ट्स ग्राउंड एवं गांवों के खेत-खलिहान में युवाओं को क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, कुश्ती आदि खेलते देखे जा सकते हैं। अन्य राज्यों की तरह बिहार के सुदूर देहाती इलाकों में भी क्रिकेट क्लब, फुटबॉल क्लब आदि का गठन कर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहता है। सरकार भी खेलकूद को बढ़ावा देने की कवायद में जुटी हुई है। लेकिन इन खिलाड़ियों के सामने कई चुनौतियां भी हैं, जो उन्हें नेशनल-इंटरनेशनल टूर्नामेंट तक पहुंचने में बाधक बनी हुई है।

वैशाली जिले के अरनिया जंदाहा निवासी नीतीश कुमार स्नातक के छात्र हैं। वे पिछले कई सालों से क्रिकेट के मैदान पर बेहतरीन बॉलर के तौर पर पसीने बहा रहे हैं। ऑल इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी के क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में नीतीश ने दूसरे स्टेट में जाकर भी टूर्नामेंट खेला है। लेकिन अब तक उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। नीतीश का कहना है कि पहले की तुलना में अब प्रदेश में खेलकूद का माहौल बदला है। सरकार अपनी योजनाओं में खेलों को बढ़ावा देने में प्राथमिकता दे रही है। कोचिंग भी मिल रही है, लेकिन अभी और ध्यान देने की जरूरत है। मुजफ्फरपुर के खेल संघ से जुड़े रहे एक पदाधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि नि:संदेह बिहार में खेल के क्षेत्र में बदलाव आए हैं, लेकिन खेल संघों की राजनीति, जातिवाद-पैरवी, खेलकूद के लिए आबंटित पैसों में गड़बडी, खिलाड़ियों को समय पर पैसे न मिलना आदि कुछ ऐसी चीजें हैं, जो खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने में बाधक बनती हैं।

बिहार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है. लेकिन करप्शन, खेल संघों में राजनीति, जातिवाद, पैरवी और पैसों का खेल बहुत सारी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने नहीं दे रहा है. ट्रायल के दौरान ही बहुत सारे वाजिब खिलाडियों को टूर्नामेंट में भाग लेने से रोक दिया जाता है और ऐसे खिलाड़ियों को चुन लिया जाता है जिनमें खेल को छोड़कर उपर्युक्त सभी गुण होते हैं. ऐसे में ज़रूरी है कि यदि बिहार में भी खेलों को बढ़ावा देना है और यहां के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों तक पहुंचना है तो सबसे पहले चयन में पारदर्शिता लानी होगी. खेल संघों को राजनीति, जातिवाद और पैरवी करने वालों से मुक्त करना होगा. एक खिलाड़ी ही खेल के महत्व और खिलाड़ियों की प्रतिभा को पहचान सकता है. इसलिए ज़रूरी है कि खेल संघों की कमान केवल राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ियों के हाथों में होनी चाहिए।

**रिंकु कुमारी, मुजफ्फरपुर, बिहार**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
शुक्रवार 6 अक्टूबर 2023

**उल्टा पुल्टा**

दोस्त- यार तुमने स्कूल आना क्यों छोड़ दिया?

पप्पू- मेरे पापा कह रहे थे कि एक ही जगह बार-बार जाने से इज्जत कम हो जाती है।

# निर्वाचन में सेक्टर अधिकारी की अहम भूमिका - कलेक्टर

## सेक्टर अधिकारियों को दिया गया दूसरे चरण के निर्वाचन कार्य का प्रशिक्षण

### अधिकारी अपने क्षेत्र के हर गतिविधि में शामिल हों



**बिलासपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)।आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर आज जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में सेक्टर अधिकारियों के लिए दूसरे चरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा ने कहा कि प्रत्येक चुनाव में सेक्टर अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के हर गतिविधि में शामिल हो। सेक्टर अधिकारी मतदान तथा मतगणना के सभी कार्यों में समन्वय करते है। निर्वाचन को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए सेक्टर अधिकारी चुनाव की हर प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखें। प्रशिक्षण में दी जा रही सभी जानकारियों को आत्मसात कर लें जिससे चुनाव के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन संबंधी सभी प्रपत्रों का अध्ययन करने के साथ ही प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी के अनुरूप अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए मूलभूत सुविधाएं जैसे रैम्प, जल, बिजली, शौचालय आदि की जानकारी एकत्रित करें।

जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा सेक्टर ऑफिसर को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों का बारीकी से विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आदर्श आचरण संहिता का पालन, समस्याग्रस्त क्षेत्रों की पहचान, असुरक्षित मतदाता समूहों की पहचान करने तथा विभिन्न प्रपत्रों में रिटर्निंग ऑफिसर को रिपोर्ट करने के संबंध में जानकारी दी गई। मतदान पूर्व दिवस की तैयारी में मतदान दलों को सामग्री सहित मतदान केंद्रों में सुरक्षित पहुंचाना, किसी भी प्रकार की शंका होने पर समाधान करना तथा कंट्रोल रूम को रिपोर्ट करने का दायित्व सेक्टर अधिकारी का है। प्रशिक्षण में बताया गया कि सेक्टर ऑफिसर अपने पास रिजर्व मतदान सामग्री एवं मतदान कार्मिक भी रखेंगे जिससे की आवश्यकता वाले केंद्रों में पूर्ति की जा सके। मतदान की पूर्व रात्रि पर सेक्टर अधिकारी अपने सेक्टर मुख्यालय में रात्रि विश्राम करेंगे तथा मतदान दिवस किसी एक मतदान केंद्र में उपस्थित होकर मोक पोल की कार्यवाही संपन्न करेंगे। यदि किसी मतदान केंद्र में मशीन खराब हो जाती है तो दूसरी ईवीएम मशीन प्रतिस्थापित करेंगे। सेक्टर अधिकारी कंट्रोल रूम को हर दो-दो घंटे में वोटिंग परसेंटेज की जानकारी देंगे। मतदान समाप्त होने के उपरांत मशीनों की सीलिंग करायेंगे एवं आवश्यक प्रपत्रों को भरवायेंगे तथा उनके अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्रों के मतदान अधिकारियों को सामग्री जमा सेंटर में सुरक्षित पहुंचायेंगे। सेक्टर अधिकारियों से कहा गया कि वे सभी घटकों यथा मतदान अधिकारी नजदीकी पुलिस थाना, कंट्रोल रूम, रिटर्निंग ऑफिसर, बीएलओ इत्यादि का मोबाईल नंबर नोट करके रख लें। सेक्टर ऑफिसर के वाहन में जीपीएस सिस्टम से उनके वाहन की निगरानी रखी जायेगी। वे इस बात की मॉनिटरिंग के लिए भी उत्तरदायी होंगे कि बीएलओ 80 से अधिक आयु के तथा दिव्यांग मतदाताओं को फार्म 12 घ बांट रहे है तथा वापस जमा कर रहे है। मतदान के एक सप्ताह पूर्व सभी सेक्टर अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदाय की जाएगी ताकि उनके प्रभार के सेक्टर में उचित कानून व्यवस्था बनी रह सके। प्रशिक्षण में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेश शर्मा, निर्वाचक पर्यवेक्षक ऋषिकेश राय सहित 138 सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

### नागरिक मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें

*इस साल के अंत में जिन पांच राज्यों के चुनाव होने जा रहे हैं उनमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। बुधवार को राज्य के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो जाने से एक तरह से यह संकेत मिल गया है कि शासकीय मशीनरी चुनाव कराने के लिये अब पूरी तरह से तैयार हो गई है। उम्मीद की जाती है कि अपनी उज्ज्वल लोकतांत्रिक परम्परा के अनुरूप छग के चुनाव इस बार भी पूर्णतः निष्पक्ष होंगे। नागरिकों से भी आशा की जानी चाहिये कि अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करेंगे। मताधिकार का उपयोग करने या न करने का अधिकार तो सभी को है लेकिन सरकार की आलोचना करने के लिये अगर नैतिक अधिकार प्राप्त करना हो तो मतदान अवश्य करना चाहिये। सरकार से सवाल करने और उसका जवाब लेने का हक भी तभी शोभा देता है जब हम मतदान बूथ तक ज़रूर पहुंचे। हालांकि मतदान के लिये किसी को बाध्य नहीं किया जा सकता परन्तु ऐसा करना जागरूक नागरिक होने की निशानी है। सभी राजनीतिक दलों के लिये भी यह संशोधित निर्वाचन नामावली बेहद ज़रूरी होती है जिसके आधार पर वे अपने सम्भावित मतदाताओं से सम्पर्क करेंगे।*

*बुधवार को ही छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छग के विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है जिसमें कुल 2,`3,6,24` मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। ये ही मताधिकार के पात्र हैं। इनमें 1,`1,2,83` पुरुष और 1,`2,39,41` महिलाएं हैं। 79` थर्ड जेंडर हैं। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अब चुनावी आचार संहिता के लागू होने का इंतज़ार है- राजनैतिक दलों को और मतदाताओं को भी। खासकर वे बहुत उत्सुक हैं जो पहली बार मतदान करेंगे। 18 साल की आयु पूरी कर लेने वाले ऐसे पहली बार मतदान करने वाले लोगों की संख्या 18 लाख से अधिक है।*

*सरकार को चाहिये कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये अभियान चलाए। इसके लिये स्वयंसेवी संगठनों की मदद ली जा सकती है। सार्वजनिक स्थानों पर इस आशय के पोस्टर, बैनर आदि लगवाने चाहिये। इनमें लोगों को मताधिकार का महत्व बतलाना चाहिये तथा मताधिकार का प्रयोग करने के लिये उन्हें प्रेरित भी करना चाहिये। मतदाताओं को यह बतलाना बहुत आवश्यक है कि किसी भी राजनैतिक दल या उम्मीदवार द्वारा दिये जाने वाले किसी भी प्रकार के प्रलोभनों में नहीं पड़ना चाहिये। संकीर्ण कारणों से किसी को समर्थन देने या विरोध करने की बजाय उन्हें विकास के पैमाने पर परखना आना चाहिये। उसके लिये मतदान का पैमाना राजनैतिक दलों के घोषणापत्र, उम्मीदवारों की योग्यता आदि होनी चाहिये। राजनैतिक दलों को भी चाहिये कि वे चुनावी प्रचार अभियानों के दौरान लोगों को अपने कामों की सही जानकारी दें और भावी योजनाओं के बारे में भी सूचित करें।*

## स्वास्थ्य विभाग में सीधी भर्ती के लिए अंतिम सूची जारी

**बिलासपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कार्यालय, संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें द्वारा संभाग स्तरीय तृतीय श्रेणी के 231 विभिन्न रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत पात्र अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं जारी सूची पर प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण कर अनंतिम सूची विभागीय वेबसाईट में अपलोड कर दी गई है। विस्तृत विवरण हेतु विभागीय वेबसाईट एवं का अवलोकन कर सकते है।

## सार-संक्षेप

### गनियारी व मस्तुरी को नगर पंचायत बनाने प्रक्रिया शुरू, दावा-आपत्ति 16 तक आमंत्रित

**बिलासपुर,** 5 अक्टूबर ( देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप तखतपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत गनियारी एवं मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत मस्तूरी को नगर पंचायत बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग महानदी भवन रायपुर द्वारा इस आशय की अधिसूचना का 25 सितम्बर को प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी दावा/आपत्ति 16 अक्टूबर 2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। गनियारी ग्राम पंचायत के सबंध में दावा/आपत्ति जनपद पंचायत तखतपुर अथवा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी तखतपुर और मस्तुरी ग्राम पंचायत के संबंध में आपत्ति जनपद पंचायत मस्तुरी अथवा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय मस्तुरी में उक्त तिथि तक प्रस्तुत की जा सकती है। गनियारी ग्राम पंचायत की वर्तमान में जनसंख्या 10 हजार 28 और मस्तुरी ग्राम पंचायत की जनसंख्या 5,934 है। नगर पंचायत की सीमाएं वहीं होंगी जो ग्राम पंचायत के रूप में स्वीकृत हैं।

### विधायक बांधी ने लाखो के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**बिलासपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। मस्तुरी विधायक, ने बुधवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की सबसे पहले विधायक ग्राम ठाकुरदेवा पहुंचे और कार्यकर्ताओं से भेंट वार्ता की इस दौरान उन्होंने ग्राम विकास में एक और कड़ी जोड़ते हुए ठाकुरदेवा में 6 लाख से निर्मित होने वाली सीसी रोड सड़क का भूमिपूजन किया।

ग्राम गिधपुरी में 2 सामुदायिक भवन का लोकार्पण सहित दो नए सामुदायिक भवन कुल 6 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया इसके बाद मचहा में आहता निर्माण का लोकार्पण कर ग्राम वासियों की सुख सुविधाओं के लिए सोलर लाइट कार्य के लिए भूमिपूजन कर कार्य की शुरुआत की वही ओखर में सांसद मद से 10 लाख के सीसी रोड व विधायक निधि से 7 लाख व सेड निर्माण लागत 3.5 लाख का भूमिपूजन किया इस दौरान उन्होंने गांव के बड़े बुजुर्गो से नारियल फोड़वा कर कार्य का श्री गणेश करवाया लगातार क्षेत्र हो रहे विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने उनका आभार प्रकट किया और डॉ.बांधी जिंदाबाद के नारे लगाए कार्यक्रम में विधायक ने ग्राम के विकास सहित विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की।

### युकां नेता की गिरफ़्तारी की मांग को लेकर एएसपी को भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर ,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेसी नेता द्वारा हवाई फायरिंग किये जाने का वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हो रही है जिसको तुरंत गिरफ्तार किये जाने हेतु भारतीय जनता युवा मोर्चा ने आज पुलिस अधीक्षक बिलासपुर के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा।भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी एवं युवा मोर्चा के जिला प्रभारी दीपक सिंह ने कहा कि यूथ कांग्रेस बिलासपुर यूथ कांग्रेस शहर के अध्यक्ष शेरू असलम का रात में हवाई फायरिंग किये जाने का वीडियो सोशल मीडिया में चल रहा है, याद दिला दे कि यह वही शेरू असलम है जो पिछले समय किसानों को धमकाने के लिये जाना जाता रहा है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में इस तरह की वारदात का होना गंभीर घटनाओं में यदि तब्दील हो जाता है तो प्रशासन क्या करेगा। इस तरह की घटनाओं पर लगाम लगाने हेतु तत्काल यूथ कांग्रेस के शहर अध्यक्ष की गिरफ्तारी की जाए। ज्ञापन सौपने वालों प्रमुख रूप से इंशु गुप्ता, धनंजय गोस्वामी, विनय अवस्थी, नितिन छाबड़ा, मुकेश राव, वैभव गुप्ता, पंकज जायसवाल, साहिल कश्यप, अमित सिंह, करण पाण्डेय, अनुज वोहरा, गप्पू सोनकर सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजली कार्यालय खुलने से अरपा पार के 22 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत-महापौर



**बिलासपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर का विस्तार करने के साथ-साथ प्रदेश सरकार मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने लगातार कार्य कर रही है। ताकी लोगों को किसी भी प्रकार की तकलीफों का सामना करना न पड़े। पिछले कई वर्षों से अरपा पार के रहवासियों के लिए बिजली कार्यालय खोलने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उक्त बातें बिलासपुर नगर निगम महापौर रामशरण यादव ने वसंत विहार में नए बिजली कार्यालय के उद्घाटन समारोह के दौरान कही।

महापौर रामशरण यादव ने बताया कि अरपा पार में बसे लगभग 22 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित काम के लिए तोरवा स्थित जोन कार्यालय जाना पड़ता था। वहीं बिजली गुल हो जाने या फिर किसी अन्य समस्या के लिए लोगों को तोरवा के कर्मचारियों के आने का इंतजार करना पड़ता था। इससे शिकायतें दूर होने में काफी समय लगता था। यहां के लोगों ने कई बार बिजली कार्यालय खोलने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि वसंत विहार जोन कार्यालय खुल जाने से राजकिशोर नगर, मोपका, देवनंदन नगर, रामकृष्ण नगर, राधिका विहार, चिंगराजपारा एवं साइंस कॉलेज के आसपास क्षेत्र के उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी। इस उद्घाटन समारोह के दौरान छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, अरपा बेसिन प्राधिकरण उपाध्यक्ष अभय नारायण राय, एमआईसी सदस्य श्रीमती संध्या तिवारी बिलासपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता एके धर, बिलासपुर क्षेत्र के अतिरिक्त मुख्य अभियंता डीके भोजक सहित बड़ी संख्या में विभाग के कर्मचारी, अधिकारी व रहवासी उपस्थित थे।

# जानलेवा हमला करने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डी.जे. में नाचने से मना करने की बात को लेकर विवाद मामले में जानलेवा हमला करने वाले फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

तोरवा पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सुरेश मौर्य निवासी कैलाश नगर ढेका उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 28.09.2023 को गांव के बाल गणेश उत्सव समिति ढेका के नाम से स्थापित गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु डीजे लगाकर लडके एवं महिलाओ के साथ नाचते गाते जा रहे थे कि जो प्रार्थी अपने दुकान के पास ही पहुंचा था कि उसी समय दर्रीघाट के दो तीन लडके डीजे में डांस करने लगे जब लडको के द्वारा मना किया गया तो आरोपी सिद्धांत उर्फ सिद्धू कुर्रे अपने साथियो को बताया कि ढेका के लोग डीजे में डांस करने से मना किये है और मुझे निकाल दिये मारपीट करने के लिये तैयार है कहकर अपने गांव एवं रिस्तेदार को बुलाया और ढेका बाजार अरपा पुल के सामने राहुल किराना दुकान के सामने पहुंचकर मारपीट किये हो कहर घातक हथियार लाठी, डंडा, रॉड, बत्ता से लैस होकर जानलेवा हमला कर प्रार्थी सुरेश मौर्य एवं उसके दोस्त विष्णु विश्वकर्मा, अमर मौर्य, संजू मिश्रा, ऋषभ मौर्य, मुकेश विश्वकर्मा विश्वा विश्वकर्मा, अनिल बघेल, सोनू विश्वकर्मा, तमन बघेल राहुल मौर्य, सौरभ मौर्य, अभिषेक मोर्य, विशाल मौर्य, हरि गोड, रिंकू निषाद एवं अन्य लोगो को चोट पहुंचाये है। जो घटना में शामिल आरोपी भुवनेश्वर धीरज एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को पकडा गया।

# फ्यूज काल सेंटर बेलगाम, जब मर्जी तब उठाते हैं काल

**बिलासपुर,**5 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिजली वितरण कंपनी का फ्यूल काल सेंटर पूरी तरह बेलगाम हो चुका है। यहां ड्यूटी में तैनात कर्मी तभी उपभोक्ताओं का काल उठाता है, जब उसकी मर्जी होती है। यह समस्या सबसे ज्यादा नेहरू नगर स्थित फ्यूल काल सेंटर में आ रही है। इस लापरवाही की जानकारी ऐसा नहीं है कि बिजली कंपनी के अधिकारियों को नहीं है। निजी व्यवस्था होने के कारण अधिकारी उन पर किसी तरह दबाव बनाने से कतराते हैं। इसी के चलते आम उपभोक्ताओं को दिक्कतें हो रहीं है।

बिजली से जुड़ी खराबियों को सुधारने के लिए कंपनी ने दो तरह की व्यवस्था कर रखी है। विभागीय कर्मचारी, तभी सुधार करने के लिए पहुंचते हैं, जब मेन लाइन में तकनीकी खराबी आती है। फ्यूज या छुटपुट खराबियां ठीक करने के लिए कंपनी फ्यूल काल सेंटर की व्यवस्था की है। यहां काम करने वाले कर्मचारी निजी होते हैं। कंपनी यह कार्य ठेके पर कराती है।इस व्यवस्था के तहत ठेकेदार काल सेंटर में अपना एक कर्मचारी बैठाता है, जिसकी जिम्मेदारी है कि उपभोक्ताओं से मिली बिजली संबंधित शिकायतों को दर्ज करना और उसके बाद संबंधित स्थान पर फ्यूल काल सेंटर के कर्मचारी को भेजना। आमतौर बड़ी खराबियां नहीं आती। इस लिहाज सबसे ज्यादा दिक्कत डीओ गिरने या तार कटने जैसी आती है।कंपनी ने यह व्यवस्था इसलिए की है, ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। लेकिन, स्थिति इसके ठीक विपरित है। फ्यूज काल सेंटर हमेशा से विवाद में रहा है। एक तो यहां बैठे कर्मचारियों के द्वारा उपभोक्ताओं से सही व्यवहार नहीं किया जाता। इसके अलावा ठेकेदार को जितने संसाधन या कर्मचारी रखने चाहिए, वह इस मापदंड को भी पूरा नहीं करता। इसके चलते बिजली सुधार होने पर काफी समय लगता है।इन समस्याओं के साथ- साथ अब उपभोक्ताओं को नई तरह की दिक्कत आ रही है। फ्यूल काल सेंटर में काल ही रिसीव नहीं हो रहा। यह समस्या सबसे ज्यादा नेहरू नगर काल सेंटर की है। मंगला राजाबाड़ा में एक फेज करीब 15 दिन से बंद था। उपभोक्ता इसकी शिकायत करने के लिए पहले दिन से काल कर रहे थे।




# आठ पुलिस अधिकारी कर्मचारी बने 'कॉप ऑफ द मंथ'

## दिल्ली की सबसे बड़ी करोड़ों की चोरी और सिविल लाइन की चोरियां निकालने वाली टीम सम्मानित

### चार आरक्षकों को लापरवाही बरतने पर हुए अर्थदंड से दंडित हुए और एक को लंबे समय तक गैरहाजिर रहने पर सेवा से किया गया पृथक



**बिलासपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह द्वारा पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे अधिकारी कर्मचारी को प्रोत्साहित करने हेतु ''कॉप ऑफ द मंथ'' पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। माह सितंबर के लिए थाना सिविल लाईन, जिला बिलासपुर के चोरी के प्रकरणों में अत्यन्त सूझबूझ से कार्यवाही करते हुये आरोपी से 18 किलो 675 ग्राम सोना एवं साढ़े बारह लाख रूपये नगदी रकम बरामद करने के सराहनीय कार्य हेतु उप निरी. कृष्णा साहू, प्रभारी ए.सी.सी.यू. एवं आर. अविनाश कश्यप, आर. सोनू पॉल को, थाना हिर्री क्षेत्रान्तर्गत ''निजात'' अभियान में एनडीपीएस के तहत 500 ग्राम चरस बरामद करने के लिये स.उ.नि. हेमन्त सिंह को, महिला संबंधी अपराध में अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी हेतु स.उ.नि. सीता साहू को, लगन एवं परिश्रम से यातायात व्यवस्था का कार्य संपादन करने के लिये प्र.आर. दीपक घोष को, थाना कोटा के बड़ी संख्या में स्थायी वारंटियों एवं चोरी के आरोपी की गिरफ्तारी में सहयोग के सराहनीय कार्य हेतु आर. संजय श्याम को एवं आर.(चालक) विनोद साहू रक्षित केन्द्र, बिलासपुर को लगन एवं परिश्रम से कर्तव्य निष्पादन हेतु कॉप ऑफ द मंथ सम्मान से सम्मानित किया गया है। दूसरी ओर बल में अनुशासन कायम रखने हेतु इस माह रक्षित केन्द्र में पदस्थ दो आरक्षकों को लम्बी अवधि से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति पर और दो आरक्षकों को विचाराधीन बंदी की सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले पर को दीर्घ शास्ति, बड़ी सजा दी गई है। इसके अतिरिक्त एक आरक्षक मंजीत गोयल को लम्बी अनाधिकृत अनुपस्थिति के लिये विभागीय जांच कर पुलिस सेवा से पृथक किया गया। ई सके अतिरिक्त यातायात/कानून व्यवस्था के बेहतर क्रियान्वयन आईसीसीयू कमांड सेंटर में उत्कृष्ट कर्तव्य निर्वहन हेतु रितु दीक्षित को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। चुने गए कर्मचारियों को नगद इनाम एवं गुड सर्विस एंट्री व प्रशंसापत्र के साथ ही उनका फोटो समस्त पुलिस कार्यालयों और सभी थाना व चौकी के नोटिस बोर्ड पर पूरे माह के लिए लगा रहेगा। इससे दूसरे पुलिसकर्मी भी अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जनता से अच्छा व्यवहार जिम्मेदारी एवम निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को हमेशा सम्मानित किया जाएगा वही अवैध काम में लिप्त व अनुशासनहीनता व पदीय कर्तव्य निर्वहन में लापरवाहीपूर्ण आचरण करने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अभिषेक माहेश्वरी, अति.पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण एवं राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवम् कार्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

## शांति समिति की बैठक आज




**बिलासपुर,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। 15 अक्टूबर 2023 से नवरत्रि पर्व, दिनांक 24 अक्टूबर 2023 को दशहरा (विजयादशमी), दिनांक 25 अक्टूबर 2023 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने एवं पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा अन्य प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में विचार-विमर्श हेतु शांति समिति की बैठक दिनांक 06 अक्टूबर 2023 (शुक्रवार) को सायं 04ः00 बजे जिला कार्यालय परिसर स्थित मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

## सार-संक्षेप

### सिंघाली पहुंचीं सांसद, प्रभावितों से की मुलाकात



**कोरबा,** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की सिंघाली परियोजना के कुछ वर्ष पूर्व 60 मीटर भूस्खलन को देखते हुए जन हानि को क्षति न पहुंचे इसका खदान क्षेत्र में बारिकी से अध्ययन करते हुए क्षेत्रीय सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने उप क्षेत्रीय प्रबंधक बी राना, शंभूशरण कुमार व खान अधीक्षक कुम्हार तथा अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुरक्षा के साथ कार्य करने को कहा। कोयला, सलाहकार समिति सदस्य सांसद महंत ने लगभग सैकड़ों कामगारों से मिलकर ऊनका कुशलक्षेम पूछा। इस अवसर पर उनके सांसद प्रतिनिधि पोषकदास महंत, संयुक्त महामंत्री उषा तिवारी, समाज सेविका उषा जायसवाल, एल्डरमेन रुपा मिश्रा, सूरज महंत, किरण चौरसिया, रमेश परिहार, बबलू महाराज, संदीप राय, धनीराम साहू, उदय नायक, विधायक प्रतिनिधि रामगोपाल कंवर आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।


### सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर, एमसीएमसी का प्रशिक्षण आज

कोरबा, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुचारू संपादन हेतु 6 अक्टूबर को जिला पंचायत कोरबा के सभाकक्ष में सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर, एमसीएमसी समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मास्टर ट्रेनर द्वारा दोपहर 11 बजे से 01ः30 बजे तक सेक्टर ऑफिसर व मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण एवं दोपहर 1ः30 बजे से 2ः30 बजे तक एमसीएमसी समिति के प्रभारी अधिकारी, सदस्यो एवं अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सभी संबंधित निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

### सर्वमंगला मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व 15 से

कोरबा, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर दुरपा में 15 अक्टूबर से शारदीय क्वॉर नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया



जाएगा। अश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से प्रारंभ शारदीय क्वॉर नवरात्रि पर्व अश्विन शुक्ल पक्ष नमवीं 23 अक्टूबर तक मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। इसके अतिरिक्त यज्ञोपवित संस्कार, जसगीत गायन, भजन-कीर्तन का आयोजन रखा गया है। राजपुरोहित पंडित नमन पाण्डेय ने समस्त धर्मानुरागियों से आग्रह किया है कि मातेश्वरी माँ श्री सर्वमंगला देवी के दर्शन लाभ चरणों में सर्व मनोकामना अर्पित कर अपना जीवन सफल बनावें। उक्त पुण्य कार्यो में तन-मन-धन से सहयोग कर यज्ञ को सफल बनावें। मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हेतु तैल्य ज्योति 701 रूपये एवं घृत ज्योति कलश के लिए 2100 रूपये जमा कर मंदिर परिसर स्थित कार्यालय से रसीद प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा अन्य से संपर्क कर सकते है। सर्वमनोकामना ज्योति कलश का हवन 22 अक्टूबर रविवार को होगा। माँ सर्वमंगला देवी की आरती प्रातः एवं संध्या 7 बजे होगी। पूर्णाहुति सहस्त्रधारा कपिला तपर्ण, कन्या भोज, ब्राम्हण भोज एवं विसर्जन 23 अक्टूबर को होगा। ज्योति कलश नवरात्रि का प्रसाद मंदिर परिसर स्थित कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।प्रति दिन माँ का भोग प्रसाद दोपहर 12 बजे व मां सर्वमंगला देवी की मंगल श्रृंगार प्रतिदिन रात्रि 11 बजे होगा।

### प्रिंटिंग प्रेस संचालक, बैंकर्स, आबकारी, आदि विभागों की बैठक आज

**कोरबा**, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुचारू संपादन हेतु 6 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों का बैठक आयोजित किया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 3 बजे से 3ः30 बजे तक प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक आयोजित की गई है। इसी प्रकार दोपहर 3ः30 बजे से 4 बजे तक जिले के समस्त बैंकों के अधिकारियों की बैठक रखी गई है। उक्त बैठक में बैंकर्स को ईएसएमएस साफ्टवेयर/एप का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। शाम 4 से 4ः30 बजे तक आबकारी विभाग की बैठक, शाम 4ः30 से 5 बजे तक वाणिज्यकर व आयकर विभाग की बैठक आयोजित की गई है। सभी संबंधित विभाग प्रमुख निर्धारित तिथि व समय पर अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

### रंगों से बनी रंगोली व मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित



**कोरबा,** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाराजा अग्रसेन जंयती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओं का महाकुंभ में अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा अग्रसेन कन्या महाविद्याल व अग्रसेन भवन में प्रतियोगिता का अयोजन किया गया।

अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित युगल नृत्य में 11 प्रतिभागी महिलाओं ने उत्साह दिखाया। अग्रसेन भवन में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में 15 प्रतिभागियों ने खूबसूरत रंगोली बनाई। अग्रवाल महिला मंडल के मटकी फोड़ प्रतियोगिता में 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अध्यक्ष श्रीमती आभा अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता काफी रोचक हो रही है जिसमें अग्रवाल समाज कि सभी महिलाऐं ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित हो रही हैं। मीडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने बताया कि 6 अक्टूबर को अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा हाउजी, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में नाटक प्रतियोगिता होगी। नाटक प्रतियोगिता (संबंध विच्छेद करण व सुझाव) विषय पर आधारित होगी जिसमें 14 वर्ष के ऊपर की बालिकाएं एवं महिलाएं भाग लेंगी।

# एसपी ने बदले थानों के प्रभारी, प्रमोद करतला और मनीष बांगो के टीआई

**कोरबा**, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला पुलिस अधीक्षक यू. उदयकिरण के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 की आचार संहिता से पूर्व व प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुलिस अधिकारियों की पदस्थापना में फेरबदल किया गया है। एक दिन पहले ही प्रधान आरक्षक व आरक्षकों सहित 149 कर्मियों का तबादला के बाद आज 3 निरीक्षक, 8 उप निरीक्षक और 2 सहायक उप निरीक्षक की पदस्थापना बदली गई है। रक्षित केन्द्र से निरीक्षक प्रमोद डनसेना को थाना प्रभारी करतला,



निरीक्षक मनीष चंद्र नागर को थाना प्रभारी बांगो पदस्थ किया गया है। बांगो थाना प्रभारी निरीक्षक किरण गुप्ता को रक्षित केन्द्र भेजा गया है। रक्षित केन्द्र से एसआई रश्मि थामस दर्री, नागेश तिवारी करतला, शिव कुमार कोसरिया पसान, सेराफिन केरकेट्टा कोतवाली, उमरांव सिंह नेताम बांकीमोंगरा, महासिंह ध्रुर्वे बांगो, दादूरइया सिंह पाली, सुमन लाल पोया थाना सिविल लाइन पदस्थ किए गए हैं। थाना बालकोनगर से एएसआई ओमप्रकाश परिहार पाली तथा सुकलाल सिदार बांगो थाना भेजे गए हैं। इन सभी को तत्काल अपनी आमद नवीन पदस्थापना में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पदोन्नत 12 एएसआई भेजे गए दूसरे जिला

एसपी द्वारा जारी एक अन्य आदेश में बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के आदेश अनुसार प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक पदोन्नत जिला पुलिस बल के 12 सहायक उप निरीक्षकों को कोरबा जिला से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के लिए आज दोपहर से कार्यमुक्त कर दिया गया। प्रभावित एएसआई में मस्तराम कश्यप, चक्रधर सिंह राठौर, संजय नायक, शेराफिन लकड़ा, कुलदीप कुमार तिवारी, ईश्वर सिंह राजपूत, प्रकाश रजक, रामकुमार पाण्डेय, सरस्वती कौशिक, सावित्री कोर्राम, संतोष कुमार तांडी व प्रवीण कुमार लाल शामिल हैं।

### भूषण कोरबा सीएसपी, प्रतिभा मुख्यालय में

छत्तीसगढ़ शासन के गृह (पुलिस) विभाग मंत्रालय द्वारा राज्य पुलिस सेवा संवर्ग के डीएसपी/सीएसपी रैंक के 49 अधिकारियों का तबादला किया गया है। कोरबा जिले में लंबे समय से रिक्त डीएसपी मुख्यालय और एक माह से अधिक समय से रिक्त पड़े कोरबा सीएसपी के पद पर भी नियुक्ति की गई है। डीएसपी मुख्यालय श्रीमती प्रतिभा मरकाम पदस्थ की गई है वहीं भूषण एक्का कोरबा सीएसपी होंगे। वर्तमान में दर्री सीएसपी रॉबिन्सन गुड़िया के द्वारा कोरबा सीएसपी का प्रभार एसपी के निर्देश पर देखा जा रहा है।

# 7 साल कम पड़ गए शहीद आदित्य का स्मारक व मूर्ति स्थापना में

### ग्राम चनवारीपारा के शहीद के परिजनों ने कभी नहीं की कोई मांग, सब प्रशासन पर छोड़ा



**कोरबा,** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। अपने कर्तव्य का निर्वहन कर नक्सलियों से लड़ते हुए शहीद हुए पाली के लाल आदित्य शरण प्रताप सिंह तंवर का एक स्मारक और मूर्ति की घोषणा शहादत के 7 साल बाद भी पूरी नहीं की जा सकी है। हर साल यह कमी उसके परिजनों सहित गांव वालों को पीड़ा देती है कि आखिर घोषणा करने के बाद उसे पूरा क्यों नहीं किया जा रहा?

पाली विकासखंड व थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बतरा के ग्राम चनवारीपारा के निवासी भानू प्रताप सिंह तंवर के 3 संतानों में दूसरे क्रम के आदित्य शरण प्रताप सिंह तंवर की पोस्टिंग दंतेवाड़ा जिले में थी। अगस्त 2016 में बस्तर क्षेत्र में नक्सलियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त आदित्य ने अपने छोटे से गांव का नाम हमेशा के लिए रौशन किया। यहां की मिट्टी में पले-बढ़े आदित्य शरण की शहादत को गांव के युवाओं ने प्रेरणा का स्त्रोत बताया। 18 अगस्त 2016 को शहीद हुए आदित्य के पार्थिव देह जब गांव में लाई गई तब समूचा गांव रो पड़ा। शहीद का अंतिम संस्कार उसके स्कूल प्राथमिक शाला के पास किया गया और यहीं पर पिता ने मठ का निर्माण कराया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने भी उन्हें नम आंखों से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शहीद की गांव से जुड़ी स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए तत्कालीन सांसद डॉ. बंशीलाल महतो व संसदीय सचिव लखनलाल देवांगन ने पचरी व सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की थी। तत्कालीन पाली-तानाखार विधायक रामदयाल उइके ने समाधि स्थल पर चबुतरा और स्मारक बनाने की घोषणा की थी लेकिन दुर्भाग्य है कि 7 साल के बाद भी यह घोषणा मूर्त रूप नहीं ले सकी है। गांव में सामुदायिक भवन तो बना दिया गया जो शहीद आदित्य शरण के नाम पर है किंतु उसकी समाधि स्थल पर चबुतरा और स्मारक (मूर्ति) आज तक नहीं स्थापित की जा सकी है। हर साल यहां श्रद्धांजलि देने के लिए परिजन व क्षेत्रवासी पहुंचते हैं। पिछले दिनों ही भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पार्टी के एक कार्यक्रम के तहत शहीदों के गांव की मिट्टी एकत्र करने का अभियान चलाया तो शहीद आदित्य के गांव की भी मिट्टी दिल्ली भेजी गई।

### छोटे भाई को मिली अनुकम्पा नियुक्ति, शासन-प्रशासन से क्या मॉगूं?

शहीद आदित्य शरण के पिता भानु प्रताप सिंह ने पुत्र को याद करते हुए भरे गले से कहा कि उसके जाने के बाद पुलिस विभाग में आदित्य के छोटे भाई टिपेन्द्र कुमार तंवर को आरक्षक की नौकरी अनुकम्पा के तौर पर प्रदान की गई है। इसके अलावा हमने आज तक शासन-प्रशासन से कभी भी कुछ नहीं मांगा है। उसका स्टैच्यू आज तक क्यों नहीं बनवा पाए, यह बात हमें जरूर पीड़ा देती है लेकिन नहीं भी बनवाएंगे तो हम क्या कर सकते हैं?

# एसईसीएल में कर्मचारियों की पदोन्नति पर लगी रोक

### सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मांग पर संज्ञान



**कोरबा,** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसईसीएल में कर्मचारियों की पदोन्नति पर रोक लग गई है।

कोल इंडिया लिमिटेड की सबसे बड़ी कम्पनी एसईसीएल में अनुसूचित जाति एवम् अनुसूचित जनजाति वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ नहीं देने, आरक्षण के नाम पर सामान्य वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति से वंचित करने, आरक्षण रोस्टर रजिस्टर का गलत संधारण करने, रोस्टर में काट-छाँट करने ,कूट रचना करने, नकली रजिस्टर बनाने और उसे मुख्य रजिस्टर की तरह उपयोग करने, वरिष्ठता को छोडक़र कनिष्ठ कर्मचारियों को पदोन्नत करने के कारण सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खाण्डे ने एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक को एवम् विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों को पत्र लिखकर मांग किया था कि जब तक अनुसूचित जातियों एवम् अनुसूचित जनजातियों के पदोन्नति आरक्षण रोस्टर का सही-सही संधारण नही हो जाता, तब तक एसईसीएल में कर्मचारियों की होने वाली पदोन्नती पर रोक लगाई जाए। आर पी खांडे के पत्र पर विभिन्न मंत्रालयों द्वारा निर्देशित करने पर एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के महाप्रबन्धक कार्मिक द्वारा पत्र जारी कर एसईसीएल के समस्त क्षेत्रीय कार्मिक प्रबन्धकों को अति आवश्यक निर्देश जारी किया गया है कि जब तक आरक्षण रोस्टर का संधारण नहीं हो जाता, उनकी पदोन्नति की कार्यवाही लंबित रहेगी व प्रमोशन का लाभ नहीं मिल सकेगा।

### विकास को सौंपा सरोज का प्रभार

**कोरबा,** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा जिले में प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से पूर्व जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए डिप्टी कलेक्टर सरोज महिलांगे का कार्य संपादित करने हेतु डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक प्रभार सौंपा गया है।

# रहमते आलम कॉन्फ्रेंस में उमड़ा जन सैलाब



**कोरबा,** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुन्नी मुस्लिम जमात द्वारा मंगलवार को अजीमुश्शान जलसे का आयोजन टीपी नगर इंदिरा स्टेडियम राजीव गांधी ऑडिटोरियम में किया गया। जलसे में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए और जलसे को सुने। जलसे की सदारत (अध्यक्षता) काजी सैय्यद सब्बीर अहमद असरफी ने की।

जलसे में शहजादा-ए-सिमना हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती सैय्यद राशिद मक्की मिया साहब किछौछा शरीफ (यूपी) से आये और नूरानी तकरीर किये और समाज को एक होने की और एकता बनाने की बात कही। उन्होंने हक पे चलने की अपील की, साथ ही फ़ितना (फूट) डालने वालों से दूर रहने की गुजारिश की। साथ ही शायरे इस्लाम रईस अनीस शाबरी (यूपी) बिजनौर से आये इन्होंने अपना कलाम पेश किया। कानपुर से जैनुल आबेदीन व कलकत्ता से जीसान मथुरावी ने कलाम पेश किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर हाजी अख़लाक़ खान असरफी ने समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रहमतें आलम कॉन्फ्रेंस का यह प्रोग्राम ऐतिहासिक रहा। आने वाले समय में और भी प्रोग्राम सुन्नी मुस्लिम जमात द्वारा शहर में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से हाजी इस्माइल ईसा साहब व सुन्नी मुस्लिम जमात के जनरल सेक्रेटरी जुम्मन खान रिज़्वी, सेक्रेटरी सैय्यद असपाक अली, इसहाक रिज़्वी ,हकीम खान ,आजिम कुरैशी,साकिर अंसारी, मुस्लिम अंसारी,आरिफ खान (एल्डरमैन) मुन्नाभाई, सरवर हुसैन खान, असरफ अली, मंसूर शेख, अनवर रज़ा, आरिफ खान (बंटी), अनवर खान, वसीम अकरम, अकरम खान, दानिश समेत आदि उपस्थित थे।

### समाज को एकता की ओर ले जाने पर दें ध्यान- मक्की मिया

# चोरी की मोपेड पैदल ले जा रहा चोर पकड़ाया, हुआ खुलासा

**कोरबा-पाली,** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। रात में खाना खाकर पति-पत्नी से रहे थे। इसी दौरान चोर घर पर पहुंचा और घर के आलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने सहित घर में खड़ी टीवीएस एक्सल को भी अपने साथ ले कर चलता बना। पुलिस ने सूचना के तीन घंटे के भीतर चोर को गिरफ्तार कर सामान बरामद कर लिया है।



मामला पाली थाना अंतर्गत ग्राम सैला का है जहां के स्थानीय निवासी भगवान सिंह और उनकी पत्नी खाना खाकर रात में सो गए और जैसे ही सुबह 3 बजे उनकी पत्नी कौशल्या दिशा मैदान के लिए उठी तो देखा ही घर का दरवाजा खुला हुआ है घर के आलमारी का भी लॉक टूटा हुआ मिला और उसमे रखे लगभग 1 लाख 25 हजार रु कीमत के सोने चांदी के लगभग दर्जन भर जेवरात चोरी कर ली गई थी, साथ ही बाहर निकले तो पाया ही घर उनकी टीवीएस एक्सल भी गायब है। भगवान सिंह ने इसकी सूचना थाना आकार दी। थाना प्रभारी के नेतृत्व में एएसआई ईश्वर सिंह राजपूत ने विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अज्ञात व्यक्ति को पकड़ा। वह टीवीएस एक्सल को पैदल सरायपाली खदान के पास से बिलासपुर रोड की ओर ले जा रहा था कि पाली पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संदेही के कब्जे से टीवीएस एक्सल बरामद किया। संदेही की तलाशी में पैंट की जेब में एक छोटा बैग मिला जिसमे सोने और चांदी के गहने जैसे झुमका, पायल, बिछिया, टाप्स,फुल्ली,माला आदि प्राप्त हुआ जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 25 हजार रु आंकी गई। सामानों को जप्त कर आरोपी अरविंद कुमार उर्फ बबलू रजक पिता स्व.आनंद राम रजक उम्र 26 वर्ष (निवासी छिर्रा थाना कटघोरा) को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल दाखिल कराया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह तंवर, गीतेश देवांगन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नवीन उचित मूल्य दुकान आबंटन के लिए छानबीन समिति गठित

**कोरबा,** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिका निगम के वार्ड क्रमांक 01 से 67 वार्डो में उचित मूल्य दुकान आबंटन हेतु रिक्त वार्ड एवं ऐसे फर्म/संस्था जो दुकान आबंटन के बाद अनुबंध नहीं कर रहे है। ऐसे वार्डो में रिक्त होने वाले नवीन उचित मूल्य दुकान का आबंटन के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण के लिए छानबीन समिति का गठन किया गया है। समिति में प्रभारी अधिकारी वित्त समिति के अध्यक्ष होंगे एवं जिला रोजगार अधिकारी ,सहायक खाद्य अधिकारी, सहकारिता निरीक्षक सदस्य होंगे।

### कीटनाशक इमामेक्टिन बेंजोएट के भंडारण/वितरण पर प्रतिबंध

**कोरबा,** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। कीटनाशक औषधि गुण नियंत्रण के अंतर्गत कीटनाशक निरीक्षक करतला द्वारा मेसर्स शैलेन्द्र सेल्स रामपुर करतला से कीटनाशक इमामेक्टिन बेंजोएट का सैंपल लेकर विश्लेषण हेतु भेजा गया था। विश्लेषण में कीटनाशक इमामेक्टिन बेंजोएट को अमानक पाए जाने पर उप संचालक कृषि द्वारा कोरबा जिले में इसके भंडारण एवं वितरण तथा प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है।

### महिला सशक्तिकरण केन्द्र संचालन, मंगाए गए आवेदन

**कोरबा,** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले मे 08 स्वीकृत संविदा पदों की पूर्ति हेतु 23 अक्टूबर कार्यालयीन समय 05ः30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस सबंध में विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट व कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन की जा सकती है।

# कुसमुंडा मार्ग में जाम से नहीं मिल रहा निजात, एंट्री बंद हुई तो लगी कतार

## जाम में फंसे स्कूल वाहन, विद्यार्थियों और स्टाफ को हुई परेशानी

**कोरबा,** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम कनबेरी से कुसमुंडा मार्ग पर जाम की समस्या से अपेक्षित राहत नहीं मिल पा रही है। कुसमुंडा से इमलीछापर के बीच व्यवस्था बनाए जाने के कारण थोड़ी बहुत राहत 2-3 दिन मिली लेकिन उसके बाद फिर वही स्थिति निर्मित हो रही है। यहां सडक़ के दोनों तरफ बेतरतीब ढंग से वाहनों के आवागमन एवं ट्रकों, हाईवा, ट्रेलर को खड़ा कर देने के कारण अक्सर स्कूली वाहन और बच्चे फंस रहे हैं। स्कूल की बस बीच में फंस जाने के कारण न आगे बढ़ पाती है और ना वापस पीछे लौटना संभव होता




है। आज सुबह भी यही हालात निर्मित हुआ। ऐसे में जब तक जाम को दूर कराया जाता है, काफी देर हो चुकी होती है और स्कूल बस से आना-जाना करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल और घर पहुंचने में विलंब हो ही जाता है। कोयला परिवहन सहित अन्य परिवहन वाहनों के कारण उत्पन्न होती विकट स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आपसी समन्वय का अभाव हर दिन देखा जा रहा है।

कुसमुंडा मार्ग पर आज भी जाम लगा रहा। बताया गया कि बुधवार मध्यरात्रि से आज 12 बजे तक स्टाक मेजरमेंट के कारण कोयला वाहनों की एंट्री नहीं की जा सकी। इसकी वजह से थाना चौक से लेकर इमलीछापर चौक होते हुए वैशाली नगर खम्हरिया होते हुए 6 नंबर डम्पर पुल तक वाहनों की कतार लगी रही। दूसरी तरफ इमलीछापर से प्रेमनगर तक भी भारी वाहन खड़े रहे। कुसमुंडा खदान में पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण भारी वाहन सडक़ों पर खड़े होने मजबूर हैं। दूसरी तरफ इस रास्ते से होकर आने-जाने वालों को जाम का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि जाम को क्लीयर कराने के लिए कुसमुंडा थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर डटे रहे। काफी प्रयासों के बाद जाम खुलवा पाने में सफलता मिली तब कहीं जाकर आवागमन थोड़ा बहुत सामान्य हो सका लेकिन रह-रह कर जाम लग रहा है।

## सार-संक्षेप

### मणिपुर के लोगों को आज नहीं मिला न्याय- रमेश

**मनेन्द्रगढ़** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अधि. रमेश सिंह ने एक बयान जारी कर कहा है कि मणिपुर में हिंसा के कारण पांच महीने में हालात बदतर हो गए हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी हालात पर चुप्पी साधे हैं और राज्य के लोगों को उनके हाल पर छोड़कर उनके साथ न्याय नहीं किया जा रहा है। श्री सिंह ने जारी बयान में कहा, पांच महीने पहले, तीन मई की शाम को, तथाकथित डबल इंजन सरकार की विभाजनकारी राजनीति के कारण मणिपुर में हिंसा भड़की थी। लगभग एक महीने के बाद, कर्नाटक चुनाव में अपनी जिम्मेदारियों को निभाकर और ऐसे अन्य जरूरी कार्यों से मुक्त होकर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य का दौरा करना उचित समझा लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। वास्तव में हालात और ख़राब हो गए। सामाजिक सद्भाव पूरी तरह से बिगड़ चुका है। हर दूसरे दिन हिंसक अपराधों की भयावह ख़बरें सामने आती हैं। हज़ारों हज़ार लोग अब भी राहत शिविरों में फंसे हुए हैं। सशस्त्र बलों और राज्य पुलिस के बीच झड़प आम बात हो गई है। उन्होंने कहा, फिर भी प्रधानमंत्री इस मामले पर पूरी तरह से चुप हैं। राज्य में हालात बिगड़ने के काफी दिनों बाद उन्होंने सिर्फ दिखावे के लिए 10 अगस्त को लोकसभा में अपने 133 मिनट के भाषण में पांच मिनट से भी कम समय के लिए राज्य पर एक टिप्पणी करके औपचारिकता निभा दी। भारतीय जनता पार्टी के अधिकांश विधायक वहाँ के मुख्यमंत्री को पद से हटाना चाहते हैं, इसके बावजूद वे बेशर्मी से अपने पद पर बने हुए हैं।श्री सिंह ने मणिपुर को लेकर मोदी से सवाल किए और कहा, आखिरी बार प्रधानमंत्री ने मणिपुर का दौरा कब किया था। आखिरी बार प्रधानमंत्री ने मणिपुर के भाजपा मुख्यमंत्री से कब बात की थी आखिरी बार प्रधानमंत्री ने मणिपुर के भाजपा विधायकों से कब मुलाकात की थी। आखिरी बार कब प्रधानमंत्री ने राज्य के अपने कैबिनेट सहयोगी के साथ मणिपुर पर चर्चा की थी। इससे पहले कोई भी प्रधानमंत्री इस तरह किसी राज्य और उसके सभी लोगों को पूरी तरह से उनके हाल पर नहीं छोड़ा है, जैसा कि अब किया जा रहा है। उन्होंने कहा, राज्य में भाजपा को बड़ा जनादेश मिलने के लगभग 15 महीने बाद ही मणिपुर में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई। ये उसकी नीतियों और प्रधानमंत्री की प्राथमिकताओं पर सबसे बड़ा कलंक है।

### महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शहरी मतदाताओं को मतदान करने किया प्रेरित

**अम्बिकापुर** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्र म चलाकर मतदान प्रतिशत् बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्र म के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में गुरूवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर के छात्र-छात्राओं द्वारा शहरी मतदाताओं को शत- प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु शहर के घड़ी चौक के पास नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नेकी की दीवार के पास राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व को बताकर शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार सुभाष कान्वेंट उच्चतर माध्यिमिक विद्यालय अम्बिकापुर में छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् शहरी क्षेत्र में रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रहेगा प्रतिबंध

अम्बिकापुर 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी कर अम्बिकापुर शहरी क्षेत्र में होने वाले अत्यधिक कोलाहल को दृष्टिगत रखते हुए ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के तहत लाउडस्पीकर और लोक संबोधन प्रणाली ( और ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरण) का प्रयोग रात्रि 10:00 बजे से प्रात: 06:00 बजे तक प्रतिबंधित किया है।

जारी आदेशानुसार उक्त अवधि को छोड़कर सावर्जनिक स्थान जहां लाउडस्पीकर यो लोक संबोधन प्रणाली या ध्वनि का कोई अन्य स्त्रोत उपयोग में लाया जाता है तो ध्वनी का स्तर 10 डीबी (ए) या 75 डीबी (ए) जो भी कम हो से अधिक नहीं होगी। इसी प्रकार भोपू (हॉर्न) के उपयोग, फटाखे फोड़ा जाना आवासीय क्षेत्र में रात्रि 10:00 बजे से प्रात: 06:00 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

### संकुल समन्वयको ने मांगों का सौंपा ज्ञापन,त्वरित निराकरण

**सूरजपुर** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल आज जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह व कार्य वाहक जिला अध्यक्ष अनुरागवेंद्र सिंह बघेल के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल से मुलाकात कर शैक्षिक संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के मांगों का ज्ञापन सौंपा गया जिसमें संकुल समन्वयकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं अन्य अवकाश में किए गए कार्यों के एवज में सेवा पुस्तिका में अवकाश को इंद्राज करने हेतु मांग रखा ,जिसे जिला शिक्षा अधिकारी ने मांगों पर त्वारित निराकरण करते हुए तत्काल आदेश जारी किया, जिसके लिए छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ ने उनका आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधि मंडल में जिला उपाध्यक्ष दिनेश पांडे, संतोष साहू,जिला सचिव शिव सिंह,अनुज नारायण दुवे,घनश्याम राजवाडे,सूरजपुर ब्लॉक अध्यक्ष संजय मिश्रा ,कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष सूरजपुर पंकज सिंह,गौरी शंकर पांडे,प्रेमनगर ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पराज पांडे,भैयाथान ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप सिंह, कीर्ति कौशल दुबे,सहदेव राम रवि,सुशील कुमार ठाकुर,शिवचंद साहू,आजाद मोहम्मद,नरेंद्र सिंह, प्रेमचंद लाल,रोशन लाल साहू,जितेंद्र कुमार साहू, नेल्सन बेक,शांतनु पांडे ,संदीप कुशवाहा,दिलीप साहू,सुग्रीव कुशवाहा उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी मुकेश दुबे ने दी।

### तातापानी के कार्यकारी न्यासी और प्रबंधक की बैठक 6 को

बलरामपुर 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। तातापानी गर्म जल स्त्रोत पर्यटक स्थल विकास एवं धर्मार्थ ट्रस्ट, तातापानी के कार्यकारी न्यासी और प्रबंधक की बैठक 06 अक्टूबर दिन शुक्रवार को समय 11:00 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक कार्यकारी न्यासी, प्रबंधक के सदस्य सहित संबंधित अधिकारी समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### भोजन व्यवस्था हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

बलरामपुर 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने जानकारी दी है कि जिला चिकित्सालय बलरामपुर में भर्ती मरीजों एवं प्रसूति महिलाओं हेतु भोजन व्यवस्था की जानी है, जिस हेतु रूचि की अभिव्यक्ति 06 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2023 सायं 03 बजे तक कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बलरामपुर में आमंत्रित की गई है। अत: इच्छुक व्यक्ति निविदा की प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी बलरामपुर के वेबसाइट में देखा जा सकता है।

# उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने लखनपुर में हमर क्लिनिक का किया लोकार्पण

## 239 करोड़ की विभिन्न समूह जल प्रदाय योजनाओं का उपमुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

### जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का हो रहा विस्तार

- रामपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का शुभारंभ
- ग्राम टपरकेला और सरगंवा में नवीन विद्युत उपकेन्द्र निर्माण हेतु भूमिपूजन, 1 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज की समस्या से छुटकारा



### इन कार्यों का हुआ शिलान्यास

उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिंहदेव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत 61.51 करोड़ रुपए की लागत के करजी एवं दरिमा समूह जल प्रदाय योजना, 16.25 करोड़ रुपए की लागत के खैरवार समूह जल प्रदाय योजना, 16.36 करोड़ रुपए की लागत के पोड़ीखुर्द एवं सलका समूह जल प्रदाय योजना और 54.94 करोड़ रुपए की लागत के देवीटीकरा समूह जल प्रदाय योजना का शिलान्यास किया।

वहीं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत श्याम घुनघुट्टा परियोजना की दायीं तट एवं बायीं तट नहर तथा लाइजनिंग कार्य लागत 8.15 करोड़ रुपए, 6.8 किमी लम्बाई की खैरवार मुख्य मार्ग बांकी डेम (बांसा तक) लागत 6.67 करोड़ रुपए, .9 किमी लंबाई की पीएमजीएसवाई सड़क आत्मा सिंह के घर से टाटी डंड पंडरी पानी बांध तक ( वृहद पुल सहित) लागत 3.4 करोड़, 1.54 किमी लम्बाई की बिलासपुर एन एच मेन रोड में (फुटामुड़ा तालाब) में चिटकी पारा रोड लागत 2.87 करोड़ रुपए, 5. किमी की लम्बाई की सोहगा अटल चौक से घुनघुट्टा अमृत फिल्टर प्लांट से पी डब्ल्यू डी शेड जगदीशपुर, लागत 4.1 करोड़ रुपए की सड़क का शिलान्यास किया गया।

**अम्बिकापुर** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने गुरूवार को जिला प्रवास के दौरान जिलेवासियों को बड़ी सौगातें दीं। उन्होंने इस दौरान विभिन्न कार्यक्र मों शामिल होकर विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने लखनपुर में हमर क्लीनिक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में आज हमर क्लिनिक का उद्घाटन किया गया है, यहां एक एमबीबीएस डॉक्टर के साथ 04 अन्य स्टाफ उपलब्ध होंगे। लोगों को जांच के साथ 44 प्रकार की दवाइयां तथा पैथोलॉजी जांच की सुविधा मिलेगी। बड़ी बीमारियों के लिए टेस्ट हेतु बड़े अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं होगी, यहीं से सैंपल लेकर लैब में भेजा जाएगा और 24 घण्टे के भीतर रिपोर्ट मिल जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम रामपुर में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 75 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का भी लोकार्पण किया। नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन हेतु उन्होंने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान उन्होंने अम्बिकापुर में बने नवनिर्मित जीएसटी कार्यालय भवन का फ़ीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पर कहा कि लोगों को जीएसटी रिटर्न भरने बाहर जाना पड़ता था, अब यह सुविधा यही उपलब्ध हो जाएगी, जिससे समय की बचत होगी।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने ग्राम पंचायत लखनपुर के प्रस्तावित चयनित भूमि ग्राम टपरकेला में एवं अम्बिकापुर के ग्राम सरगंवा में नवीन 132/33 केव्ही उपकेन्द्र निर्माण हेतु भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। इन दोनों विद्युत उपकेन्द्रों की स्थापना से लखनपुर, उदयपुर, अम्बिकापुर, लुण्ड्रा, दरिमा तथा बतौली विकासखण्ड के लगभग 1 लाख 20 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। टपरकेला उपकेंद्र की अनुमानित लागत 57 करोड़ रुपए एवं सरगवां उपकेन्द्र की अनुमानित लागत लगभग 60 करोड़ रुपए है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दो सब स्टेशन जो एक सपना सा था, आज शिलान्यास कर लिया गया है। जिसके माध्यम से क्षेत्रवासियों को लो वोल्टेज की समस्या से छूटकारा मिलेगा, इस हेतु उन्होंने ने विभाग के अधिकारियों को भी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीजीएमएससी अध्यक्ष एवं विधायक लुण्ड्रा डॉ प्रीतम राम, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, जिला पंचायत सभापति एवं सदस्य श्री राकेश गुप्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि जिले के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# कीचड़ में फंसा हाथी के शावक की मौत

### रेस्क्यू से पहले हुई मौत, विभाग लगातार कर रहा हाथी दल की निगरानी

**रायगढ़** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। गोमार्डा अभ्यारण्य घने जंगलों से गिरा हुआ है और यहां वन्यप्राणियो की भरमार है। ऐसे में पिछले कुछ सालों से हाथियों के दल का अभ्यारण्य क्षेत्र में मौजूदगी देखी जा रही है। इन दिनों लगभग 24 हाथी का दल विचरण कर रहा है। जहां बुधवार को एक हाथी का शावक कीचड़ में फंस गया। जिससे वह निकलने में असमर्थ रहा और जब तक हाथी ट्रेकर व विभाग रेस्क्यू कर उसे बाहर निकलते तब तक उसकी मृत्यु हो गई। मामले में विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गोमार्डा अभ्यारण्य क्षेत्र में लगभग 24 हाथी का दल विचरण कर रहा है। जहां बुधवार को एक हाथी शावक जिसकी उम्र लगभग तीन से पांच माह की बताई जा रही है। वह सीता तालाब के पास कक्ष क्रमांक 912 पीएफ में कीचड़ में फंस गया। जिसके बाद वह उसमे से निकलने में असमर्थ रहा। वहीं दूसरी ओर हाथी ट्रेकर लगातार हाथियों की ट्रेकिंग कर रहे थे। जहां



उन्हें इसकी जानकारी हुई और उन्होंने विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी, लेकिन जब तक हाथी शावक का रेस्क्यू कर उसे बाहर निकाला जाता। तब तक कीचड़ में फंसने से हाथी शावक की मौत हो गई। इसके बाद विभाग के अधिकारियों द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए, तत्काल उसे बाहर निकाला गया और डॉक्टरों ने शावक के शव का पोस्टमार्टम किया। जिसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी करते हुए विभाग द्वारा उसका अंतिम संस्कार कराया गया।

### लगातार कर रहे मॉनिटरिंग

हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए सारंगढ़ वन मंडल के सभी अधिकारी व वनकर्मी अलर्ट मोड पर हैं। डीएफओ सारंगढ़ ने अधीनस्थ वनकर्मियों को गंभीरता से हाथियों व अन्य वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए निर्देशित किया है। ऐसे में हाथी ट्रेकरो द्वारा लगातार हाथियों के दल पर निगरानी की जा रही है। ताकि किसी प्रकार की न जनहानि हो सके और न ही हाथियों को कोई नुकसान हो। इसके अलावा वनकर्मियों द्वारा लगातार जंगल गस्त किया जा रहा है।

### शिकार की कोई संभावना नहीं

सीता तालाब के पास कक्ष क्रमांक 912 में एक हाथी का शावक कीचड़ में फंस गया था। जिसके बाद वह निकलने में असमर्थ रहा। संभवतः इससे उसकी मृत्यु हुई है। शिकार की कोई संभावना नहीं है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो पाएगा। लगातार हाथी दल की निगरानी की जा रही है।

**कृष्ण चंद्रकार**, अधीक्षक, गोमार्डा अभ्यारण्य

## पितृ पक्ष के बाद कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची होगी जारी- भूपेश

**रायगढ़** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर भरोसे के सम्मेलन में आये प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बधेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि रायगढ़ जिले की जनता ने आज यहां दिखा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से ज्यादा भीड से तीन गुनी भीड़ यहां गुटाकर भाजपा को उसका जवाब दिया है।



बोनस के बारे में मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि 2014 से जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से उन्होंने बोनस देना बंद कर दिया है। उसके बाद रमन सिंह भी दे नही पाये। उन्होंने 2017 में इसकी अनुमती मांगी और 2017-18 तक रहा। उसके बाद उन्होंने 25 क्विंटल की दर में खरीदा जिसके बाद उन्होंने फिर से इसमें प्रतिबंद लगा दिया। जिसके बाद हमने उन्हें पत्र लिखकर बोनस देने की अनुमति मांगी। ताकि रमन सिंह जी ने जो दो सालों से बोनस नही दिया उसे हम दे सकें।

जाति जनगणना के संबंध में पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा इससे डरी हुई है और घबराई हुई है। यदि होगा तो आम जनता के हित में होगा और उसके हिसाब से योजनाएं बनेगी। लेकिन भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री इसका विरोध कर रहे हैं। प्रत्याशियों की सूची वायरल होनें के संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हां भाजपा प्रत्याशियों की सूची परसो से वायरल हो रही है लेकिन क्लीयर अभी तक नही हुआ है। आज स्थित यह है कि भाजपा आरोप पत्र लगाते हैं, वो पहले वायरल हो जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस प्रत्याशियों की लिस्ट के संबंध में कहा कि पितृ पक्ष के बाद उनके द्वारा प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी जाएगी।

## चिरमिरी को मिली पॉलिटेक्निक कॉलेज की सौगात



चिरमिरी 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक विनय जायसवाल के कार्यकाल में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने क्षेत्र को मेडिकल कॉलेज की सौगात दी है । उल्लेखनीय है कि विधायक डॉ विनय जायसवाल की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उद्यानिकी महाविद्यालय की स्वीकृति पर मोहर लगाई थी । इसके साथ ही 5 अक्टूबर को नवीन पॉलिटेक्निक कॉलेज के भवन का लोकार्पण भी किया गया । वेस्ट चिरमिरी कालरी पोड़ी में नवीन उद्यानिकी महाविद्यालय भवन का लोकार्पण एवं उपस्थित जन समूह के साथ कार्यक्रम में एमसीबी जिले के कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा, पुलिस अधिक्षक एमसीबी सिद्धार्थ तिवारी, मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल, महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल सभापति गायत्री बिरहा, के साथ महात्मा गांधी विश्व विद्यालय रायपुर के तकनीकी सहायक डॉ. एस.एस.झा, डॉ.जितेंद्र सिंह डारेक्टर परिक्षा विश्व विद्यालय रायपुर, डॉ.नरेंद्र तिग्गा. डीन विश्वविद्यालय नवा रायपुर की उपस्थिति में नविन उद्यानकी विद्यालय भवन चिरमिरी का फीता काट कर लोकार्पण किया गया और सभी साक्षी बने. विश्वविद्यालय के तकनीकी सहायक श्री झा ने उपस्थित जन समूह को जानकारी देते हुए बताया की जब से चिरमिरी में इस विद्यालय के खोलने की घोषणा हुई है उस तारीख से आपके जनप्रतिनिधि मेरे पीछे पढ़े हुए थे की सर इस विद्यालय को जल्द से जल्द आरंभ करना है ये मेरे शहर चिरमिरी को नई पहचान देगा इनके परिश्रम और प्रयास का मै कायल हु और मुझे ये कहने में कोई गुरेज नहीं की ऐसा जन प्रतिनिधि हर जिले में होना चाहिए जिससे उस जिले का संपूर्ण विकास हो सके. श्री झा ने विद्यालय के आरंभ होने की जानकारी भी मंच से साझा की और कहा की इस वर्ष इस विद्यालय में कुल 60 बच्चों का एडमिशन हो चूका है जो आगामी 17 अक्टूबर से आपके शहर आने लगेंगे और अब एक सप्ताह के अंतराल में शिक्षको को उनका जवाइंग लेटर भी जारी कर दिया जाएगा जो यहां आने लगेंगे ।

## विधायक ने किया 32 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन

**मनेन्द्रगढ़** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। सविप्रा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो ने गुरूवार को भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 32 करोड़ रूपए से भी अधिक की राशि से विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया। विकास कार्योंके भूमि पूजन के साथ विधायक कमरो ने सघन जनसंपर्क कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी वहीं चौपाल लगाकर ग्रामीणों की मांग और उनकी समस्याओं को भी सुना तथा समय रहते समाधान की बात कही।विधायक कमरो ने जिन विकास कार्यों का भूमि पूजन किया उनमें ग्राम पंचायत साल्ही के धार्मिक



स्थल कर्मघोंघा में सौंदर्यीकरण 5 लाख, नोनझरिया में सीसी रोड 5 लाख 20 हजार, भल्लौर से साल्ही मार्ग स्थित हंसिया नदी में पुल निर्माण 1 करोड़ 52 लाख, डंगौरा में सीसी रोड 5 लाख 20 हजार, डंगौरा में अटल चौक से मेन रोड तक सीसी सडक़ निर्माण कार्य 7 लाख, ग्राम लाई में जल जीवन मिशन के तहत जल प्रदाय योजना 24 करोड़ 20 लाख, नागपुर के एकतानगर में 10 लाख की लागत से नाली निर्माण, सरभोका के खालपारा में आरसीसी पुलिया निर्माण 4 लाख 67 हजार, पेंड्री के सरिसताल में सीसी सडक़ 6 लाख, ग्राम घुटरा में सीसी सडक़ 8 लाख, कछौड़ में गुडरू व्यपवर्तन योजना के तहत नहर में लाइनिंग एवं आरसीसी चैनल निर्माण 3 करोड़ 29 लाख 80 हजार, पहाड़हसवाही के बिछली व घोड़बंधा में 5-5 लाख की लागत से सीसी सडक़, रोकड़ा के दफाई पारा में सीसी सडक़ 5 लाख, डुगला के सरपंच पारा में सीसी सडक़ 5 लाख 20 हजार, व पटेलपारा में सीसी सडक़ 7 लाख 80 हजार, डांडहंसवाही में पुलिया निर्माण 12 लाख, मनवारी स्थित हायर सेकेंडरी मार्ग में सीसी रोड 5 लाख 20 हजार, मनवारी ग्राम पंचायत में केल्हारी हाई स्कूल की ओर सीसी रोड साढ़े 3 लाख, केल्हारी के तुर्रा पारा में सीसी रोड 5 लाख 20 हजार, केल्हारी से केवई नदी तक सडक़ नवीनीकरण 1 करोड़ 44 लाख, बिछियाटोला में पुलिया निर्माण 5 लाख व पनिकापारा में सीसी रोड 5 लाख 20 हजार सहित अन्य विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया।

# अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही हो

### चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए एसपी ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक



**सूरजपुर** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस सजग है। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने जिले के पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली। विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों, सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारियों को कहा कि आदर्श आचार संहिता लगने पर उसका पालन कड़ाई से करें, प्रत्येक कार्यवाही निष्पक्षता से करें ताकि किसी को शिकायत का मौका न मिले। आदतन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही कराए, अवैध कार्यो पर पूर्णत: अंकुश लगाने तथा अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में बढ़ोत्तरी करते हुए बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही सुनिश्चित करने व तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के विरूद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि थाना-चौकी क्षेत्र में वाहन की नियमित चेकिंग बारीकी से करते हुए संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रखें। सभी लाइसेंस धारकों के हथियार थानों में जमा करवाना सुनिश्चित करें। आपराधिक मामलों में फरार आरोपियों धरपकड़ में तेजी लाए तथा अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। निगरानी एवं माफी बदमाशों पर विशेष निगाह रखने, गांव शहर की प्रत्येक गतिविधियों की जानकारी रखने एवं सूचना तंत्र का और मजबूत करने, थाना आने वाले फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित कार्यवाही करने एवं लंबित मामलों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी प्रेमनगर एम्मानुएल लकड़ा, डीएसपी सिरिल एक्का, नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, प्रशिक्षु डीएसपी स्निग्धा सलामे, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी सहित जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कलेक्टर के जनदर्शन में 65 आवेदन आए



**सक्ती** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कलेक्टर कार्यालय में जिले के विभिन्न दूर दराज के क्षेत्रों से आए आमलोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आज कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में डभरा तहसील के ग्राम जवाली निवासी रोहित कुर्रे पिता राधेलाल ने अपने बेटे राज कुर्रे के लिए एवम् जवाली निवासी झूलाराम माली पिता धरम माली ने अपने बेटे के लिए इन दोनों ने ट्राई साइकल स्वीकृत कराने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया।

इसी प्रकार आज सक्ती तहसील के ग्राम जोंगरा के बरवा महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने नए पीडीएस भवन निर्माण के संबंध में पहुंचे, सक्ती तहसील के ग्राम नंदौरखुर्द के ग्राम विकास महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने महात्मा गांधी रूरल एंडस्ट्रीयल पार्क (रीपा) नंदौरखुर्द में आचार उत्पादन के संबंध में, सक्ती नगर पालिका के वार्ड नं 05 निवासी रम्भा बाई सोन पति स्व. अमृत लाल ने रहने के लिए घर दिलाने एवम् आर्थिक सहायता दिलाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे, बाराद्वार तहसील के ग्राम सकरेली (बा) निवासी तेरस प्रसाद पिता रंगीलाल लाल ने किसान सम्मान निधि नही प्राप्त होने के संबंध में, जैजैपुर तहसील के ग्राम लोहराकोट निवासी अंजनी श्रीवास ने भूमि के संबंध में, जैजैपुर तहसील के ग्राम भोथिया निवासी सालिक राम साहू ने गोबर खरीदी के संबंध में आवेदन सहित अन्य विभिन्न ग्रामीणों द्वारा राजस्व, आर्थिक सहायता, आवास, रोजगार प्रदाय, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद, राशन कार्ड, नामांतरण, बटवारा सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागो को प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

### कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन प्रशिक्षण का आकस्मिक निरीक्षण किया



**सारंगढ़** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के तीनों विकासखंड सारंगढ़, बिलाईगढ़ और बरमकेला में निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम 05 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है, जो 6 एवं 7 अक्टूबर को भी सुचारू रूप से होगा। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने शासकीय लोचन प्रसाद पांडेय महाविद्यालय सारंगढ़ और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरमकेला के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया। बरमकेला में कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है। इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य करें। मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे सावधानीपूर्वक समझते हुए ग्रहण करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि वीवीपैट, ईवीएम, कंट्रोल यूनिट का प्रयोग करके दिखाएं। इसके साथ ही मॉक टेस्ट भी करें। उन्होंने कहा कि यह निर्वाचन के प्रशिक्षण का प्रथम चरण है। उन्होंने मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारी को उनके कार्य व दायित्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कार्य का सफलतापूर्वक संपादन करने के लिए पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा। निर्वाचन को विशेष प्राथमिकता वाला कार्य बताते हुए त्रुटि रहित ढंग से करने कहा। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बरमकेला के नोडल अधिकारी नरेश चौहान उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया नंदेली भांठा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**सक्ती** 05 अक्टूबर (देशबन्धु) ।कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा आगमी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए नंदेली भांठा में बन रहे स्ट्रांग रूम का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर ने आगामी निर्वाचन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम, मत पेटी वितरण केन्द्र एवं गणना स्थल के लिए सक्ती नंदेलीभाठा स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में चल रहे कार्यों का जायजा लिया । कलेक्टर महोदया द्वारा प्रांगण विधानसभावार स्ट्रांग रूम, मत पेटी वितरण एवम जमा करने एवम गणना के लिए अलग अलग सेक्टर का निर्माण किया जा रहा साथ ही परिसर मतदान कर्मी एवं सुरक्षाकर्मियों के लिए अलग अलग कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। परिसर में सड़क निर्माण शौचालय, पेयजल, बिजली, सुव्यस्थित रैंप परिसर की साफ सफाई आदि सभी आधारभूत व्यवस्थाए संबंधित अधिकारियों को समय रहते पूर्ण कराने के निर्देश दिए । जिससे जिले में सुव्यवस्थित निर्वाचन कार्य संपादित कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम (संयुक्त कलेक्टर) सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### मिथिला देवी केशरवानी का निधन



**चांपा**, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। डागा कॉलोनी चांपा निवासी स्व देवलाल केशरवानी की धर्मपत्नी एवं प्रोफेसर अश्विनी केशरवानी की माताजी का 5 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे निधन हों गया। वे 88 वर्ष की थीं। उनकी अन्तिम यात्रा शाम 4 बजे डागा कालोनी बरपाली चौक चांपा से पूराना भैंसा बाजार स्थित हसदो नदी के तट पर सार्वजनिक मुक्तिधाम के लिए निकाली गई, जहां सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर उनके परिवार जन, समाज के लोग तथा नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# एफएसटी, एसएसटी एवं वीएसटी टीम के सदस्यों का हुआ प्रशिक्षण

**जांजगीर**, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुये निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराने और चुनाव से जुड़ी बारीकियां बताने के लिए चुनाव में लगाए गए अधिकारी-कर्मचारियों को आज नवीन ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को एक टीम भावना से कार्य करने, निर्वाचन आयोग के दिशा अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।



आडिटोरियम में एफएसटी, एसएसटी एवं वीएसटी की जानकारी उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि निर्वाचन व्यय से संबंधित शिकायत सूचनाओं, संवेदनशील घटनाओं और सार्वजानिक रैलियों के दौरान कड़ी नजर रखना है। सूचना प्राप्त होते ही शिकायत का निराकरण करते हुए कार्यवाही की जाएगी। सभी दल के अधिकारी कर्मचारी आरओ एवं एआरओ के निर्देशन में कार्य करेंगे। उन्होंने उड़नदस्ता में शामिल अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि किसी भी घटना या निर्वाचन अपराध की सूचना मिलते ही तुरंत कार्यवाही करेंगे। उन्होंने कहा कि नगदी या अवैध शराब जप्ती की खबर मिलते ही उड़नदस्ते तुरंत मौके पर पहुंचकर वीडियोग्राफी करायेंगे। आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन व प्रचार व्यय के मामलों की पहचान करेंगे, प्रतिदिन अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। चुनाव प्रचार में उपयोग में आने वाले प्रत्येक वाहन का प्रकार पंजीयन क्रमांक, मंच का साईज, कुर्सियां की संख्या, कट आउट की संख्या, फ्लेक्स व फ्लेक्स पर अंकित अक्षरों की साईज तथा अन्य व्यय से संबंधित सामग्री को चिन्हित किया जाएगा।

इस दौरान उन्हें मास्टर ट्रेनर ने सी-विजिल एप के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि इसके माध्यम से शिकायत प्राप्त होते की दल सक्रिय होगा। फील्ड टीम द्वारा कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए आवश्यक कार्यवाही के बाद रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा स्थिति की जानकारी अपलोड करने की कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अपर कलेक्टर गुड्डलाल जगत, जिला पंचायत सीईओ आर.के.खुंटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, सर्व एसडीएम एवं तहसील एवं सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा विभिन्न नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक आज

जांजगीर,`5 अक्टूबर (देशबन्धु)।आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2़23 प्रयोजनार्थ जिले में संचालित सर्व प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक कल 6 को अपरान्ह 4 बजे जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधितों को प्रशिक्षण में उपस्थिति अनिवार्यतः सुनिश्चित करने कहा है।

### आदर्श आचरण संहिता के संबंध में प्रशिक्षण आज

जांजगीर, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 प्रयोजनार्थ आदर्श आचरण संहिता के अनुपालन तथा संपत्ति विरूपण, सुविधा एप्लीकेशन के संबंध में प्रशिक्षण 06 अक्टूबर को दोपहर 12.00 बजे जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधितों को प्रशिक्षण में उपस्थिति अनिवार्यता: सुनिश्चित करने कहा है।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**जांजगीर**,`5 अक्टूबर (देशबन्धु)।नगर पंचायत शिवरीनारायण के सांस्कृतिक भवन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम (स्वीप) का आयोजन किया गया। इसके साथ ही महिला सम्मेलन एवं मतदान शपथ का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मतदाता एप्प के बारे में विस्तृत जानकारी बताया गया कि 17 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति मतदाता सूची में अपना पंजीकरण करा सकते है। मतदान के अधिकार के महत्व को बताते हुए मतदान के प्रति जन जागरूकता लाने पर जोर दिया गया। पंकज शुक्ला परियोजना अधिकारी नवागढ़ द्वारा उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को मतदान शपथ दिलाया गया। किशोरी बालिकाओं में रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान हेतु जन जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, किशोरी बालिकाओं के द्वारा मतदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान के प्रति जागरूकता लाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार शिवरीनारायण अश्वनी चंद्रा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत शिवरीनारायण सुश्री संध्या वर्मा, प्रोफेसर कौशिक, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहे।

### नाम निर्देशन कार्य हेतु नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों का प्रशिक्षण आज

जांजगीर, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)।आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 प्रयोजनार्थ नाम निर्देशन कार्य हेतु नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों का प्रशिक्षण 06 अक्टूबर 2023 को प्रात: 11.00 बजे जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधितों को आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित होते हुये अपने विधानसभा क्षेत्रांतर्गत नाम निर्देशन सहयोग हेतु नियुक्त अधिकारी, कर्मचारियों की भी उपस्थिति अनिवार्यत: सुनिश्चित करने कहा है।

## चाकू मारने वाला युवक गिरफ्तार

**जांजगीर**, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुरानी रंजिश को लेकर हत्या करने के नियत से चाकू से वार कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 307 भादवि के तहत कार्यवाही की गई।

मामले पुलिस ने बताया कि 30 सितंबर को प्रार्थी वीरेंद्र कुमार केवंट पिता शिव शंकर निवासी पिसौद ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई की 29 सितंबर को रात्रि 10.30 बजे आहत कुमार केवंट को आरोपी विशाल चौहान ने पुरानी रंजिश पर से अकेला पाकर हत्या करने की नियत से अपने पास रखे चाकू से कुमार केवंट के पेट में प्राणघातक



हमला कर चोट पहुंचाया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 307 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी विशाल चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी पिसौद को घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर उपनिरीक्षक राजेश साह, एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर**, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 376, 506 भादवि के तहत कार्यवाही की गई। महिला पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को त्वरित गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मामले पुलिस ने बताया कि 21 सितंबर को पीड़िता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई की पीड़िता का झर्रा निवासी होरीलाल सूर्यवंशी से फेसबुक के माध्यम से का जान पहचान होने से आरोपी द्वारा पीड़िता को नौकरी लगवा देने का प्रलोभन देकर जबरदस्ती दैहिक



शोषण किया एवं जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में आरोपी के विरुद्ध धारा 376, 506 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी होरिलाल सूर्यवंशी को पुलिस हिरासत में लेकर दिनांक घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

### डीजे साउंड सिस्टम एवं उपयोग किए पिकप वाहन जब्त

**जांजगीर**, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। तीव्र आवाज में डीजे साउंड चलाने वाले संचालक के ऊपर चांपा पुलिस ने कार्यवाही किया है। डीजे साउंड सिस्टम एवं डीजे उपयोग किए पिकप वाहन को जब्त किया गया है। 04 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना मिला की मारुति टाउन शिप चांपा के पास आम रोड में डीजे साउंड अधिक आवाज से चलाया जा रहा है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया, पाया गया की तेज आवाज में डीजे साउंड बजाया जा रहा था, डीजे संचालक किशन पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी बसंतपुर के विरुद्ध थाना चांपा में धारा 4, 5, 15 कोलाहल अधिनियम के तहत उपयोग किए वाहन सीजी -11 एबी 3198 एवं डीजे साउंड सिस्टम को जप्त कर कार्यवाही किया गया है।

### चुनाव प्रशिक्षण संपन्न

**डभरा**, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। डभरा में दो दिवसीय चुनाव प्रशिक्षण संपन्न हुआ इस चुनाव प्रशिक्षण में रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री दिव्या अग्रवाल के निर्देशन में शुरू हुआ प्रशिक्षण दो पारियों में संपन्न हुआ इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण में सभी विभाग के कर्मचारी सम्मिलित हुए मास्टर ट्रेनर के रूप में प्यारेलाल साहू, केशव पटेल अनिल केवट, चित्रसेन, दिनेश, विजय पांडे, परमेश पटेल, पाल पीटर कुजूर, सुरेंद्र,सुनील, मनोहर, रामकुमार पटेल, शैलेंद्र, कमलेश, मुकेश साहू द्वारा ट्रेनिंग दिया गया। वही प्रशिक्षण की देखरेख सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डाक्टर रवि शंकर राठौर तहसीलदार डभरा, संजय कुमार मिंज तहसीलदार मालखरौदा, श्रीमती बी चौहान तहसीलदार अड़भार, अभिजीत राजभानु तहसीलदार चंद्रपुर, आशीष कुमार पटेल नयाब तहसीलदार ,देवानंद यादव, लोकेश पटेल, दिलीप सूर्यवंशी चुनाव प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

### गीतांजलि पटेल अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

डभरा, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। जोगी कांग्रेस को आज एक और बड़ा झटका लगा है पिछले चुनाव 2018 में जोगी कांग्रेस की प्रत्याशी रही चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र की गीतांजलि पटेल ने 5 अक्टूबर को राजीव भवन रायपुर में आयोजित समारोह में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। कद्दावर नेत्री गीतांजलि पटेल को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज तथा उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के विशेष उपस्थिति में कांग्रेस का गमछा पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराया गया। बता दें कि अभी हाल में ही जोगी कांग्रेस के हजारों समर्थकों ने जेसीसीजे पार्टी से इस्तीफा दे दिया था और अटकलें लगाई जा रही थी कि उनके समर्थक कांग्रेस पार्टी में शामिल हो सकते हैं। ऐसा ही हुआ वही चंद्रपुर विधानसभा विधानसभा के बारे में यह कहा जाता है कि यहां का चुनावी गणित कुछ भी हो सकता है। अब देखना है कि चंद्रपुर विधानसभा की राजनीति किस करवट बैठता है जातिगत राजनीति के आधार पर यहां अघरिया वोट बैंक प्रभावित कर सकता है। गीतांजलि पटेल कांग्रेस पार्टी के दामन थाम चुके हैं गीतांजलि पटेल के कांग्रेस प्रवेश पर चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं गृह ग्राम कोटमी में खुशी की लहर है।

## एडवेंचर कैंप में शामिल होकर लौटे जिले के स्काउट गाइड

**जांजगीर**, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। नेशनल युथ एडवेंचर संस्थान गदपुरी हरियाणा में पर्वतारोहण, व्यक्ति त्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन किया गया ।छत्तीसगढ़ के 18 जिले से 196 स्काउट, गाइड,रोवर, रेंजर स्काउटर एवं गाइडर शामिल हुए। जिसमें जिले से 5 स्काउट, 4 गाइड एवं 2 प्रभारी स्काउटर गाइडर शामिल हुए।

शिविर में तमन्नाा देवांगन, आस्था दुबे शा कन्या उमावि सिवनी, पिया वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसला, खुशी बरेठ शा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर, रामकिशन नट, श्यामनारायण नट शासकीय महामाया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़, योगेश कुमार कश्यप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरा अभय बघेल, मोहनीश बरेठ शासकीय हाई स्कूल सरहर एवं प्रभारी मोहन लाल कौशिक जिला संगठन आयुक्त व निर्मला कौशिक रेंजर लीडर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हेडसपुर सम्मिलित हुए ।

पांच दिवसीय इस शिविर में प्रथम दिवस उद्घाटन पश्चात् बेनी मंदिर, दूसरे दिन गदपुरी के एडवेंचर में विभिन्ना साहसिक गतिविधियों में भाग लिए, तीसरे दिन आगरा के ताजमहल का भ्रमण कर वापस मथुरा में रात्रि विश्राम कर श्रीकृष्ण जन्म स्थल का दर्शन किये। इसी तरह वृंदावन के वैष्णव मंदिर के बाद प्रेम मंदिर के आकर्षक लाइटिंग और भगवान श्रीकृष्ण एवं गोपियों के स्वरूप का दर्शन किए। पांचवें दिन दिल्ली में इस्कान टेंपल, इंडिया गेट, पुराना किला, गुरु द्वारा के साथ 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर राज घाट में जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित किए। कैम्प फायर में जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

## केले की वाणिज्यिक फसल से किसान हो रहे समृद्ध

**जांजगीर**, 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासन की योजनाओं से प्रेरित होकर जिले के किसानों में धान के बदले उद्यानिकी फसलों की ओर रूझान बढ़ रहा है। जिससे जिले में केले एवं अन्य वाणिज्यिक फसल से किसान समृद्ध हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के पामगढ़ विकासखंड के ग्राम सेमरिया के किसान उत्तमेश साहू ने बताया कि वे पहले धान की फसल लेते थे। किंतु लागत के अनुपात में आय कम होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा था, फिर उन्हें उद्यान विभाग के अधिकारियों से संपर्क हुआ। तब विभाग के अधिकारियों ने उन्हें विभाग में संचालित योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसके फलस्वरुप उन्होने केले की फसल लगाने की सोची और केले की फसल ने उनकी जिंदगी ही बदल डाली। उन्होंने जी-9 वेरायटी का केला लगाया है। यह वेरायटी जिले की जलवायु के अनुकूल है। केले की उत्पादन से उनके आय में तीन से चार गुना की वृद्धि हो गई और वे केलों को शिवरीनारायण, बिलासपुर और आसपास के मार्केट में बेंच रहे हैं। जिसकी आय से उनकी आर्थिक स्थिति में बहुत सुधार आया। वे अभी तक केले की फसल से 2 लाख 80 हजार का लाभ प्राप्तकर चुके हैं। अब वे आसपास के किसानों को भी धान के स्थान पर अन्य फसल लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। किसान उत्तमेश के पास लगभग डेढ़ हेक्टेयर खेती का रकबा है, जिसमें वह आधे हेक्टेयर में केले की फसल ले रहे हैं। उनकी सफलता से प्रभावित होकर आसपास के बहुत से कृषक भी केले की फसल लगाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

## चौहान समाज गाड़ा जाति को अनुसूचित जनजाति संवर्ग में बहाली की मांग

### दिल्ली के जंतर-मंतर में करेंगे धरना-प्रदर्शन

**सक्ती** 05 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम अकलसरा में अखिल छत्तीसगढ़ चौहान समाज का प्रादेशिक सम्मेलन आयोजित किया गया।जिसमें गाड़ा चौहान समाज को अनुसूचित जनजाति संवर्ग में बहाल करने सरकार से मांग करने का निर्णय लिया गया। समाज के वरिष्ठ जनों ने बताया कि बरार स्टेट के समय जिन 99 जनजातियों को अनुसूचित जनजाति आदिवासी



अकलसरा में चौहान समाज की प्रादेशिक महासभा संपन्न

संवर्ग में शामिल किया गया था , उनमें चौहान समाज की गाड़ा जाति भी सम्मिलित थी। परंतु मध्यप्रदेश के गठन पश्चात गाड़ा जाति के टाइपिंग मिस्टेक होने से उसे अनुसूचित जाति में डाल दिया गया , इसे अब तक नही सुधारा गया है। समाज के संरक्षक महावीर गुरूजी , प्रदेशाध्यक्ष सोहन चौहान , महासचिव राधेश्याम चौहान की उपस्थिति में आयोजित महासभा में चौहान गाड़ा जाति के आदिवासी संवर्ग में बहाली पर विस्तार से चर्चा की गई और मांग नही माने जाने पर दिल्ली के जंतर मंतर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर एक राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें समाज की ओर से छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मजदूर नेता एवं वरिष्ठ समाज सेवी गनपत चौहान को प्रमुख राजनैतिक चेहरा बनाने का फैसला लिया गया। प्रदेशाध्यक्ष सोहन चौहान ने वरिष्ठ समाजसेवी ध्रूपत चौहान को प्रदेश संगठन मंत्री एवं रीवाडीह के दीपक छतराम चौहान को सक्ती जिले का प्रभारी नियुक्त किया। उन्हें जिले के सभी ब्लॉको में 6 महीने में संगठन तैयार करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर महासभा में ग्राम अकलसरा की बुजुर्ग श्रीमती रामकुंवर चौहान पति स्व गौराहा , उसत राम चौहान , भलाराम चौहान एवं गोरपार का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आशीर्वचन के लिये पहुंचे वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कांग्रेस के सचिव घनश्याम पांडेय का चौहान समाज ने आत्मीय स्वावत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महासचिव राधेश्याम चौहान , सहसचिव नरेश चौहान , सरोज चौहान , मोहन चौहान , बंशी चौहान , महादेव सोनवानी , गजेन्द्र चौहान , सत्येन्द्र चौहान , लखन चौहान , वंश बहादुर चौहान , अमर सिंह चौहान , उदयराम चौहान आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गनपत चौहान एवं आभार प्रदर्शन ध्रुपत चौहान ने किया।

# देश विदेश

## अफगानिस्तान में बस पलटने से दो की मौत, 28 घायल

**तालुकान।** उत्तरी अफगानिस्तान के तखर प्रांत में एक यात्री बस के पलट जाने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी और 28 अन्य घायल हो गये है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात प्रांत के बंगी जिले में सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और महिलाओं और बच्चों सहित 28 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। अधिकारी ने सड़क दुर्घटना के लिए लापरवाह ड्राइविंग को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि भीड़भाड़ वाली सड़कों पर चालकों की लापरवाही अक्सर प्रांत में घातक दुर्घटनाओं का कारण बनती है।

## कनाडा के साथ विवाद के कारण संबंध खराब होने के दावों को अमेरिका ने किया खारिज

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को उन रिपोर्टों का खंडन किया है, जिसमें दूत ने कहा था कि कनाडा के साथ नई दिल्ली के राजनयिक विवाद के कारण द्विपक्षीय संबंध प्रभावित होंगे।

**'पोलिटिको' की रिपोर्ट के बाद आया है स्पष्टीकरण**

यह स्पष्टीकरण 'पोलिटिको' की रिपोर्ट के बाद आया है। जिसमें कहा गया था कि राजदूत एरिक गार्सेटी ने अपने देश की टीम को बताया था कि कनाडा के साथ भारत के राजनयिक विवाद के कारण भारत-अमेरिका के बीच संबंध कुछ समय के लिए खराब हो सकते हैं। अमेरिकी



दूतावास के एक बयान में कहा गया, राजदूत एरिक गार्सेटी अमेरिका और भारत के लोगों और सरकारों के बीच साझेदारी को गहरा करने के लिए हर दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जैसा कि उनकी व्यक्तिगत व्यस्तता और सार्वजनिक कार्यक्रम से पता चलता है, राजदूत गार्सेटी और भारत में अमेरिकी मिशन भारत के साथ हमारी महत्वपूर्ण, रणनीतिक और परिणामी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए हर दिन काम कर रहे हैं। विदेश विभाग के एक अनाम अधिकारी का हवाला देते हुए, पोलिटिको रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया, एरिक गार्सेटी ने अपनी टीम से कहा कि अमेरिका को अनिश्चित अवधि के लिए भारतीय अधिकारियों के साथ अपने संपर्क कम करने की जरूरत हो सकती है। रिपोर्ट भारत द्वारा खालिस्तान नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद के बीच कनाडा से भारत में तैनात अपने राजनयिकों की संख्या कम करने के लिए कहने के साथ मेल खाती है, जिन्हें 2020 में भारत द्वारा नामित आतंकवादी घोषित किया गया था।

### अमेरिकी मीडिया ने कहा, प्रतिनिधि सभा अराजकता में

## केविन मैक्कार्थी को बाहर करने का दिया हवाला



**बीजिंग।** पद संभालने के सिर्फ नौ महीने के बाद, अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी को बाहर कर दिया गया। 3 अक्टूबर को रिपब्लिकन पार्टी द्वारा नियंत्रित प्रतिनिधि सभा में मैक्कार्थी को पद से हटाने के लिए सदन के सदस्यों ने 216:210 वोट दिए। इससे अमेरिकी मीडिया ने आश्चर्य से कहा, अमेरिकी इतिहास में अभूतपूर्व प्रतिनिधि सभा अराजकता में है। रिपब्लिकन पार्टी नियंत्रण से बाहर है। अमेरिका में जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग चिंतित हैं कि अमेरिकी राजनीति में नंबर तीन व्यक्ति के नाटकीय इस्तीफे के साथ, दो अमेरिकी पार्टियों और पार्टी के भीतर गुटों के बीच संघर्ष तेज हो जाएगा, जिससे अमेरिकी राजनीतिक में और अधिक उथल-पुथल मच जाएगी, और अमेरिकी समाज को और अधिक तोड़ा जाएगा। जैसा कि कई विश्लेषकों ने बताया है, अमेरिका में राजनीतिक दलों के बीच तीव्र विरोध और पार्टी के भीतर गुटीय लड़ाई का तेज होना मैक्कार्थी के इस्तीफे के महत्वपूर्ण कारण हैं।

## बाइडेन ने सीमा पर दीवार के नए खंड को दी मंजूरी

### आप्रवासन के बढ़ते स्तर को रोकने का प्रयास

**मेक्सिको सिटी,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन आप्रवासन के बढ़ते स्तर को रोकने के प्रयासों तहत दक्षिणी टेक्सास में सीमा पर दीवार के एक नये हिस्सा का निर्माण करेगा। बीबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि यह हिस्सा लगभग 32 किमी (20 मील) का होगा और इसका निर्माण मेक्सिको के साथ सटी सीमा पर स्टार काउंटी में किया जाएगा। यह वहीं हिस्सा है, जहां से अधिकारी अप्रवासियों को सीमा पार से इस पास बड़ी संख्या में घुसने की रिपोर्ट का दावा करते हैं। सीमा पर दीवार बनाना राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रम्प की एक महत्वपूर्ण नीति थी और इसका डेमोक्रेट्स ने इसका कड़ा विरोध किया था। श्री बाइडेन ने 2020 में वादा किया कि यदि वह राष्ट्रपति चुने गए तो वह एक और फुट भी दीवार नहीं बनाएंगे, लेकिन अवैध सीमा पार करने वालों की बढ़ती संख्या ने इस मुद्दे



को राष्ट्रपति को दोबारा सोचने का मजबूर कर दिया। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल दो लाख 45 हजार से अधिक लोग सीमा पार से आये और इस मामले में सितंबर महीना में रिकॉर्ड अप्रवासियों की सीमा पर से आयी हैं। कई अमेरिकी शहरों का कहना है कि सीमा पर से इस तरह की घुसपैठ से वे दबाव महसूस कर रहे हैं। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने भविष्यवाणी की है कि पिछले साल से 100,000 से अधिक नए लोगों के आवास की लागत अगले तीन वर्षों में बढ़कर 12 अरब डॉलर हो जाएगी।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 6 अक्टूबर , 2023 भाद्र आश्विन पक्ष 8**

### राशिफल

मेष -मन में स्थिरता और निर्णायकता का अभाव होने से आप तेजी से कोई निर्णय नहीं ले सकेंगे। इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कार्य स्थगित रखने पड़ेंगे। नौकरी धंधे में विरोधियों का सामना करना पड़ेगा।

वृषभ -आज आपको समस्त दुविधाओं को किनारे रखकर मन को एकाग्र और स्वस्थ रखने की आवश्यकता है, क्योंकि मन की अस्थिरता के कारण आप हाथ में आए हुए सुनहरे अवसर को खो देंगे, ऐसी संभावना है।

मिथुन -तन-मन से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। घर में मित्रों, सगे- संबंधियों के आगमन से खुशी का वातावरण रहेगा। अच्छा भोजन और सुंदर वस्त्राभूषण मिलने का योग है। आज का दिन आर्थिक लाभ का दिन है।

कर्क -आज आपका मन अस्वस्थ और बेचैन रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से घर में विपरीत परिस्थिति उत्पन्न हो जाएगी। आपकी निर्णय शक्ति कुंठित होने से दिशा नहीं दिखाई देगी।

सिंह -आपको व्यापार धंधे में लाभ होगा और आय बढ़ेगी। अच्छा भोजन मिलेगा और मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने की संभावना है। मित्र आपके लिए सहायक सिद्ध हो सकेंगे। पुत्र से मुलाकात होगी। बुजुर्गों का साथ मिलेगा।

कन्या -आज आप नए काम की योजनाओं को अमल में ला सकेंगे। व्यापार और नौकरी करने वाले लोगों को लाभ मिल सकेगा। अधिकारी आप पर कृपादृष्टि रखेंगे। उच्च पद मिलने की संभावना है।

तुला -आप नए काम शुरू करने का प्रयत्न करेंगे। बौद्धिक तथा साहित्य और लेखन का कार्य कर सकेंगे। किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जा सकेंगे। विदेशी मित्रों या सगे- संबंधियों के समाचार मिलने से खुशी अनुभव करेंगे।

वृश्चिक -आज अपने स्वभाव और व्यवहार पर काबू रखना आवश्यक है। कोई नए काम की शुरुआत आज ना करें। स्वास्थ्य खराब होने की संभावना होने से खानपान में ध्यान रखें। अचानक आर्थिक लाभ हो सकता है।

धनु -आज आप स्वादिष्ट भोजन, अच्छे पोशाक, प्रवास और पार्टी का आनंद ले सकेंगे। भरपूर मनोरंजन का आनंद उठाएंगे। दोस्तों से विशेष आकर्षण अनुभव करेंगे। प्रिय व्यक्ति से मिलकर रोमांच अनुभव करेंगे।

मकर -व्यापार में वृद्धि और आर्थिक योजनाएं बनाने के लिए आज का दिन अच्छा है। पैसे की लेन-देन अच्छी तरह कर सकेंगे। जो लोग आयात निर्यात का काम करते हैं, वे लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कुंभ -आज आपको किसी बात का डर लगा रहेगा। विचार तेजी से बदलने के कारण आप दुविधा में रहेंगे और किसी निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। संतान की चिंता परेशान करेगी। आपको पेट की तकलीफ होने की संभावना है।

मीन -आज आपको सावधान रहना पड़ेगा। परिवार में मतभेद हो सकता है और माता के स्वास्थ्य चिंता रहेंगी। मन में किसी बात की चिंता रहेगी। आर्थिक नुकसान हो सकता है और प्रतिष्ठा को कलंक पहुंच सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1499-फ्रांस के राजा लुईस ने मिलान पर क़ब्ज़ा किया।
1723-बेंजामिन फ्रेंकलिन 17 साल की उम्र में फिलाडेल्फिया पहुंचे।
1762-ब्रिटिश सैनिकों ने फिलीपींस के मनीला पर क़ब्ज़ा किया।
1862-भारतीय दंड संहिता कानून पारित हुआ और एक जनवरी से लागू हुआ।
1919-तांबुलीस्की बुल्गारिया के प्रधानमंत्री बने।
1935-भारत में 32 साल के सबसे लंबे समय तक अंपायरिंग करने वाले जीवन डी घोष का बंगाल में जन्म हुआ।
1946-हिन्दी फ़िल्म अभिनेता विनोद खन्ना का जन्म।
1957-सोवियत संघ ने नोवाया ज़ेमल्या में परमाणु परीक्षण किया।
1963-पंजाब के स्वतंत्रता सेनानी ग्रैंड ओल्ड मैन बाबा खड़क सिंह का जन्म।
1972-मेक्सिको में ट्रेन पटरी से उतरने से 208 लोगों की मौत।
1980-गुयाना ने संविधान को अंगीकार किया।
1981-काहिरा में सैनिक परेड के दौरान एक सैनिक समूह द्वारा मिस्त्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की हत्या।
1983-पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाया गया।
1987-फिजी एक गणराज्य घोषित हुआ।
1994-यूनेस्को ने वर्ष 1995 को संयुक्त राष्ट्र सहिष्णुता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की।
1995-दो स्विस वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के सौर व्यवस्था के बाहर गृह की पहली बार पहचान की।
1999-संयुक्त राष्ट्र निरस्त्रीकरण सम्मेलन आस्ट्रेलिया की राजधानी वियना में प्रारम्भ।
2000-इस्रायली पुलिस द्वारा अलअक्सा मस्जिद में जबरन प्रवेश के बाद हिंसा शुरू।

## ताइवान में तूफान कोइनु से लगभग 200 लोग घायल

**ताइपे,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। ताइवान में तूफान कोइनु के कारण हुए हादसों में कम से कम 190 लोग घायल हो गए और बिजली खम्भों और तारों के क्षतिग्रस्त होने से 60,000 से अधिक घरों और वाणिज्यिक इमारतों में अभी भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी है। ताइवान की सेंट्रल न्यूज एजेंसी (सीएनए) ने गुरुवार को बताया कि कोइनु तूफान स्थानीय समयानुसार लगभग 8:20 बजे द्वीप के दक्षिण में पिंगटुंग काउंटी के तट पर पहुंचा। तूफान की अधिकतम हवा की गति 48 मीटर प्रति सेकंड (106.8 मील प्रति घंटा) थी। हवा ने व्यावसायिक बैनरों, तारों, शहर के निर्माणों को नष्ट कर दिया। तूफान से बड़ी संख्या में पेड़ भी गिर गए। द्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट, लैन यू द्वीप (ऑर्किड द्वीप) पर 95 मीटर प्रति सेकंड (212 मील प्रति घंटा) तक हवा चली। हवा की यह गति सबसे तेज़ रही। ताइवान पावर कंपनी के अनुसार तूफ़ान ने 174,500 से अधिक घरों और वाणिज्यिक भवनों को विद्युत ऊर्जा से वंचित कर दिया है। वर्तमान में, अधिकतर तूफान प्रभावित क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। तूफान के कारण करीब 60,000 से अधिक घरों में अभी विद्युत आपूर्ति बाधित हैं। आपदा के कारण स्थानीय हवाई अड्डों ने 42 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और 182 स्थानीय उड़ानें रद्द कर दी हैं।

## इमरान का करीबी नौ मई के दंगों के मामले में बना सरकारी गवाह

**इस्लामाबाद,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगियों में से एक और पीटीआई की टाइगर फोर्स के प्रमुख रहे उस्मान डार ने 9 मई के दंगे के मामले में पाला बदलने और अपने पार्टी प्रमुख के खिलाफ सरकारी गवाह बनने का फैसला किया है। टाइगर फोर्स के प्रमुख के रूप में कार्य करने के अलावा डार, पार्टी के लिए काम करने के लिए युवा स्वयंसेवकों को शामिल करने और बढ़ावा देने के लिए गठित एक संगठन के पूर्व विशेष सहायक भी थे। एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में डार ने दावा किया कि दंगों की योजना और क्रियान्वयन की रणनीति लाहौर के ज़मान पार्क स्थित पूर्व प्रधानमंत्री के आवास पर बनाई गई थी। उन्होंने कहा, 9 मई की घटना की योजना लाहौर में उनके ज़मान पार्क निवास पर पीटीआई प्रमुख के रूप में इमरान खान की अध्यक्षता में हुई बैठकों में बनाई गई थी। इमरान खान ने खुद सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के निर्देश दिए थे। कहा कि , इस बात पर चर्चा हुई कि हमें उन पर (सैन्य



■ पीटीआई की टाइगर फोर्स के प्रमुख रहे हैं उस्मान डार

प्रतिष्ठान) दबाव बनाने के लिए जरूरत पड़ने पर राज्य संस्थानों पर हमला करना चाहिए। डार ने कहा कि पार्टी में दो खेमे बन गए हैं। एक का झुकाव राज्य संस्थानों के प्रति सुलहवादी दृष्टिकोण की ओर था, जबकि दूसरा पक्ष आक्रामक आख्यान बनाने और संस्थानों को अपने सिर पर लेने की कहानी की ओर झुका हुआ था। उन्होंने दावा किया, मुराद सईद, हम्माद अज़्हर और आज़म स्वाति उस समूह में से थे, जो चाहते थे कि खान सत्ता विरोधी रुख अपनाएं और इमरान खान उनकी बात सुनते थे।

## गुटेरेस ने स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया

**वाशिंगटन,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) के अध्यक्ष मिर्जाना स्पोलजारिक ने गुरुवार को नेताओं से मानवता की रक्षा के लिए स्वायत्त हथियार प्रणालियों के उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए नए अंतरराष्ट्रीय नियम स्थापित करने का आह्वान किया। आज हम एक तत्काल मानवीय प्राथमिकता को संबोधित करने के लिए शामिल हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) ने राज्यों से स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर विशिष्ट निषेध और प्रतिबंध स्थापित करने का आह्वान किया है, ताकि वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को उनके उपयोग के परिणामों से बचाया जा सके। संयुक्त राष्ट्र ने एक बयान में कहा, मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य में, स्पष्ट अंतरराष्ट्रीय लाल रेखाएं स्थापित करने से सभी राज्यों को लाभ होगा। श्री गुटेरेस और श्री स्पोलजारिक ने विश्व नेताओं से स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर स्पष्ट निषेध और प्रतिबंध



स्थापित करने और 2026 तक ऐसी वार्ताओं को समाप्त करने के लिए एक नए कानूनी रूप से बाध्यकारी उपकरण की बातचीत शुरू करने का आह्वान किया। बयान में कहा गया है, मानवीय भागीदारी के बिना लोगों की जान लेने की शक्ति और विवेक वाली मशीनों को अंतरराष्ट्रीय कानून द्वारा प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र ने यह भी कहा कि रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नई प्रौद्योगिकियों की बढ़ती उपलब्धता और पहुंच, जिन्हें इन प्रणालियों में एकीकृत किया जा सकता है। इन प्रौद्योगिकियों को विकसित करने वाले संगठनों के साथ-साथ वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के नेताओं के बीच चिंताएं बढ़ा रही हैं।

## सूडान में आरएसएफ के हमले में नौ लोगों की मौत

**खार्तूम,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। सूडान में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) अर्धसैनिक समूह के सशस्त्र बलों द्वारा खार्तूम में एक चिकित्सा केंद्र पर किए गए हमले में नौ नागरिक मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए हैं। सूडानी सशस्त्र बलों के प्रवक्ता नबील अब्दुल्ला ने कहा, विघटित विद्रोही रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने बहरी में एक मस्जिद में एक चिकित्सा केंद्र पर बमबारी की है, जिसमें नौ नागरिकों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। अर्धसैनिक समूह ने अभी तक गोलाबारी पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। 15 अप्रैल को सूडानी सेना और आरएसएफ के बीच हिंसक झड़प हुई। अर्धसैनिक कमांडर जनरल मोहम्मद हमदान डागालो ने सूडानी संप्रभुता परिषद के प्रमुख और सशस्त्र बलों के कमांडर अब्देल फत्ताह बुरहान पर नागरिक सरकार को सत्ता सौंपने के लिए अनिच्छुक होने का आरोप लगाया। संघर्ष के पक्षों ने तब से कई अस्थायी राष्ट्रव्यापी युद्धविराम लागू किए हैं लेकिन किसी ने भी संघर्ष को सुलझाने में मदद नहीं की है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि संघर्ष में मरने वालों की संख्या सैकड़ों में हो सकती है जबकि रेड क्रॉस ने चेतावनी दी है कि व्यापक शत्रुता से देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के चरमराने का खतरा है।

**परेशानी** *बिजली उत्पादन के बावजूद बिजली कटौती का करना पड़ रहा सामना*

## सर्दी की दस्तक के साथ ही जम्मू कश्मीर से बिजली गुम

**जम्मू, 5 अक्टूबर(देशबन्धु)। यह जम्मू कश्मीर के लोगों की बदकिस्मती है कि प्रदेश में हजारों मैगावाट बिजली उत्पादन के बावजूद उन्हें सर्दी और गर्मी में बिजली कटौती के भयानक दौर से गुजरना पड़ रहा है। इन गर्मियों में सूरज देवता पर दोष मढ़ने वाला बिजली विभाग सर्दी की शुरूआत के साथ ही आरंभ हुई 5 से 9 घंटों की बिजली कटौती को जायज ठहराने के लिए अब बहाने तलाश रहा है। नतीजा यह है कि स्मार्ट मीटरों को लगाने के साथ ही 24 घंटे बिजली आपूर्ति के किए गए दावे और वादे ठुस्स हो चुके हैं। कारण स्पष्ट है।**

करीब 500 मैगावाट बिजली की कमी सिर्फ कश्मीर में है और यही हाल जम्मू संभाग का भी है। कश्मीर में अभी 1700 मैगावाट बिजली की जरूरत है। 1500 मैगवाट बिजली जम्मू संभाग को चाहिए। पर बिजली विभाग अभी से हाथ खड़े कर चुका है। हालांकि इन गर्मियों में कश्मीर को बिजली कटौती से कोई खास फर्क नहीं पड़ा था पर जम्मू संभाग में जैसे प्रतिदिन कई इलाकों में मात्र 6 से 8 घंटों के लिए ही बिजली आपूर्ति हो रही थी वैसा ही हाल अभी से कश्मीर का है। लाल चौक में दुकान चलाने वाला शब्बीर अहमद कहता था कि अभी तो सर्दी ने सिर्फ दस्तक दी है और बिजली नदारद हो चुकी है। ऐसे में कश्मीर पावर डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन लिमिटड के चीफ इंजीनियर युसूफ जावेद डार कहते थे कि कश्मीर में



**5 से 9 घंटें की हो रही बिजली कटौती**

सूखा पड़ने से दरियाओं में पानी कम होने से बिजली उत्पादन आधे से भी कम हो चुका है। पर वे इसके प्रति कोई उत्तर नहीं देते थे कि जो उत्पादन हो रहा है वह जम्मू कश्मीर के लोगों को देने में प्राथमिकता क्यों नहीं है। क्यों सारी बिजली प्रदेश के बाहर भेजी जा रही है। रोचक तथ्य यह है कि बिजली की कमी को पूरा करने के लिए अब अपने ही डैमों से बनाई जाने वाली बिजली खरीदने के लिए केंद्र सरकार से मिन्नते की जा रही हैं। अधिकारी बिजली के मद पर करोड़ों का खर्चा होने और उगाही अभी भी नगण्य होने का रोना जरूर रोते थे। इसे भूला नहीं जा सकता कि इन गर्मियों में बिजली कटौती को लेकर जम्मू संभाग में मचे हाहाकार के बीच अधिकारियों ने यह कह कर आग को और भड़काया था कि सरकार के पास अतिरिक्त बिजली खरीदने को पैसा नहीं है। ऐसे में जबकि कश्मीर में सर्दी ने अभी दस्तक ही दी है बिजली आपूर्ति के मोर्चे पर सरकार के ढेर हो जाने के बाद कश्मीरी भयानक सर्दी के मौसम में बिजली कटौती के प्रति सोच से ही परेशान हो रहे हैं। पर सरकार को सिवाय बहाने तलाशने और स्मार्ट मीटर लगाने के बाद 24 घंटे बिजली आपूर्ति के झूठे वादे करने के सिवाय कुछ नहीं सूझ रहा है।


## सुडोकू 6338

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | | 7 | |
| 5 | | | 7 | | | 9 | | |
| 8 | | 7 | 2 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | 2 | | | | | | |
| | 6 | | | | | | 3 | |
| | | | | | | 7 | | 5 |
| 2 | | | 8 | | 5 | 4 | | 7 |
| | | 4 | | | 9 | | | 1 |
| | 1 | | 4 | 7 | | | | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6338



**बायें से दायें:-**
१. पराजित होना, अपमानित होना, मुहावरा है दांत .... होना
३. अश्वशाला
५. गायब, लुप्त
६. 26 दिसंबर 1934 के पूर्व ईरान को इस नाम से पुकारा जाता था
७. निरुत्तर, अनुपम (उर्दू)
८. चांदी का घड़ा
१३. भिड़ंत, टकराव
१५. घर्षण, घिसाव
१६. शिष्टता शहर में रहने का भाव
१७. लाजवंती
१८. युवावस्था
२०. दर्शकगण (उर्दू)
२२. तकलीफदेह
२३. डरावना

**ऊपर से नीचे:-**
१. अनबन, मनमुटाव
२. बुद्धिमान (उर्दू)
३. मुनाफाखोरी
४. उपद्रवकारी (उर्दू)
५. जिसे जीता गया हो, पराजित
९. कस कर बांधना, कसना, बांधना
१०. जिद्दी
११. प्रभात, सुबह
१२. असुविधा, कठिनाई
१४. सभासद (उर्दू)
१७. चंद्रमा
१९. वस्त्र
२०. ध्वनि, आवाज
२१. गगन, आकाश

### वर्ग पहेली-6337

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बु | द्धि | २ म | त्ता | ■ | ■ | ३ त | र | ४ स | ना |
| रा | ■ | नो | ■ | ५ कि | ता | ब | ■ | र | ■ |
| ६ भ | वा | नी | ■ | र | ■ | ७ दी | प | का | ल |
| ला | ■ | ८ त | ९ र | ण | ता | ल | ■ | र | ■ |
| ■ | १० वे | ■ | वा | ■ | ■ | ■ | ११ स्वा | ■ | १२ द |
| १३ अ | स | हा | य | ■ | १४ ट | ■ | १५ ति | मि | र |
| ■ | ब | ■ | १६ त | र | क | श | ■ | ■ | ख्वा |
| १७ आ | ब | रू | ■ | ■ | सा | ■ | १८ स | १९ म | स्त |
| प | ■ | ■ | २० हि | मा | ल | २१ य | ■ | र्या | ■ |
| २२ स | म्मि | लि | त | ■ | ■ | २३ था | ने | दा | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6338 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 6 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 5 | 4 | 6 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## दुनिया को जानें


## प्रादा हाउस नासा के स्पेससूट डिजाइन करने में मदद करेगा

**वाशिंगटन,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। इटालियन लक्जरी फैशन हाउस प्रादा ने चंद्रमा पर आर्टेमिस थर्ड के लिए नासा के स्पेससूट को डिजाइन करने के लिए अमेरिकी कंपनी एक्सिओम स्पेस के साथ पहली अभूतपूर्व साझेदारी की है। प्रादा ने वेबसाइट पर एक बयान में कहा एक इतालवी लक्जरी फैशन हाउस और एक वाणिज्यिक अंतरिक्ष कंपनी के बीच पहली अभूतपूर्व साझेदारी में, प्रादा आर्टेमिस मिशन के लिए नासा के चंद्र स्पेससूट पर उद्योग के नेता और दुनिया के पहले वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन के वास्तुकार एक्सिओम स्पेस के साथ सहयोग प्रस्तुत करता है। दिसंबर 1972 में अपोलो 17 के बाद चंद्रमा पर उतरने वाले पहले चालक दल के रूप में, 2025 के लिए योजनाबद्ध यह आर्टेमिस मिशन, चंद्रमा पर एक महिला को भेजने वाला भी पहला मिशन होगा। प्रादा ने कहा कि नया एक्सिओम एक्स्ट्रावेहिकल मोबिलिटी यूनिट स्पेससूट अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए उन्नत क्षमताएं प्रदान करेगा, जबकि नासा को चंद्रमा पर और उसके आसपास पहुंचने, रहने और काम करने के लिए आवश्यक व्यावसायिक रूप से विकसित मानव प्रणालियों की पेशकश करेगा।

# खेल जगत

## अंतिम पंघल ने कुश्ती में जीता ब्रॉन्ज

**हांगझोऊ,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। दो बार की मौजूदा अंडर-20 चैंपियन अंतिम पंघल ने गुरुवार को टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता मंगोलिया की बैट-ओचिर बोलोरतुया को हराकर 19वें एशियाई खेलों में महिलाओं की 53 किग्रा कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। मौजूदा एशियाई चैंपियन अंतिम, जो अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान की अकारी फुजिनामी से हार गई थी, वो रेपचेज के माध्यम से कांस्य पदक मुकाबले में आगे बढ़ी। इस बीच पूजा गहलोत महिलाओं के फ्रीस्टाइल 50 किग्रा सेमीफाइनल कांस्य पदक मैच में उज्बेकिस्तान की अकतेंगे क्यूनिमजेवा से 2-9 से हारकर पदक से चूक गईं। पूजा इससे पहले सेमीफाइनल में दो बार की एशियाई चैंपियन जापान की रेमिना योशिमोटो से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं थीं। वहीं, ग्रीको-रोमन पहलवान नवीन को 130 किग्रा कांस्य पदक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के मिनसोक किम के हाथों 1-5 से हार का सामना करना पड़ा।



# तीरंदाजी में महिला टीम के बाद पुरुष टीम ने भी जीता स्वर्ण पदक





**हांगझोउ** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के ओजस देवतले, अभिषेक वर्मा और जावकर प्रथमेश समाधान की जोड़ी ने पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में गुरुवार को दक्षिण कोरिया को 235-230 के अंतर से हराकर इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया है। इससे भारत की महिला टीम ने चीनी ताइपे को 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

ओजस प्रवीण देवताले, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश जावकर की भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने गुरुवार को यहां 19वें एशियाई खेलों में फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने जू जेहून, यांग जेवोन और किम जोंगहो की दक्षिण कोरियाई टीम को पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा में 235-230 से हराकर शीर्ष पुरस्कार जीता।आज यहां खेले गये मुकाबले में दक्षिण कोरिया के पांच नौ-पॉइंटर्स की मदद से 58-55 की बढ़त के साथ भारत आगे बढ़ने वाला पहला खिलाड़ी था। कोरियाई लोग फिर से एंड 2 के शुरुआती शॉट्स में 10 से चूक गए और एक और अंक पीछे रह गए। दूसरे छोर से भारतीय टीम ने अंदरूनी घेरे पर प्रहार करना जारी रखा। स्वर्ण पदक जीतने की राह में, भारतीय तिकड़ी ने क्वार्टर फाइनल में भूटान के खिलाफ 235-221 से जीत दर्ज करने के बाद सेमीफाइनल में चीनी ताइपे को 235-224 से हराया। इसके अलावा, भारत ने कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक पक्के कर लिए हैं, जिसमें विश्व चैंपियन ओजस और हमवतन अभिषेक शनिवार को शिखर मुकाबले के लिए तैयार हैं।

इससे पहले दिन में भारतीय तीरंदाजी महिला कंपाउंड टीम ने फाइनल में मुकाबले में चीनी ताइपे को 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया था।

अदिति, ज्योति और परनीत की भारतीय जोड़ी शुरुआत में दो अंकों से पीछे चल रही थी, लेकिन दूसरे छोर के छठे तीर में चीनी ताइपे के 7-प्वाइंटर ने भारत को बढ़त दिला दी। फिर, अंतिम छोर तक स्कोर 171-171 रहा और भारत ने अंत मे चीनी ताइपे को एक अंक से हराकर स्वर्ण पदक मैच जीत लिया।

ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की महिला टीम ने यी सुआन चेन, आई जु हुआंग और लु यून वांड की चीनी ताइपे टीम को कड़े मुक़ाबले में 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

## घोषाल स्वर्ण से चूके, रजत जीता

संभवत: अपने आखिरी एशियाई खेलों की तरह, भारत के सौरव घोषाल अपने अवसरों को भुनाने में असफल रहे और गुरुवार को हांगझोउ में स्वर्ण पदक मैच में मलेशिया के एनजी इयान यू से 3-1 से हार गए। हांगझोउ ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर स्क्वैश कोर्ट 1 में खेले गए फाइनल में, राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता घोषाल ने पहला गेम 11-9 से जीता, लेकिन फिर अगले तीन गेम में 9-11, 5-11, 7-11 से हार गए और एक बार फिर उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। घोषाल, 37 साल की उम्र में हर गुजरते दिन के साथ युवा नहीं हो रहे थे, उन्होंने एकल स्वर्ण पदक जीतने का अपना सर्वश्रेष्ठ मौका गंवा दिया था। वह 2014 फाइनल में अब्दुल्ला अल-मुजायेन से 12-10, 11-2, 12-14, 8-11, 9-11 से हार गए थे। एशियाई खेलों का एकल स्वर्ण वह पदक है जिसे घोषाल सबसे अधिक चाहते थे। गुरुवार को उसके पास मौके थे लेकिन वह एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी से हार गए जो अधिक ऊर्जावान, अत्यधिक कुशल और बेहतर लय में दिख रहा था। घोषाल ने मैच के बाद कहा, मैं वास्तव में बहुत निराश हूं। पहला गेम जीता लेकिन दूसरा मेरे अनुकूल नहीं रहा। अजीब चीजें हुईं। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उसने बेहतर खेलना शुरू कर दिया और खुद को थोपा और मैं जवाब नहीं दे सका। मुझे यकीन नहीं है कि मैं अगले एशियाई खेलों में वहां पहुंच पाऊंगा या नहीं। कुछ 50-50 निर्णय ऐसे थे जो उनके अनुरूप नहीं रहे। भारत के अब तक के सबसे सफल कोलकाता के 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, बहुत सारे किंतु-परंतु हैं लेकिन मैं अभी चीजों का विश्लेषण नहीं करने जा रहा हूं। यह मैं बाद में करूंगा जब भावनाएं शांत हो जाएंगी और चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। लगभग दो दशकों तक देश का प्रतिनिधित्व करने वाले स्क्वैश खिलाड़ी से यह पूछे जाने पर कि क्या वह अगले एशियाई खेल खेलेंगे, घोषाल ने कहा कि वह बाद में इस बारे में फैसला करेंगे। उन्होंने कहा, मैं अभी इस बारे में कुछ नहीं कह रहा हूं। मैं शांत क्षणों में इस बारे में फैसला करूंगा। एशियाई खेलों के स्क्वैश में अब तक 9 पदकों के साथ सौरव घोषाल भारत के सबसे सफल खिलाड़ी हैं। जब वह अपने रैकेट लटकाएगा तो उसके दिल में एकमात्र निराशा यह होगी कि उसका प्रिय स्क्वैश कई प्रयासों के बावजूद ओलंपिक में जगह नहीं बना सका। उन्होंने कहा, कौन सा स्क्वैश खिलाड़ी ओलंपिक में खेलना पसंद नहीं करेगा? लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह भारत के अब तक के सबसे महान स्क्वैश खिलाड़ी के लिए एक और निराशा होगी, जिसने भारतीय खिलाड़ियों के लिए नए कीर्तिमान स्थापित किये।

# भारत की महिला हॉकी टीम का टूटा सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का सपना

- चीन की महिला हॉकी टीम ने भारत को सेमीफाइनल में दी 4-0 से शिकस्त
- भारत को सेमीफाइनल में अखरी माहिर ड्रैग फ्लिकर की कमी



**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुभवी गोलरक्षक सविता पूनिया की अगुआई वाली भारत की महिला हॉकी टीम का हंगजू(चीन) में 19 वें एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का सपना बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में चीन के हाथों 0-4 हार से टूट गया। भारत की टीम पूल में अपने तीन मैच जीत तथा दक्षिण कोरिया से मैच ड्रॉ खेल चार-चार मैचों में समान रूप से दस-दस अंकों के बाद अपने बेहतर गोल अंतर से शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंची थी। अब भारतीय महिला हॉकी कांसे के लिए भिड़ेगी। जियाकी जोंग के दूसरे क्वॉर्टर , मिरोंग जू के तीसरे क्वॉर्टर के अधबीच पेनल्टी कॉर्नर पर तथा मियू लियांग के चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में मैदानी तथा और बिफेंग गू के अंतिम मिनट में अंतिम पेनल्टी कॉर्नर पर दागे एक-एक गोल की बदौलत चीन की महिला हॉकी टीम ने भारत को पर 4-0 से आसान जीत के साथ फाइनल में स्थान बना स्वर्ण जीत ओलंपिक के लिए सीधे क्वॉलिफाई करने की उम्मीदें बरकरार रखा।

भारत ने तीसरे और आखिरी क्वॉर्टर में पांच पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन दूसरे और अंतिम पर नवनीत कौर के इनडायरेक्ट गोल को अमान्य कर दिए। सच तो यही है कि भारत को माहिर ड्रैग फ्लिकर की एशियाई खेलों में सबसे ज्यादा चीन के खिलााफ सेमीफाइनल में अखरी । चीन की महिला टीम ने अपने चार में से तीन गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए और यही उसकी जीत के साथ फाइनल में स्थान बनाने का बड़ा कारण रहा। भारत की टीम तीसरे क्वॉर्टर के आखिर तथा चौथे क्वॉर्टर के शुरू को छोड़ मैदान में कहीं दिखाई ही नहीं पड़ी।

चीन को पहले क्वॉर्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन उम्मीदों के मुताबिक भारत की कप्तान गोलरक्षक सविता ने ली होंग की इनडायरेक्ट इसे गोल में बदलने की कोशिश नाकाम कर दी। भारत की अग्रिम पंक्ति में सलीमा टेटे और संगीता कुमारी दो गेंद को लेकर चीन की डी में पहुंची लेकिन चीन की रक्षापंक्ति की मजबूत दीवार को पार करने में नाकाम रही। चीन की ऑस्ट्रेलियाई चीफ कोच एलिसा अन्नान की भारत के हमलों के वक्त उसकी स्ट्राइकर पर गेंद जाने पर अपनी टीम की तीन खिलाडियो को उनकी चौकसी पर लगाने की नीति कारगर रही।वहीं भारत की रक्षापंक्ति में अनुभवी फुलबैक दीपग्रेस एक्का व सुशीला चानू के साथ गोलरक्षक सविता पूनिया ने पूरी मुस्तैदी दिखाई। बदकिस्मती से चीन को मिले चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर वह जियाकी जोंग के पेनल्टी कॉर्नर का कोण भांपने से चूक गोल खा गई। भारत के लिए गोल करने का पहला बढ़िया अभियान दाएं से सलीमा टेटे ने मैच के 14 वें मिनट में बनाया लेकिन पूरी की पूरी चीनी टीम ने अपने किले की चौकसी पर आकर उनकी गोल करने की कोशिश नाकाम कर दी। पहले क्वॉर्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। चीन ने दूसरे क्वॉर्टर के दसवें मिनट जियाकी जोंग ने चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया।

## भारत ने ग्रुप मुकाबले चीनी ताइपे के बाद जापान को हराया

**हांगझोउ** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने गुरुवार को ग्रुप 'ए' के चौथे और अंतिम मुकाबले में जापान को 56-30 हरा दिया है। इससे पहले तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ 50-27 से जीत दर्ज की थी। इस जीत के साथ भारतीय कबड्डी टीम अपने ग्रुप ए के सभी चार मैचों में से चार जीतकर एशियन खेल 2023 कबड्डी सेमीफाइनल में जगह बनाने तक अजेय रही। चीनी ताइपे तीन जीत और भारत के खिलाफ एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रहा। बंगलादेश और थाईलैंड ने अपनी एकमात्र जीत जापान के खिलाफ दर्ज की।

सात बार के चैंपियन भारत का सेमीफाइनल में दो बार के रजत पदक विजेता पाकिस्तान से मुकाबला होगा, वहीं चीनी ताइपे का सामना मौजूदा चैंपियन ईरान से होगा।



एशियाई खेल 2023 में कबड्डी में पुरुषों का सेमीफाइनल शुक्रवार को ज़ियाओशान गुआली स्पोर्ट्स सेंटर में खेला जाएगा। सेमीफाइनल में हारने वाले खिलाड़ियों को भी कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। पवन सहरावत की अगुवाई में भारतीय टीम ने अपनी चौथी जीत के दौरान जापान को कुल 5 बार ऑल-आउट किया, पहले हाफ में 3 बार और दूसरे हाफ में 2 बार ऑल-आउट किया। कबड्डी मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल प्रदर्शन जारी रखा। भारत ने पहले हाफ में जापान की टीम को 3 बार ऑल-ऑउट और दो बोनस अंक हासिल करते हुए स्कोरशीट में कुल 35 अंक दर्ज किए। जबकि जापान की टीम ने 6 बोनस अंक हासिल करते हुए कुल 11 अंक दर्ज किए। दोनों ही टीमें इस दौरान कोई भी टेक्निकल और सुपर टैकल अंक हासिल नहीं कर सकीं। इसी के साथ पहला हाफ 35-11 के स्कोर पर समाप्त हुआ। दूसरे हाफ में जापान ने वापसी करते हुए भारत को कड़ी टक्कर दी और लगातार बोनस अंक बटोरने का सिलसिला जारी रखा। इस बीच भारतीय टीम जापान को एक बार फिर ऑल-आउट करने में सफल रही। जापानी खेमे से लगातार अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला, लेकिन भारत के डिफेंस ने अपना दबाव बनाए रखा। भारतीय टीम ने जापान के खिलाफ दूसरे हाफ में 21 अंक हासिल किए, जबकि जापान ने 19 अंक दर्ज किए।

## महिला एकल क्वार्टरफाइनल में सिंधु चीन से हारी

**हांगझोउ** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को गुरुवार को महिला एकल के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में चीन की खिलाड़ी से हारकर एशियाई खेलों से बाहर हो गई है।



आज यहां बिनजियांग जिम्नेजियम स्टेडियम में 47 मिनट तक चले मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु को पांचवें रैकिंग की चीन की हे बिंगजियाओ से 21-16, 21-12 से हार का सामना करना पड़ा।

दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता हे बिंगजियाओ ने क्वार्टरफाइनल मैच में शानदार शुरुआत की और 9-5 की बढ़त बनाई। वह पहले गेम की शुरुआत से पीवी सिंधु पर चीनी खिलाड़ी हावी रहीं। बिंगजियाओ ने शुरुआती बढ़त हासिल की और भारतीय खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी।

सिंधु ने अपने शॉट के जरिए अंक हासिल करने की पूरी कोशिश की। सिंधु ने लगातार तीन अंक हासिल किए और स्कोर को (16-18) किया, लेकिन बिंगजियाओ ने इस गेम को 21-16 से अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में चीनी बैडमिंटन खिलाड़ी ने शुरुआती (5-1) बढ़त बनाई। लेकिन सिंधु ने 8-8 से स्कोर बराबर किया, लेकिन इसके बाद चीनी खिलाड़ी ने इस गेम में 6 अंकों से बढ़त हासिल की और अपनी बढ़त को बरक़रार रखते हुए दूसरे गेम को 21-12 से जीत लिया। वहीं, पीवी को मैच में काफी संघर्ष करना पड़ा। सिंधु की हार के साथ महिला स्पर्धा में पदक की उम्मीद ख़त्म हो गई है। इससे पहले महिला एकल में अस्मिता चालिहा राउंड ऑफ 32 में हारकर बाहर हो गई थीं।

उल्लेखनीय है कि हांगझोउ में अपने मैच से पहले सिंधु पांच मैचों में से चार में चीनी खिलाड़ी को मात दे चुकी हैं।

## स्क्वैश में दीपिका-संधू ने मिश्रित युगल में स्वर्ण



**हांगझोउ,** 05 अक्टूबर (वार्ता) दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने गुरुवार को एशियाई खेलों के इतिहास रचते हुए स्क्वैश मिश्रित युगल स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता और सौरव घोषाल को पुरुष एकल मुकाबले में रजत मिला है।

आज यहां हुए मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने फाइनल में मलेशिया के आइफा अजमान और मोहम्मद सयाफिक कमाल को 11-10, 11-10 से हराया। इस जोड़ी ने अपने सभी एशियाड मुकाबलों में सिर्फ दो गेम गंवाए थे।

यह एशियाई खेलों में दीपिका का पहला स्वर्ण पदक है, जबकि संधू ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना तीसरा पदक जीता।

पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले सौरव ने पहले मुकाबले को 11-9 के अंतर से जीता लेकिन फिर 9-11, 5-11, 7-11 से हार का सामना करना पड़ा। सौरव घोषाल को मलेशिया के इयान यो एनजी से 3-1 से हार मिली।

सौरव घोषाल ने इससे पहले, एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम का हिस्सा थे। महाद्वीपीय प्रतियोगिता में उनकी मेडल टैली में पदकों की संख्या 10 हो गई है, जिसमें तीन टीम स्वर्ण, दो एकल रजत, तीन एकल कांस्य और दो टीम कांस्य पदक शामिल हैं।

## सेमीफाइनल से पहले भी खत्म हो सकता है पाकिस्तान का सफर: हरभजन

**मुबंई** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व फिरकी गेंदबाज हरभजन सिंह पाकिस्तान को मौजूदा विश्व कप का दावेदार नहीं मानते। उनकी नजर मे पड़ोसी देश का सफर विश्व कप के सेमीफाइनल से पहले भी खत्म हो सकता है।

क्रिकेटर से कमेंटेटर बने हरभजन ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के कार्यक्रम रोड टू द वर्ल्ड कप में अपने विचार रखते हुये कहा बल्लेबाजी पाकिस्तान की कमजोर कड़ी है और नसीम शाह के न खेलने से उनकी गेंदबाजी में गिरावट देखी जा सकती है। मेरा मानना है कि भारत इस बार खिताब का प्रबल दावेदार है मगर आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना प्रबल है और यदि सेमीफाइनल की चौथी टीम की बात की जाये तो इसमें दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिल सकता है। हरभजन के तर्क से पूर्व कोच रवि शास्त्री पूरा इत्तेफाक नही रखते। उनका मानना है कि सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये पाकिस्तान पूरा जोर लगायेगा। उन्होंने कहा, कई टीमों को चोटें आई हैं,



लेकिन मेरा मानना है कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत निश्चित रूप से सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। नसीम शाह के नहीं होने से पाकिस्तान की ताकत थोड़ी कम हो गई है मगर वे इन परिस्थितियों में अपने खेल को जानते हैं। मैं कहूंगा कि यह चौथी टीम के रूप में पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला होगा। हरभजन ने कहा सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली तीन टीमें मेरे लिए निश्चित हैं,इंग्लैंड, भारत और ऑस्ट्रेलिया। चौथी टीम कोई भी हो सकती है लेकिन हम पहले पाकिस्तान के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हाल ही में मैंने देखा है कि उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की है, वह बहुत नाजुक लग रही है। इसके अलावापाकिस्तान की मौजूदा स्पिन गुणवत्ता उनके पिछले दौर की तुलना में कम हुई है। उनकी टीम में सकलैन मुश्ताक, सईद अजमल, शाहिद अफरीदी, मुश्ताक अहमद जैसे बड़े स्पिनर थे मगर अब शादाब खान हैं लेकिन अब हाल ही में वह अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी नहीं कर रहे है, वह विकेट लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। वह 50-60 रन बनाने और कोई विकेट नहीं लेने से काफी खुश हैं। उन्होने कहा, इसलिए, मेरा मानना है कि उनकी स्पिन उतनी मजबूत नहीं है जितनी पहले हुआ करती थी और उनकी बल्लेबाजी बहुत नाजुक दिखती है। सच कहूँ तो, गेंद कब स्विंग करती है, उन्हें इसका अंदाज़ा ही नहीं होता। गेंद कब घूमी, उन्हें पता ही नहीं चलता। इसलिये मेरा मानना है कि मेरे लिए चौथी टीम या तो न्यूजीलैंड या दक्षिण अफ्रीका है। मैं पाकिस्तान को चौथी टीम के रूप में नहीं चुन रहा हूं।

# भारत का फाइनल में पलड़ा भारी, जरूरत है जापान के खिलाफ चौकस रहने की

■ **सत्येन्द्र पाल सिंह**

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय और नौजवान अभिषेक ने सही वक्त पर मैदानी गोल करने के साथ बराबर पेनल्टी कॉर्नर दिलाए और इनका बतौर ड्रैग फ्लिकर उसके कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने %ब्रह्मास्त्र' के रूप में पूरा इस्तेमाल कर गोल कर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हंगजू(चीन) में सेमीफाइनल सहित अजेय रह कर जीत' के छक्के साथ 19 वें एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। भारत की ताकत उसके मनदीप, ललित और अभिषेक जैसे स्ट्राइकरों हॉकी की कलाकारी और हरमनप्रीत सिंह सहित खतरनाक ड्रैग फ्लिकरों की त्रिमूर्ति के साथ बतौर टीम उसका बेहद फिट होना है । भारतीय हॉकी टीम मैच को जिस रफ्तार से शुरू करती है उसी से खत्म करने का भी दम रखती है। 13 वीं बार एशियाई खेलों फाइनल में पहुंचने वाली दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के सामने अब शुक्रवार को जवाबी हमले बोलने में माहिर आखिर तक टक्कर देने का जज्बा रखने वाली मौजूदा चैंपियन जापान की टीम होगी। पूरे रंग में चल रहे भारत का पलड़ा फाइनल में भारी है, लेकिन जरूरत जापान के खिलाफ पूरी तरह चौकस रहने की है। भारत और जापान दोनों ही स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने के मकसद से उतरेंगे और ऐसे में फाइनल में बेहद रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

भारत के लिए अमित रोहिदास की भूमिका बतौर रशर पेनल्टी कॉर्नर को रोकने, ड्रैग फ्लिकर के रूप में गोल करने के साथ बतौर डिफेंडर जापान के हमलों को नाकाम करने के लिहाज बेहद अहम होगी। भारत ने फाइनल तक के अपने सफर में छह मैचों में

- भारत की ताकत स्ट्राइकर मनदीप व अभिषेक के साथ ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत
- भारत के लिए रोहिदास की रशर, ड्रैग फ्लिकर व फुलबैक के रूप में भूमिका अहम



कुल 63 गोल किए हैं और इनमें 50 - मनदीप सिंह (12),हरमनप्रीत सिंह (11), अभिषेक (8), वरुण कुमार (8), ललित उपाध्याय(7) और अमित रोहिदास (चार)- छहों ने मिल कर दागे हैं। सबसे अहम बात यह है कि भारत के लिए इन खेलों में अब तक उसके 18 में से 15 खिलाडियों ने गोल किए हैं। कप्तान हरमनप्रीत ,वरुण कुमार, अमित रोहिदास और सुमित की अपनी डी से प्रतिद्वंद्वी टीम की %डी' में लंबे स्कूप से अपने स्ट्राइकरों के लिए गेंद आगे बढ़ा प्रतिद्वंद्वी टीम को छकाने की भारत की रणनीति खासी कारगर रही है। बस भारत के दोनों गोलरक्षकों पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक के साथ जर्मनप्रीत सिंह अकेले खिलाड़ी हैं, जो गोल नहीं कर पाए हैं। भारत के सबसे अच्छी बात यह है कि मनदीप, अभिषेक ने मैदानी गोल और रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर अहम मौकों पर गोल कर उसे बढ़त दिलाने के साथ दबाव हटाने में मदद की है। जापान की टीम भी भी बहुत हद दक्षिण कोरिया की तरह जवाबी हमलों और गोल करने के लिए पेनल्टी कॉर्नर पर निर्भर करती है। भारत ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल में पहले ही क्वॉर्टर में 3-0 की बढ़त लेने के बाद इसे और बढ़ाने की बजाय बरकरार रखने की जो गलती की उससे उसे शुक्रवार को फाइनल में जापान के खिलाफ बचना होगा।

## सार संक्षेप

### तारा शाह, आयुष शेट्टी ने बढ़ाया जीत का सिलसिला, उन्नति चैंपियनशिप से बाहर

**स्पोकेन (अमेरिका)।** तारा शाह और आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन विश्व जूनियर चैंपियनशिप के राउंड ऑफ-16 में आगे बढ़ते हुए अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जबकि उन्नति हुडा राउंड ऑफ-32 में हारकर बाहर हो गईं। लड़कियों के एकल मैच में टूर्नामेंट की तीसरी वरीयता प्राप्त तारा ने कनाडा की एलेना यू के खिलाफ 3 मिनट तक चले करीबी मुकाबले में 23-21, 21-16 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। लड़कों के एकल वर्ग में आयुष को इंडोनेशिया के मुहम्मद रजा अल फजरी से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। हालांकि, पहला गेम हारने के बाद मुहम्मद ने जोरदार वापसी की, लेकिन आयुष ने धैर्य दिखाया और अंततः 21-14, 13-21, 21-19 से मुक़ाबला जीत लिया। मिश्रित युगल में सात्विक रेड्डी कनापुरम और वैष्णवी खडकेकर की जोड़ी का सामना सिंगापुर के नगे जू जिन और जिओ एन हेंग से हुआ। शुरुआती झटके के बावजूद, उन्होंने शानदार वापसी की और अंतिम गेम में 19-21, 21-1, 21-7 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। दूसरे मिश्रित युगल मुकाबले में समरवीर और राधिका शर्मा ने एक और करीबी मुकाबले में मलेशिया के ब्रायन जेरेमी गूनटिंग और चान वेन त्से को सीधे गेमों में 21-19, 21-18 से हराया। अन्य लड़कियों के एकल वर्ग में उन्नति हुडा को टूर्नामेंट की शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान की टोमोका मियाज़ाकी ने 21-13, 21-13 से हराया।

### बहरीन ने तीसरी बार महिला मैराथन जीती, चीन ने पहला पुरुष स्वर्ण जीता

**हांगझोउ।** एशियाई खेलों के पुरुष मैराथन में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले चीनी एथलीट बन गए, जबकि बहरीन की यूनिस चेबिची पॉल चुंबा ने गुरुवार को स्वर्ण पदक जीतकर अपनी स्थिति बरकरार रखी। कियानतांग रिवर ग्रीन बेल्ट कोर्स में चल रहे आयोजनों में, रोज़ चेलिमो (जकार्ता-पालेमबांग 218) और यूनिस जेपकिरुई किरवा (गुआंगज़ो 214) की सफलताओं के बाद, चुम्बा बहरीन की लगातार तीसरी महिला मैराथन विजेता बन गई। चुम्बा ने कहा, यह पहली बार है जब मैंने एशियाई खेलों या किसी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। सभी लोग मेरे लिए चिल्ला रहे थे, जिसने मुझे जीतने के लिए प्रेरित किया, मुझे फिनिश लाइन तक पहुंचाया। मेरे प्रतिस्पर्धी वास्तव में मजबूत हैं, और हम सभी एक-दूसरे को धक्का दे रहे थे। चुम्बा 2 घंटे 26 मिनट 14 सेकेंड में 1:41 मिनट में चीन के झांग देशुन से आगे दूसरे स्थान पर रही। कजाकिस्तान की सरदाना ट्रोफिनोवा ने कांस्य पदक जीता। झांग, जो जकार्ता-पालेमबांग 218 महिलाओं की 1 मीटर में तीसरे स्थान पर थी, को अपने नए अनुशासन में अपनी उपलब्धि पर गर्व था।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.04 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.30 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.71 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 2.46 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.83 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.59 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.48 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.23 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम गुरुवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# कंपनी को बैंक ऋण के लिए दी गई कॉर्पोरेट गारंटी पर लग सकता है 18 फीसदी जीएसटी

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। जीएसटी परिषद मूल कंपनियों द्वारा अपनी सहायक कंपनियों को बैंकों से ऋण प्राप्त करने के लिए दी गई कॉर्पोरेट गारंटी पर 18 प्रतिशत की कर लगाने की संभावना पर विचार कर सकती है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, यह मुद्दा हाल ही में आयोजित विभिन्न बैठकों के दौरान जीएसटी परिषद की कानून समिति द्वारा उठाया गया था।

समिति का विचार है कि कॉर्पोरेट गारंटी एक तरह की आपूर्ति है जो 18 प्रतिशत जीएसटी ब्रैकेट में आती है। इसलिए यह कॉर्पोरेट गारंटी पर भी लागू होनी चाहिए। कानून समिति ने कॉर्पोरेट गारंटी प्रदान करने के लिए आयकर अधिनियम के तहत सेफ हार्बर रूल के अनुरूप मूल्यांकन नियमों को अपनाने की सिफारिश की है। इन नियमों के तहत, पात्र अंतरराष्ट्रीय लेनदेन में, न्यूनतम स्वीकार्य कमीशन/शुल्क गारंटी राशि का एक प्रतिशत है।

इसलिए, यह प्रस्तावित किया गया कि जीएसटी के तहत संबंधित पार्टी लेनदेन के मामले में भी इसे अपनाने पर विचार करने की आवश्यकता है। अंतिम फैसला शनिवार को जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा। कॉर्पोरेट गारंटी, समूह कंपनियों के बीच एक व्यवस्था है जिसके द्वारा एक मूल कंपनी किसी बैंक से ऋण सुविधाएं हासिल करते समय एक सहायक कंपनी के लिए गारंटर के रूप में कार्य



करने के लिए सहमत होती है। ये व्यवस्थाएं या तो बिना किसी प्रतिफल के या ऋण राशि पर मामूली कमीशन के साथ निष्पादित की जाती हैं। जीएसटी परिषद इस मुद्दे पर भी विचार कर सकती है कि क्या निजी गारंटी या किसी कंपनी के लिए प्रमोटरों/निदेशकों दी गई गारंटी पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाना चाहिये। निजी गारंटी के मामले में, कानून समिति ने भारतीय रिज़र्व बैंक के आदेश का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि ऋण लेने के लिए बैंक को व्यक्तिगत गारंटी प्रदान करने के बदले कंपनी द्वारा निदेशक को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कमीशन, ब्रोकरेज शुल्क या किसी अन्य रूप में कोई भुगतान नहीं किया जा सकता है।

## 400 प्रतिशत जीएसटी बढ़ोतरी की आशंका के बीच भारतीय गेमिंग प्लेटफॉर्म विंजो ने ब्राजील में की इंट्री

नई दिल्ली। देश में गेमिंग कंपनियों पर जीएसटी में 400 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी की आशंका के बीच घरेलू स्थानीय भाषा के सोशल गेमिंग प्लेटफॉर्म विनजो ने गुरुवार को ब्राजील में अपना ऐप लॉन्च करने की घोषणा की। विंजा ब्राज़ील में 100 से अधिक साझेदार गेम डेवलपर्स के लिए वितरण और ब्रांडिंग में 2.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगा। विंजो के सह-संस्थापक पावन नंदा ने कहा, हमने एक तकनीकी स्टैक बनाया है जो आज भारत के 15 करोड़ से अधिक युवा यूजर्स को सेवा प्रदान करता है और इसे दुनिया भर में बढ़ाया जा सकता है। कंपनी ने कहा कि ब्राजील के बाजार में प्रवेश करने का निर्णय भारत में जीएसटी में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी से सभी कंपनियों के लिए यहां उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने और विविधता लाने के रणनीतिक दृष्टिकोण से प्रेरित है। इस कदम से प्लेटफ़ॉर्म के साझेदार गेम डेवलपर्स को कैरम, शतरंज, कार रेस आदि जैसे गेम निर्यात करने में मदद मिलेगी और नौ करोड़ से अधिक यूजरों के साथ चौथे सबसे बड़े मोबाइल गेमिंग बाज़ार ब्राज़ील तक मुफ्त पहुंच प्राप्त होगी।

## भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर : सीतारमण



**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि अभी भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

श्रीमती सीतारमण ने श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 97वें वार्षिक दिवस कार्यक्रम में कहा कि वर्ष 2013-14 में भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। अगले कुछ सालों में यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्थिरता और नीतियों में सुधार का लाभ मिल रहा है। सरकार की निर्णय लेने की क्षमता से भारतीय अर्थव्यवस्था का तेजी से विस्तार हो रहा है। इनके कारण भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में कोई बाधा नहीं है।

वित्त मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान ना तो हमने विदेश से कर्ज लिया और ना ही जमकर पैसे छापे। जो लोग उस समय करेंसी छापने की वकालत कर रहे थे, वे लोग ही आज राजस्व घाटे पर सवाल उठा रहे हैं। आर्थिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि इस समय फर्टिलाइजर, फूड और फ्यूल को लेकर पूरी तरह अनिश्चितता की स्थिति है। यह नहीं पता है कि अनाज की आपूर्ति काला सागर के रास्ते से होगी या फिर किसी और रास्ते से। यही हाल फर्टिलाइजर और फ्यूल मार्केट का है। यहां उतार चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। पूरा वैश्विक सप्लाई चेन बिगड़ा हुआ है।

## भारत में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सितंबर में 13 साल के उच्चतम स्तर पर : एसएंडपी सर्वे



**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत का सेवा क्षेत्र सितंबर में मजबूत गति से बढ़ा है। सकारात्मक मांग के माहौल में नए कारोबार और उत्पादन को बढ़ावा मिला है। ये बात गुरुवार को जारी एसएंडपी ग्लोबल सर्वे में कही गई है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अगस्त में 60.1 से बढ़कर सितंबर में 61.0 हो गया, जो उत्पादन में तेज वृद्धि का संकेत देता है जो 13 साल में सबसे मजबूत है।

काम का बोझ बढ़ने और क्षमताओं पर हल्के दबाव का सामना करने के साथ, नौकरियों की संख्या ऐतिहासिक रूप से उच्च दर से बढ़ती रही। सर्वे में कहा गया है कि सेवा कंपनियों ने उम्मीदें बरकरार रखी हैं, सेंटीमेंट्स नौ साल में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं।

सितंबर में उत्पादन में विस्तार आमतौर पर प्रभावी विपणन, अच्छी मांग की स्थिति और नए व्यवसाय की मजबूत आमद से जुड़ा था। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में इकोनॉमिक्स एसोसिएट डायरेक्टर पोलीन्ना डी लीमा ने कहा, नवीनतम पीएमआई नतीजे भारत की सेवा अर्थव्यवस्था के लिए और अधिक सकारात्मक खबरें लेकर आए हैं।

## खुले बाजार के लिए 1.89 लाख टन गेहूं, पांच हजार टन चावल की बिक्री

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार ने गुरुवार को बताया कि उसने खुले बाजार के लिए और 1.89 लाख टन गेहूं तथा पांच हजार टन चावल की बिक्री की है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार खुली बाजार बिक्री योजना (घरेलू) (ओएमएसएस[डी]) के तहत 15वीं ई-नीलामी के दौरान 2255 बोलीदाताओं को कुल 1.89 लाख टन गेहूं और पांच हजार चावल की बिक्री की गई। विज्ञप्ति के अनुसार गुरुवार को आयोजित इस ई-नीलामी में देशभर के 481 डिपो से 2.01 लाख टन गेहूं और 264 डिपो से 4.87 लाख टन चावल की बिक्री की पेशकश की गई थी। चावल, गेहूं और आटे की खुदरा कीमत को नियंत्रित करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप की भारत सरकार की पहल के एक भाग के रूप में, गेहूं और चावल दोनों की साप्ताहिक ई-नीलामी आयोजित की जाती है। ई-नीलामी में गेहूं और चावल दोनों के लिए 2447 सूचीबद्ध



खरीदारों ने भाग लिया। पूरे भारत में अच्छे औसत किस्म के गेहूं का आरक्षित मूल्य 2150 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया था। जबकि बिक्री औसत भारित 2185.05 रुपये/क्विंटल के भाव पर की गयी थी। इसी तरह कम गुणवत्ता के गेहूं का आरक्षित मूल्य 2125 रुपये प्रति क्विंटल था और बिक्री औसतन 2193.12 रुपये प्रति क्विंटल पर हुई। इसी तरह चावल की बिक्री के लिए आरक्षित मूल्य 2932.83 रुपये प्रति क्विंटल रखा। इसके मुकाबले औसत मूल्य 2932.91 रुपये प्रति क्विंटल बिक्री हुई है।

### हरियाणा, पंजाब, तमिलनाडु में 12.21 लाख टन धान की सरकारी खरीद


तीन राज्यों हरियाणा, पंजाब, तमिलनाडु में अब तक खरीफ विपणन मौसम 2023-24 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के तहत कुल 12.21 लाख टन धान की सरकारी खरीद की गयी है। केंद्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार इससे 99,675 किसानों को लाभ हुआ है। विज्ञप्ति के अनुसार खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में धान की खरीद की शुरुआत हाल ही हुई है। इसके तहत 03 अक्टूबर तक तमिलनाडु, पंजाब और हरियाणा राज्यों में 12.21 लाख टन धान की खरीद की गई है, जिससे 99,675 किसानों को 2689.77 करोड़ रूपए के एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) का लाभ हुआ है।

# गिरावट से उबरा शेयर बाजार

**मुंबई** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट और अमेरिकी श्रम आंकड़ों में नरमी से विश्व बाजार की बढ़त से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर में दो दिन बाद तेजी लौट आई।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 405.53 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत की छलांग लगाकर 65631.57 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 109.65 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19545.75 अंक पर पहुंच गया। वहीं, बीएसई का मिडकैप 0.03 प्रतिशत फिसलकर 31,866.42 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.59 प्रतिशत की तेजी लेकर 37,649.51 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3785 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2278 में लिवाली जबकि 1384 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां हरे जबकि शेष 15 लाल निशान पर रही।

बीएसई में एफएमसीजी, हेल्थकेयर, दूरसंचार, यूटिलिटीज, धातु और पावर समूह की 0.56 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 14 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.13, सीडी 0.93, ऊर्जा 0.19, वित्तीय सेवाएं 0.41, इंडस्ट्रियल्स 0.95, आईटी 0.98, ऑटो 0.81, बैंकिंग 0.69, कैपिटल गुड्स 1.31, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.92, तेल एवं गैस 0.19, रियल्टी 0.38, टेक 0.83 और सर्विसेज समूह के शेयर चढ़ गए।





अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.41, जापान का निक्केई 1.80, हांगकांग का हैंगसेंग 0.10 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.04 प्रतिशत की नरमी रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 372 अंक की तेजी लेकर 65,598.26 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,443.34 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 65,753.20 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,226.04 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत की उड़ान भरकर 65,631.57 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 86 अंक चढ़कर 19,521.85 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,487.30 अंक के निचले जबकि 19,576.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,436.10 अंक की तुलना में 0.56 प्रतिशत की छलांग लगाकर 19,545.75 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एलटी 2.35, टाइटन 1.54, टीसीएस 1.48, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.19, इंफोसिस 1.19, आईसीआईसीआई बैंक 1.09, एसबीआई 1.08, एक्सिस बैंक 1.00, टाटा मोटर्स 0.99, मारुति 0.82, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.59, विप्रो 0.46, भारती एयरटेल 0.39, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.37, एचडीएफसी बैंक 0.33 और इंडसइंड बैंक 0.09 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, नुकसान उठाने वाली कंपनियों में पावरग्रिड 1.26, एनटीपीसी 0.47, नेस्ले इंडिया 0.46, एचसीएल टेक 0.26, बजाज फाइनेंस 0.07, टाटा स्टील 0.04 और रिलायंस 0.02 प्रतिशत शामिल है।

## मिंत्रा बिग फैशन फेस्टिवल की शुरुआत कल से




**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑनलाइन फैशन मार्केटप्लेस मिंत्रा ने अपने सबसे बड़े फेस्टिव फैशन महोत्सव, बिग फैशन फेस्टिवल (बीएफएफ) की घोषणा की है जो सात अक्टूबर से शुरू हो रहा है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि मिंत्रा के बीएफएफ के इस चौथे संस्करण में फैशन, ब्यूटी, और लाइफस्टाइल के 6000 से ज़्यादा ब्रांडों के 23 लाख से अधिक स्टाइल मिलेंगे। इस फैशन कार्निवल में 80 लाख से ज़्यादा ग्राहकों द्वारा खरीददारी किए जाने का अनुमान है। प्लेटफ़ॉर्म का यह प्रमुख वार्षिक फेस्टिव शॉपिंग बोनांज़ा 7 अक्टूबर से शुरू होगा। इस महोत्सव में गैर-मेट्रो शहरों के ग्राहकों के पसंदीदा ब्रांडों के 5 लाख से ज़्यादा नये स्टाइल एकत्रित किए गये हैं। इस अवधि में बढ़ने वाले यातायात और प्लेटफ़ॉर्म पर आने वाले हर खरीददार के लिए शॉपिंग का सुगम व आसान अनुभव सुनिश्चित करने के लिए मिंत्रा ने अपने सिस्टम को एक साथ 10 लाख ग्राहकों को संभालने के लिए तैयार कर लिया है। इस साल इस पर शो-स्टॉपर्स, बीएफएफ स्पेशल और रिवार्ड्स जैसी फेस्टिव-सेंटर्ड कैटेगरीज़ भी उपलब्ध होंगी।

इस प्लेटफ़ॉर्म पर 150 से अधिक नए लॉन्च, क्रॉस-ब्रांड गठबंधन और दिलचस्प सेलेब×ब्रांड क्रॉसओवर के साथ 'बीएफएफ स्पेशल्स' का अद्वितीय हीरो संग्रह मिलेगा। इन त्योहारों पर फैशन एवं ब्यूटी के अलावा जिन उभरती हुई श्रेणियों में माँग बढ़ने की उम्मीद है, उनमें होम प्रोडक्ट्स, लगेज, ट्रैवल एवं एक्सेसरीज़, जूते और हैंडबैग शामिल हैं।

## सार संक्षेप

### कॉपर प्लांट का रखरखाव आगे बढ़ने के साथ थूथुकुडी को नई सुबह की उम्मीद

**नई दिल्ली।** स्टरलाइट कॉपर स्मेल्टर परिसर से 75 प्रतिशत से अधिक संचित जिप्सम को 26 जून से 3 सितंबर के बीच हटा दिया गया है और शेष 3` मीट्रिक टन आने वाले सप्ताहों में बेचे जाने की उम्मीद है। इसके साथ ही कंपनी मई 223 के सुप्रीम कोर्ट के रखरखाव आदेश को पूरा करने की राह पर है। जिला कलेक्टर द्वारा नियुक्त नौ सदस्यीय स्थानीय स्तर की निगरानी समिति अब महत्वपूर्ण गतिविधियों की देखरेख कर रही है, जिसमें जिप्सम अवशेषों की निकासी, हरित पट्टी का रखरखाव और जंगली झाड़ियों और सूखे पेड़ों को हटाना शामिल है। सामुदायिक समूहों और नागरिकों के बीच भी प्रत्याशा की भावना है क्योंकि जब सुप्रीम कोर्ट मामले की सुनवाई फिर से शुरु करेगा तो उन्हें अनुकूल परिणाम की उम्मीद है। स्टरलाइट कॉपर की प्रवर्तक कंपनी वेदांता समूह ने भी परिचालन फिर से शुरु करने के लिए अनुबंध के आधार पर कच्चे माल और कुशल तथा अर्ध-कुशल श्रमिकों की आपूर्ति के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करनी शुरु कर दी है। हालांकि परिचालन फिर से शुरु करना शीर्ष अदालत के फैसले पर निर्भर करेगा। उल्लेखनीय है कि इन ईओआई में स्थानीय और क्षेत्रीय आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो समुदाय के हित के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। व्यापार निकायों, ठेकेदार संघों और अन्य सहायता समूहों ने स्मेल्टर प्लांट को तत्काल फिर से खोलने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री, सांसदों और जिला कलेक्टर से बार-बार अपील की है, जो 25` से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर और आजीविका को पुनर्जीवित करेगा।

### इंडिगो ने दिल्ली-हांगकांग उड़ान फिर से शुरू की

नई दिल्ली। इंडिगो ने गुरुवार को दिल्ली और हांगकांग के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरु कर दीं। 22 की शुरुआत में कोविड-19 महामारी के कारण सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गई थीं। एक एयरलाइन अधिकारी ने यह जानकारी दी। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा, इस बहाली का मकसद दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण व्यापार और यात्रा केंद्र के बीच समृद्ध सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता का लाभ उठाते हुए रणनीतिक संबंधों को मजबूत करना है। अधिकारी ने कहा, ये उड़ानें आगामी शीतकालीन कार्यक्रम के दौरान व्यावसायिक और छुट्टी बिताने वाले यात्रियों को सेवा प्रदान करेंगी, जिससे बेहतर उड़ान विकल्प और निर्बाध यात्रा अनुभव मिलेगा। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, वैश्विक कनेक्टिविटी और पहुंच बढ़ाने की हमारी रणनीति के अनुरूप, हम दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय केंद्रों और वाणिज्यिक बंदरगाहों में से एक, दिल्ली से हांगकांग के लिए उड़ानें फिर से शुरु करने के लिए उत्साहित हैं। जैसे-जैसे यात्रा परिदृश्य विकसित हो रहा है, हम विभिन्न अंतरराष्ट्रीय यात्रा विकल्पों की बढ़ती मांग की उम्मीद करते हैं। यह मार्ग यात्रियों को हांगकांग और उससे आगे तक पहुंचने में मदद करेगा। इंडिगो हमारे व्यापक 6ई नेटवर्क पर किफायती, समय पर और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल सस्ता

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल सस्ता हो गया जबकि मीठे में तेजी रही वहीं अनाज में मिलाजुला रुख रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 75 रिंगिट फिसलकर 3571 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.77 सेंट की गिरावट के साथ 55.22 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल में आई गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सूरजमुखी तेल 146 रुपये और पाम ऑयल 333 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी 100 रुपये और गुड़ 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रूख रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## भारतीय माइक्रोन्यूट्रिएंट बाजार होगा 15 करोड़ डॉलर का

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय कृषि माइक्रोन्यूट्रिएंट बाजार 2022 में 57.16 करोड़ डॉलर का था जिसके वर्ष 2029 तक बढ़कर 105.76 करोड़ डॉलर होने का अनुमान है।

इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन (आईजेडए) ने फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) के सहयोग से आज यहां आयोजित ग्लोबल माइक्रोन्यूट्रिएंट शिखर सम्मेलन के दूसरे संस्करण में विशेषज्ञों ने यह अनुमान व्यक्त किया। इस सम्मेलन का आईजेडए के अध्यक्ष और हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने शुभारंभ किया।

फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महानिदेशक अरविंद चौधरी और रियो टिंटो के कंट्री हेड इंडिया विक्रम मर्चेंट, विशेष अतिथि थे। मिट्टी, फसलों और मानव स्वास्थ्य में माइक्रोन्यूट्रिएंट की कमी के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करने के लिए अन्य प्रमुख विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के साथ ही भारतीय डाक के दिल्ली सर्कल की चीफ पोस्टमास्टर जनरल मंजू कुमार, केपीएमजी इन इंडिया, हैदराबाद के पार्टनर कुचिभोटला श्रीनिवासय और इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन के निदेशक साउथ एशिया (जेडएनआई) डॉ. सौमित्रा दास उपस्थित थे।

इसमें देश विदेश के 200 से अधिक लोगों ने



भाग लिया। इस दौरान विशेषज्ञों ने हाल में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुये कहा कि भारतीय कृषि माइक्रोन्यूट्रिएंट बाजार 2022 में 57.16 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2029 तक 105.76 करोड़ डॉलर होने का अनुमान है, जो 9.19 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ेगा। हाल ही में, भारतीय उपभोक्ताओं की प्राथमिकताएं स्वास्थ्यप्रद भोजन विकल्पों की ओर बढ़ी हैं जो स्वास्थ्य को बनाए रखने और सुधारने में सहायता कर सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप पोषक तत्वों से भरपूर फलों और सब्जियों जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की मांग में वृद्धि हुई है, जिससे भारतीय कृषि उद्योग में सूक्ष्म पोषक तत्वों की आवश्यकता बढ़ गई है।

इस मौके पर श्री दास ने कहा कि सर्वोत्तम स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में भारत की यात्रा हमारे आहार, स्वास्थ्य देखभाल और कृषि प्रथाओं में सूक्ष्म पोषक तत्वों के व्यापक एकीकरण पर निर्भर करती है। सूक्ष्म पोषक तत्व हमारे शरीर की मूलभूत प्रक्रियाओं की आधारशिला के रूप में काम करते हैं, समग्र जीवन शक्ति का पोषण करते हैं। ग्लोबल माइक्रोन्यूट्रिएंट शिखर सम्मेलन के माध्यम से, हम अपने दैनिक जीवन में, अपने भीतर और अपने कृषि प्रयासों दोनों में चरम प्रदर्शन के लिए उत्प्रेरक के रूप में माइक्रोन्यूट्रिएंट की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करने का प्रयास करते हैं। यह व्यक्तियों के लिए अपने शरीर के पोषण, दीर्घायु सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य प्रतिकूलताओं के खिलाफ मजबूती सुनिश्चित करने के गहरे प्रभाव को स्वीकार करना अनिवार्य है। वैश्विक स्तर पर, एक मजबूत, स्वस्थ और लचीली आबादी को बढ़ावा देने के लिए कृषि में माइक्रोन्यूट्रिएंट की अपरिहार्यता को पहचानना सर्वोपरि है। एफएआई के निदेशक श्री चौधरी ने कहा कि कृषि की जटिल प्रक्रिया में, माइक्रोन्यूट्रिएंट अज्ञात नायक हैं, जो विकास और प्रचुरता के जीवंत नृत्य को बढ़ावा देते हैं। ग्लोबल माइक्रोन्यूट्रिएंट समिट के साथ, हम माइक्रोन्यूट्रिएंट-समृद्ध उर्वरकों के उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करना चाहते हैं।

# छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

## कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग के सामने किया गया स्थापित,10 फीट की आकर्षक प्रतिमा



**बिलासपुर**,5 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी अस्मिता के प्रतीक छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा शहर के ह्रदय स्थल कलेक्टोरेट के समीप नगर पालिक निगम द्वारा स्थापित की गई है,जिसका अनावरण आज महापौर रामशरण यादव,पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक,अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभयनारायण राय और एमआईसी सदस्य अजय यादव ने किया। इस अवसर पर महापौर रामशरण यादव एवं अटल श्रीवास्तव ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य बनने के इतने वर्षो के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान और अस्मिता पर काम हुआ है। छत्तीसगढ़ी संस्कृति आज राज्य ही नहीं पूरे देश में सुर्खियां बंटोर रही है,यह सब छत्तीसगढ़ियां सरकार की वजह से हो पाया है। छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा ना सिर्फ छत्तीसगढ़ की पहचान है बल्कि बल्कि ढाई करोड़ लोगों की आस्था है। प्रतिमा अनावरण समारोह में आज नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत,जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल,मुख्य अभियंता नीलोत्पल तिवारी,जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप,कार्यपालन अभियंता प्रवीण शुक्ला,सब इंजीनियर भीमेंद्र गौतम समेत नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे

### 40 लाख की प्रतिमा,दुर्ग के कारीगरों ने किया तैयार

कलेक्टोरेट मल्टीलेवल कार पार्किंग के सामने स्थापित किए गए छत्तीसगढ़ महतारी की10 फीट की प्रतिमा को दुर्ग के कारीगरों द्वारा तैयार किया गया है। जिसकी लागत 40 लाख रूपये है।

## 3 वर्ष पूर्व गुम युवती को तखतपुर पुलिस ने दुर्ग से किया बरामद

**बिलासपुर**,5 अक्टूबर (देशबन्धु)। वर्ष 2020 में सुभाष नगर निवासी 23 वर्षीय युवती घर से बिना बताए कहीं चली गई थी, जिसकी सूचना परिजन द्वारा थाना तखतपुर में दर्ज कराया गया था। परिजन एवं पुलिस द्वारा गुम युवती की पतासाजी की रही थी, इसी बीच करीबन 02 वर्ष पूर्व युवती के परिजन को नांदघाट थाने से एक जली हुई शव मिलने की सूचना मिला, जिसे युवती के परिजन द्वारा पहचान कर शव को गुम युवती समझकर अंतिम संस्कार कर दिया गया था। तखतपुर पुलिस द्वारा गुम युवती के प्रकरण को सुलझाने का लगातार प्रयास किया जा रहा था। गुम युवती का दुर्ग मे होने की सूचना तखतपुर पुलिस को मिली, तब तखतपुर पुलिस द्वारा तत्परता से गुम युवती के परिजनों को साथ लेकर दुर्ग से गुम युवती को आज दिनांक 05.10.2023 को बरामद किया गया है।

## पंजाब विधायक डॉ. अमनदीप कौर ने किया चुनावी शंखनाद

**बिलासपुर**,5 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर में आज आम आदमी पार्टी ने विशाल बदलाव यात्रा निकाल कर चुनावी बिगुल फूंक दिया पजाब आम आदमी पार्टी की विधायक अमनदीप की अगुवाई में पार्टी के इस आयोजन में अप्रत्याशित भीड़ जुटी. क्षेत्रभर से आए हजारों लोगों की यह भीड़ चर्चा का विषय बनी हुई है। भीड़ देखकर गदगद पार्टी के पंजाब विधायक डॉ. अमन दीप कौर ने यह कह दिया कि यह कोई भीड़ नहीं, यह हमारे पार्टी के प्रति भावनात्मक लगाव है।



अमनदीप ने कहा, जनता उन दो पार्टियों को जान चुकी है. पहचान चुकी है, उनके वादाखिलाफी किसी से छुपी नहीं है. जनता ने जिस भाजपा को अपना पूरा समर्थन दिया इस पार्टी ने अपनी सरकार रहते कुछ विकास नहीं कराया. कांग्रेस ने भी इस इलाके का इसलिए उपेक्षा किया, क्योंकि यहां भाजपा को समर्थन देते थे।अमन दीप ने कहा, इस बिलासपुर में स्वास्थ्य व शिक्षा की कमी है, जिसे पूरा कर जनता को मूलभूत अधिकारों को दिलाने आप पार्टी न केवल चुनाव लड़ेगी, बल्कि हर वो लड़ाई लड़ेगी, जिससे जनता का भला हो सके। पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव व बिलासपुर विधान सभा से आप प्रत्याशी उज्वला कराड़े ने कहा कि पार्टी को सभी वर्गों का भरपूर समर्थन मिल रहा है. दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल छत्तीसगढ़ का भी विकास करेंगे. हमारी पार्टी की बदलाव यात्रा रैली तक सीमित नहीं रहेगी। इसे मतदान में बदलकर पूरी व्यवस्था को बदला जाएगा।

## चोरी की 4 बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर**,5 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा बिलासपुर जिले मे ''चोरी/नकबजनी'' पर अंकुश लगाने के आदेश के परिपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी कोतवाली) श्रीमति पूजा कुमार के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी सिरगिट्टी द्वारा टीम गठित कर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी क्रम मे मुखबीर से सूचना मिला कि भवान नगर निवासी निशांत नायडु उर्फ बाबू अन्ना नीला काला रंग के बिना नम्बर प्लेट होरी एचएफ डिलक्स मोसा मे घूम कर मोसा को ब्रिकी हेतु ग्राहक तलाश रहा सूचना पर थाना प्रभारी सिरगिट्टी द्वारा सिविल टीम गठित कर भवानी नगर सिरगिट्टी के पास निशांत नायडु को घेराबंदी कर मोसा सहित पकडा मोसा रखने के संबंध मे पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नही दे सका। संदेही को थाना लाकर कडाई से पूछताछ करने पर थाना सिरगिट्टी क्षेत्र के 1. तिफरा मुकबधीर स्कूल के पास से बिना नम्बर मोसा एचएफ डिलक्स, 2. सिम्स बिलासपुर के पास से लाल काला रंग का मोसा, 3. ट्रांसपोर्टनगर चकरभाठा से एक काला रंग का एक्टिवा, 4. तिफरा एण्डस्ट्रियल एरिया से एक काला रंग का मोसा होण्डा ड्रीम नियो चोरी करना बताया। आरोपी निशांत नायडु के निशादेही पर मेमोरेण्डम कथन लेखबध्द कर आरोपी के घर से चोरी हुये 04 नग मोसा बरामद कर आरोपी के विरूध्द धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवा उत्सव पर केंद्रीय मंत्री से मिले बिलासपुर के -धनेश रजक



**बिलासपुर**,5 अक्टूबर (देशबन्धु)। नेहरू युवा केन्द्र छत्तीसगढ़ द्वारा 5 व 6 अक्टूबर को रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर में प्रदेश स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पहले दिन के मुख्य अतिथि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर रहे, जहाँ वो करीब 9 बजे स्वामी विवेकानंद अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुचे जहाँ उनका स्वागत बिलासपुर के धनेश रजक ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया, और आने वाले समय में युवाओ की भागीदारी को लेकर चर्चा हुआ, जिसमे मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

**NECC**

| 06.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 503 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 110 | 200 |

डिलीवरी 518 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

## 16 ट्रेनों का परिचालन फिर से रद्द

**बिलासपुर**, 5 अक्टूबर(देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न सेक्शनों में गतिशीलता के उन्नयन और चल रहे विभिन्न सुरक्षा संबंधी रखरखाव कार्यों में सुधार एवं ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । यह यह कार्य विभिन्न तिथियों में किया जाएगा । इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द किया जा रहा है, जिसकी जानकारी इस प्रकार है।



### रद्द होने वाली ट्रेनें

6 अक्टूबर से अगले आदेश तक रायपुर से चलने वाली 08746 रायपुर–गेवरा रोड मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।7 अक्टूबर, से अगले आदेश तक गेवरा रोड से चलने वाली 08745 गेवरा रोड–रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।6 अक्टूबर से अगले आदेश तक बिलासपुर एवं शहडोल चलने वाली 08740/08739 बिलासपुर–शहडोल–बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।6 अक्टूबर से अगले आदेश तक रायपुर चलने वाली 08729 रायपुर–डोगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 7 अक्टूबर से अगले आदेश तक डोगरगढ़ चलने वाली 08730 डोगरगढ़–रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 6 अक्टूबर से अगले आदेश तक रायपुर एवं दुर्ग से चलने वाली 08701/08702 रायपुर–दुर्ग–रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 6 अक्टूबर से अगले आदेश तक इतवारी एवं बालाघाट चलने वाली 08714/08715 इतवारी–बालाघाट–इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 6 अक्टूबर से अगले आदेश तक गोंदिया एवं कटंगी चलने वाली 07805/07806 गोंदिया–कटंगी–गोंदिया डेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 6 अक्टूबर से अगले आदेश तक गोंदिया चलने वाली 07809 गोंदिया–कटंगी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 7 अक्टूबर से अगले आदेश तक कटंगी चलने वाली 07810 कटंगी–गोंदिया पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 6 अक्टूबर से अगले आदेश तक गोंदिया चलने वाली 08806 गोंदिया–वड़सा मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 7 अक्टूबर, 2023 से अगले आदेश तक वड़सा चलने वाली 08808 वड़सा–चान्दा फोर्ट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।7 अक्टूबर से अगले आदेश तक चान्दा फोर्ट चलने वाली 08805 चान्दा फोर्ट–गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।।6 अक्टूबर से अगले आदेश तक रायपुर चलने वाली 08721 रायपुर–डोगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 6 अ क्टूबर से अगले आदेश तक डोगरगढ़ चलने वाली 08723 डोगरगढ़–गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।7 अक्टूबर से अगले आदेश तक गोंदिया चलने वाली 08724 गोंदिया–रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन– 52158/91 डाक पंजीयन 112–002/2002 सी जी फोन– 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188